ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 09 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-352 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

वायु सेना ने अपने काम करने की क्षमतों... पेज 10 पर



नेक इरादा निभा रहे वादा

## सिंचाई की सुविधा से समृद्ध होंगे किसान




देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत

# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना

## शिलान्यास समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील सोरेन**
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र

**श्री निशिकान्त दुबे**
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र

**श्री इरफान अंसारी**
माननीय विधायक, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र

**श्री रणधीर कुमार सिंह**
माननीय विधायक, सारठ विधानसभा क्षेत्र

दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : ग्राम - सिकटिया, प्रखण्ड - सारठ, जिला - देवघर

**मुख्य बातें -**


**₹484.35** करोड़ से होगा निर्माण

**13,164 हे०** कुल सिंचित क्षेत्र

**1,11,174** कुल लाभान्वित ग्रामीण

**27** कुल लाभान्वित पंचायत

**190** कुल लाभान्वित गाँव



PR No. 308646 (Water Resource) 2023-24

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

## गागर में सागर

### टेपों के धक्के से छात्रा गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य रोड में टेपों के धक्के से टियूसन पढ़ने जा रही शगुफ्ता परवीण नामक16 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां के स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑन डियूटी मौजूद चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल छात्रा जपला दातानगर निवासी शमशेर अली की पुत्री हैं। बताया जाता हैं कि वह टियूसन पढ़ाई कर घर लौट रही थी, इसी क्रम में टेपों से धक्का लग गया।

### पाटन में बिजली की स्थिति भाड़े पर, जनता बेहाल

**पाटन।** पाटन-छतरपुर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने विद्युत महाप्रबंधक मेदिनीनगर को एक ज्ञापन देकर मांग किया। उन्होंने कहा कि ग्राम कुम्हवा स्थित विद्युत सब स्टेशन के चारों विद्युत फिडर को चालू करने के लिए सुठा और राजहरा को अलग फिडर से जोड़ा जाए। किशुनपुर क्षेत्र को कुम्हवा सब स्टेशन या पाटन सब स्टेशन से जोड़ा जाए। वहीं किशनपुर फिडर के रूट ज्यादा लंबा होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिसका लोड कम करने के लिए चारों फिडर से जोड़ा जाए। इस संबंध में पूर्व सांसद मनोज कुमार व पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी को प्रतिलिपि देकर अवगत कराया है। इस प्रकार बिजली का रवैया रहेगी तो जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने आंदोलन करने के लिए बिजली विभाग को चेतावनी दी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यवसाई की इलाज के दौरान मौत

**विश्रामपुर।** थाना मोड़ के समीप पिछले सप्ताह हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यवसाई जयराम चौधरी की रविवार को इलाज के दौरान रांची के पारस हॉस्पिटल में मौत हो गई । जिससे पूरे नप क्षेत्र में मातम फैल गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले सप्ताह व्यवसाई जयराम चौधरी एक साथी के साथ बाइक से निकले थे। अपने घर से कुछ मीटर की दूरी पर थाना मोड़ के समीप पहुंचते ही टेंपू से उनकी बाइक की टक्कर हो गई थी। जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हे परिजन आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर लाया था। जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया था। वहीं स्थिति की नजाकत को समझते हुए चिकित्सको ने उन्हें रांची रेफर कर दिया था। जहां परिजनों ने उन्हें रांची के मशहूर पारस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। जहां रविवार सुबह पांच बजे के लगभग चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर व्यवसाई के मौत से परिजन, व्यवसाई वर्ग व स्थानीय लोग सहित नगर परिषद क्षेत्र में शोक को लहर व्याप्त है।

# पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**शराब माफिया मिट्टी की दीवार और झोपड़ी बनाकर व्यापक पैमाने पर शराब का निर्माण कर रहे थे**

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** छत्तरपुर सर्किल इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत कुंवर बांध में चल रहे एक अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। शराब माफिया मिट्टी की दीवार और झोपड़ी बनाकर व्यापक पैमाने पर शराब का निर्माण कर रहे थें। स्थल पर शराब बनाने के लिए प्लास्टिक के कई ड्राम में महुआ, गुड़ तथा पानी डाला हुआ पाया गया। जबकि महुआ और गुड़ बोरे में पैक कर भी रखा गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद 6 ड्राम जावा महुआ सहित शराब बनाने के उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गये। बावजूद पुलिस इस धंधे में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी अभियान में एएसआई सुरेन्द्र सिंह, संजय मिंज सहित आईआरबी के कई जवान शामिल थे।



# बिजली चोरी के आरोप में 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

## विद्युत विभाग ने 1.21 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत बारह लोगों को अवैध रुप में बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया है। इन पर बिजली मीटर लगाने के बाद भी अलग से अवैध उपयोग करने का आरोप लगा है। बिजली का अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने पर इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त सभी लोगों पर 1 लाख 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें मुनि सिंह चौक के जीवनंदन राम और अजीत कुमार तिवारी, संडा गांव के प्रेम कुमार, राजकेश पासवान और बसंत पासवान, झरगाड़ा गांव निवासी सुदेश ठाकुर, ब्रीजमोहन ठाकुर, जनेश्वर ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर और मदन प्रसाद गुप्ता आदि पर जुर्माना लगाया गया है। इस अभियान में प्रदीप कुमार के अलावा, सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, राज कुमार यादव, उबैद अहमद आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाये राशि का भुगतान कर सकते हैं।



### ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर सड़क की मरम्मत की

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत पिठौरा गांव के भऊलाहा आहार के मेढ़ पर बनी सड़क इतनी जर्जर था कि लोगों को चलना भी मुश्किल हो गया था। सड़क मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अंततः ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत के मुखिया प्रियंका तिवारी तथा समाजसेवी विकास तिवारी के पास पहुंचे, तो मुखिया प्रियंका तिवारी ने श्रमदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। समाजसेवी विकास तिवारी के नेतृत्व में उक्त सड़क को मरम्मत करने का बीड़ा उठाया और ग्रामीणों ने सड़क पर मिट्टी मोरंग आदि डालकर मरम्मत किया। सड़क पर बने बड़े-बड़े गढ़ों को भरकर आने-जाने लायक बनाया। मौके पर समाजसेवी प्रफुल पाठक, दिनेश सिंह, प्रिंस कुमार, सुधीर सिंह, मलखान, शिव सागर सिंह, नीतीश कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# शादी का झांसा देकर एससी युवती के साथ बनाया शारीरिक संबंध

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक हरिजन युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती ने हुसैनाबाद महिला थाना में हुसैनाबाद के एक गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह व उसके परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में युवती ने कहा है ओम प्रकाश सिंह से विगत एक वर्ष से अधिक समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था और मुझसे शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। जब शादी का दबाव बनाया गया तो वह गांव में मांग में सिन्दूर भर दिया। वहीं जपला, बैंगलोर समेत कई जगहों पर ले जाकर शारीरिक संबंध स्थापित किया। पीड़िता ने बताया कि जब मैंने उसे कहा कि अब तुम अपने घर ले चलो तो वह मुझे मेरे घर पंहुचा दिया और भरोसा दिलाया की जल्द ही तुम्हें अपने घर ले जायेंगे। लेकिन वह मुझे अपने घर नहीं ले गया। जब मेरे परिजन और अन्य लोग जब उसके घर पूछने गये तो उसके परिजनों ने गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए इस शादी से इंकार कर दिया। वहीं ओम प्रकाश सिंह ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। युवती ने न्याय की गुहार लगाते हुए इंसाफ की मांग की है। युवती के लिखित आवेदन पर हुसैनाबाद महिला थाना में कांड संख्या 8/023 दर्ज करते हुए मामले की अनुसंधान शुरू कर दी है। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया की मामले की तफ्तीश गहनता से की जा रही है।



### वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**मेदिनीनगर।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कार्यकारिणी की बैठक दिन रविवार को सुबह 10 बजे से सर्किट हाउस( परिसदन भवन) डालटनगंज, पलामू,के सभागार में रखा गया था। परिसदन भवन का सभागार बुक हो गया था । लेकिन अकस्मात 8 अकतूबर को ही विधान सभा पुस्तकालय समिति का बैठक की चिठ्ठी रात में आ जाने के कारण बुकिंग कैंसल हो गया। जिसके चलते साहित्य समाज चौक के बगल में चेयरमैन रोड में मेवा चौधरी मेमोरियल हॉल में बैठक का आयोजन करना पड़ा। जिसमे निर्णय लिया गया कि पूरे पलामू प्रमंडल में सदस्यता अभियान चलाया जाये। साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा हुई।

### नगर निगम बनने के बाद विकास को मिली रफ्तार

**मेदिनीनगरा।** नगर निगम बनने के बाद हमारा पलामू शहर अधिकांश चौक चौराहे नये-नये पार्क की पुराने चेहरे बदल गये। मेयर-डिप्टी मेयर सहित पार्षदों ने नगर निगम के विकास की सर्वोच्च पद के लिए जनता ने उन्हें जीता कर विकास की नई जवाबदेही दे कर शहर को एक नया चेहरा बनने में खुब मदद किया है। नगर निगम का नगीना तो शुरूआत है। अब वह दिन भी दूर नहीं, जब जिले के सबसे प्राचीन शहरों में शामिल स्मार्ट सिटी बनकर उभरेगी और सूबे में पलामू शहर ही पार्कों का नया केंद्र बना हुआ है। और यह सब नगर निगम की पहली महापौर महिला की जाती है।नगर निगम से अब पीछे नहीं हटा जा सकता। वर्तमान समय के हिसाब से नगर निगम को जरूरत भी माना जा सकता है, लेकिन इससे सुविधाएं बढ़ने के साथ ही लोगों की दिक्कतें भी बढेंगी।शहर क्षेत्रों में बेहतर स्ट्रीट लाइट, पानी निकाली, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, बेहतर सड़कें का विकास तो हुआ है मगर अभी भी नगर निगम के सामने कई चुनौतियां सामने खड़ी हैं।अपनी शहरी योजनाओं की जो गांव नये वार्ड में बदलें गये है उनके सुरत बदलने होंगे।तभी तंग हो चुके पलामू शहर से अब लोग बड़ी तेजी से बाहर की तरफ निकलेंगे और नगर निगम में शामिल किए ग्रामीण क्षेत्र नए शहरों जैसा रूप लें।सब चाहते हैं कि शहर में भी तमाम सुविधाएं लोगों को मिलें और यह सिर्फ नगर निगम बनने के बाद अब विकास की गति भी बढ़नी चाहिए। और बढ़ी भी है जिससे लोगों की समस्याओं का अंत होगा। पार्किंग, शौचालय, पार्क, पक्की व बेहतर सड़कें, पक्के रास्ते, बेहतर जल निकासी, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रीट लाइट जैसे सभी सुविधाओं में इजाफा होगा और हुऐ भी।शहर व वार्ड वाशियो को उम्मीद थी की नगर निगम बनने के बाद कुछ ही वर्षों में एक विकसित शहर में स्थापित होगी और क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, तो नए शहरों को हम आने वाले कुछ वर्षों में विकसित होते हुए देखेंगे।

### मनातू के पदमा में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

**मनातू ।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम पदमा दुर्गा मंडप पुराना बाजार स्थित के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामदास साहू ने किया। संचालन कृष्ण कुमार निराला ने की। बैठक में बताया गया की वर्ष के आय व्यय पर चर्चा की गई। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया।दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाएगी। रामदास साहू ने कलश यात्रा एवं आरती में दो ग्रामीणों को सूचना देने हेतु दो संजय ठाकुर और अरबिंद ठाकुर को जिम्मेवारी दी गई है। संजय ठाकुर को पदमा,अमवाटोली, अब्दुलडीह,तेतरडीह भैसासुर,और अरबिंद ठाकुर को पन्नाडीह,बुधनडीह पकरियाडीह,तेलियादोहर,तिलो कैराडीह सभी श्रद्धालुओं को सूचना देने के बात कही गई हैं। रामदास साहू ने कलश यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आने का आगरा किया है।दिन रविवार को कलश यात्रा 9 बजे निकाली जाएगी। सतमी से नवमी तक भक्ति जागरण एवं झांकी का आयोजन की गई है। बैठक में मनातू जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला,सुरेंद्र कुमार सिंह,लक्ष्मण साहू, बिगू साहू, रामदयाल भुइयाँ,पचू राम,पत्रकार अनिल कुमार पदमा के पूर्व मुखिया प्रत्याशी कमलेश कुमार, कृष्ण कुमार निराला, आदि सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पथरा मुखिया एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के लिए केरल रवाना

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य व सीएसओ फोरम के सदस्य एक्सपोजर विजिट के लिए केरल रवाना हुए। जिसमे मुख्य रूप से पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र रविदास व कुसुम देवी, सीएसओ फोरम के संजय कुमार, विजय पासवान, वीरेंद्र कुमार महतो शामिल हैं। उक्त सभी प्रतिनिधि रांची पहुचे। रांची एयरपोर्ट से हवाई जहाज से केरल के लिए रवाना हुए। केरला के थ्रीसुर में आयोजित 8 से 12 अक्टूबर तक आयोजित आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिये चयन किया गया है। जहां सभी प्रतिनिधियों को किला केरला का एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। राज्य के पंचायती राज उप निदेशक के निर्देश पर हुसैनाबाद बीडीओ ने उन्हे भाग लेने हेतु सूचित किया था। उक्त सभी को वहां की सशक्त पंचायती राज व्यवस्था के बारे में अवगत कराया जाएगा। रवाना होने के पूर्व मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि पंचायत का विकास सर्वोपरी है। सीखे गए बातों को पंचायत विकास के लिये अमल करेंगे।

### विधायक ने किया वार्ड विकास भवन का शिलान्यास

**विश्रामपुर।** नगर परिषद् के 14, 13, 12, 11 व वार्ड संख्या 04 में वार्ड विकास भवन का शिलान्यास किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की शुरूआत वार्ड संख्या 14 में विधायक, सांसद प्रतिनिधि व कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण के साथ किया गया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा की यह कार्य नगर परिषद् को विकास की दिशा में ले जाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इन योजनाओं से समाज को सहयोग मिलेगा। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी ने विकास के कार्यों में पूरी निष्ठा से अपना कार्य करने पर बल दिया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, कनीय अभियंता विभूति भूषण तथा मुकेश कुमार, परवेज खान, विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय, इदरीश हवारी, रामचंद्र यादव, मजमुदिन अंसारी, सोनू दुबे, विजय रवि, आनंद कुमार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, किया रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** इटको मुख्यमार्ग के नावाडीह कला गांव के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी पहचान छिपादोहर खुर्द गांव निवासी संटू मिश्रा के रूप में हुई है। जिन्हे स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेला पूर्ति के नेतृत्व में मेडिकल टीम युवक की प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, युवक अपने पल्सर बाइक से विश्रामपुर बाजार की ओर आ रहा था। तभी नावाडीह गांव के समीप दो आवरा कुता उसके बाइक के सामने आ गया। जिसे बचाने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर बीजेएमसी जिला अस्पताल ऋतु राज मिश्रा, ड्रेसर,गौतम कुमार, राजेंद्र सोनी, रिंकू पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।



### जिप ने चार कमरों का किया शिलान्यास

**मोहम्मदगंज।** गोडाडीह पंचायत के भाली गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में डी एम एफ टी मद से जिला परिषद के द्वारा चार कमरा भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को जिला पार्षद अंजू देवी के प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और मुखिया शोभा देवी ने किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, उपाध्यक्ष अजित कुमार सिंह, सदस्य उदय सिंह, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## पलामू सांसद ने बस्ती सेवा अभियान कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बजार संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र स्थित पड़वा मोड़ से सटे भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मुसहर बस्ती जहां मुसहर समुदाय के लोग निवास करते हैं उन सभी का ख्याल करते हुए उनसे मिलने पहुंचे पलामू सांसद बीडी राम। उन्होंने वहां पहुंचकर बारी-बारी से सभी का ख्याल करते हुए सभी का हाल-चाल जाना वहीं मुसहर परिवार के लोगों ने अपनी समस्या से श्री राम को अवगत कराया। समस्या को सुनते हुए संसद ने हर संभव मदद करने की बात कही। वहीं उपस्थित मुसहर परिवार के लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया इस मौके पर उनके साथ उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव नावा बजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी रामरेखा चंद्रवंशी अरविंद पासवान शाहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक प्रत्याशी ने किया प्रेस बयान जारी

**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी आवाम पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी निषाद ने एक प्रेस बयान जारी कर अपने बयान में कहा है कि हिंदुस्तान के तमाम सम्मानित नेता गण सरकारी पदाधिकारी एवं सम्मानित मीडिया अधिकारी सभी आम नागरिक को मैं अपने पार्टी की ओर से हार्दिक स्वागत के साथ हार्दिक अभिनंदन पेश करता हूं। चौधरी ने अपने बयान में कहा है कि हम लोगों ने पिछले कई वर्षों से नावा मेन रोड से पांडू सिवान तक रोड निर्माण कार्य की लड़ाई लड़ते आया हूं लेकिन 30 को माननीय सांसद एवं विधायक के द्वारा इस कार्य को शिलान्यास कर इस लड़ाई की समाप्त कर दी गई है। इस रोड निर्माण कार्य कराने के लिए राज सरकार एवं केंद्र से भी लड़ाई लड़ी गई है।

## शिक्षक ने छात्र को दिया कंप्यूटर सेट

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** राज्यकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में विज्ञान विषय को सरल सहज तथा स्थानीय उदाहरण के द्वारा विद्यार्थियों को अच्छी समझ विकसित करने वाले भौतिक विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने सर पर पिता का साया नहीं होने वाले छात्र अनंत चौधरी खाम्डीह निवासी को एक कंप्यूटर सेट देकर अपना जन्मदिन मनाया। विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ इंजीनियर पंकज तिवारी के सहयोग से मैं अपना जन्म दिवस पर 16 वर्षों से लगातार रक्तदान कर मनाया करता था। परंतु इस इस वर्ष कुछ अलग हट कर सृजन करने की प्रवृत्ति रखा और अपने विद्यालय से वर्ष 2022 मे उत्तीर्ण विज्ञान विषय के छात्र अनंत चौधरी जिनके पिता जी की मौत 1 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना मे हो गया था। जिसे कंप्यूटर सेट प्रदान कर अपना जन्मदिन मनाया। श्री तिवारी ने कहा कि गरीबों की सेवा करने में मुझे बहुत ही आनंद मिलता है।

**पूर्व जिला परिषद सदस्य ने किया जिउतिया झूमर मेला का उद्घाटन**

# जीवन में सबसे ऊंचा स्थान मां का होता है: लवली गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी पंचायत में लोहरसी के चट्टी, राजा गोसाई, लेखाअहरा,तेली पट्टी सहित कई जगहों पर आयोजित झूमर मेला का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी पंचायत वासियों को जिउतिया पर्व की शुभकामनाएं दी। लवली गुप्ता ने कहा कि जिउतिया पर्व हिंदू धर्म में संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए किया जाता है। जीवन में माँ का स्थान सबसे ऊंचा होता है। वह दया और ममता की सागर होती है। मां अपने संतान के सुख के लिए बहुत दुख उठाती है, इस बात का साक्षी है कि 36 घंटे के निर्जला यानी बिना जल लिए उपवास रखकर माताएं अपने संतान के जीवन के सुख समृद्धि के कामना करती हैं। झूमर मेला का आयोजन कताओं में प्रमोद पासवान, बीना भुंइया, भोला, मुकेश, विनय मेहता आदि ने किया। समाज सेवी अनुप गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, महामंत्री विनोद प्रजापति, प्रभारी साधु मांझी, प्रदेश युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य उपेद्र गुप्ता, लोहरसी मंडल उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, समाजसेवी राजेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



**धरोहर**

**राजा मेदिनीराय तर्पण कार्यक्रम सह चेरो मिलन समारोह संपन्न**

# हिंदुस्तान की धरती पर महाराजा मेदिनी राय का शासन अतुलनीय : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के फुलवरिया गांव कल कल बहती औरंगा नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को राजा मेदिनीराय तर्पण कार्यक्रम सह चेरो मिलन समारोह का आयोजन मेदिनी युवा मंच पलामू प्रमंडल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, अप दूद्धी के पूर्व विधायक हरिराम सिंह, भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, सतबरवा थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व उपस्थित लोगों ने राजा मेदिनीराय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान राजा मेदिनीराय अमर रहे के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा। आदिवासी समाज के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस हिंदुस्तान की धरती पर महाराजा मेदिनी राय ने शासन किया। वह अतुलनीय थी। उनके बारे में आज भी एक बात चर्चित है कि महाराजा मेदिनीराय हर घर में दूध, दही, घी हो इसके लिए गाय, भैंस होंना जरूरी था। जिनके घर गाय भैंस नहीं हुआ करते थे , उनके घरों में राजा के द्वारा उपलब्ध कराया जाता था। इसलिए कहा जाता है, धनी - धनी राजा मेदनियां घर - घर बाजे मथनिया। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महाराजा मेदिनीराय का गौरवमयी इतिहास है। हम उस इतिहास को याद करें और अपने आप को हर क्षेत्र में स्थापित करें। आज इस लोकतंत्र में शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान है। शिक्षा की बदौलत आप हर ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं। समाज के लोग शिक्षा को अपनायें। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि हर क्षेत्र में समाज को आगे आना होगा, इसके लिए समाज को एकत्रित शिक्षा का अलख जागने की जरूरत है। इस मौके पर मौके पर पूर्व सीओ युगेश्वर सिंह चेरों, भरदुल सिंह, उमेश सिंह, अर्जून सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष उमेश सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, अनिल सिंह, अरविंद सिंह, सचिव गुड्डू सिंह, प्रवीण सिंह, विनोद सिंह, प्रचार प्रसाद प्रमुख यमुना सिंह समेत कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### पासवान समाज जिला पलामू कार्य समिति की बैठक संपन्न

**नौडीहा बाजार।** पासवान समाज पलामू जिला ने रविवार को पेंशनर भवन में कार्य समिति की बैठक हुई। जिसमें स्वर्गीय रामविलास पासवान की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। सबसे पहले सभी प्रखंड से आये सदस्यों ने श्री पासवान की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इस कार्य समिति की बैठक में संगठन को मजबूती के लिए सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। इस बैठक में मौजूद पासवान समाज पलामू जिला प्रमण्डल संयुक्त सचिव अनिरूद्ध पसवना, उपाध्यक्ष शिशंकर पासवान, संरक्षक, भागेश्वर पासवान, जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम, उपाध्यक्ष चतर्गुन, राम, सचिव पंकज पासवान, सचिव शंकर,संगठन सचिव जितेंद्र पासवान, सूबा पासवान, कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र राम,नौडीहा बाजार प्रखण्ड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, हुसैनाबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बिमलेश पासवान, हैदर नगर प्रखण्ड अध्यक्ष सुदर्शन मौजूद थे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 09 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-352 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



वायु सेना ने अपने काम करने की क्षमतों... पेज 10 पर




## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का रांची के हिल व्यू अस्पताल में इलाज चल रहा है। शनिवार रात सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। संभावना है कि जल्द ही उन्हें अस्पताल से छोड़ भी दिया जाएगा। अभी वो अस्पताल में ही इलाजरत हैं। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर स्निग्धा रॉय प्रिया ने बताया कि चिंता जैसी कोई बात नहीं है। देर रात उन्हें अस्पताल लाया गया था। रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन की वजह से सांस लेने में समस्या होना बताया है। उनका इलाज हो गया है। अब घबराने जैसी कोई बात नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है।

### धनबाद में तेज आवाज के साथ फटी धरती, तीन घर हो गए जमींदोज

**धनबाद।** धनबाद के बीसीसीएल अग्निप्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जिंदगी पर खतरा लगातार बरकरार है। ताजा मामला जोगता थाना क्षेत्र के जोगता 11 नंबर हरिजन बस्ती की है, जहां रविवार को तेज आवाज के साथ भयावह गोफ बन गया है। साथ ही उसमें से भारी मात्रा में गैस रिसाव भी हो रहा है। गोफ में अबतक 3 घर जमींदोज हो चुके हैं। घर के सारा समान पाताल में समा गया है। गोफ लगातार अपना दायरा भी बढ़ा रहा है, जिससे करीब आधा दर्जन से ज्यादा घर चपेट में आ गया है। गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। लोग अपने अपने घरों से समान निकालने में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों में बीसीसीएल के प्रति भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कनकनी आउटसोर्सिंग का परिवहन कार्य रोक दिया है। घटना के बाद से अभी तक कोई भी बीसीसीएल अधिकारी मौके पर नही पहुंची है।

### हाई कोर्ट के आदेश पर 9 रिटायर्ड कर्मियों की सेवा होगी नियमित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर राज्य अंतर्गत नौ सेवानिवृत लिपिकों की सेवा नियमित करने का फेसला लिया गया है। उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ भी दिया जायेगा। राज्य सरकार ने इस आश्य के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी है। ये विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हुए थे, लेकिन इनका समायोजन नहीं हुआ। दस साल से अधिक सेवा करते हुए रिटायरमेंट लिया था। इनमें मनोज कुमार सिन्हा, गुप्तेश्वर सिंह, जय मंगल प्रसाद शर्मा, राजन राम, राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र नारायण त्रिपाठी, नंद किशोर प्रसाद, मदन मोहन और कामेश्वर राम रवि हैं।

### मुख्य सचिव चार साल से लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को चार साल से लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। इसको लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने गृह सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव चार साल और इससे अधिक समय से लंबित कांडों की समीक्षा जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इससे पहले बीते पांच अक्टूबर को एडीजी अभियान ने जिले के एसएसपी और एसपी के साथ चार से लंबित कांडों की समीक्षा की थी।

## भारत ने जीत के साथ की अपने सफर की शुरुआत

**आईसीसी वल्ड कप के पांचवें मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेट से दी मात, विराट कोहली व केएल राहुल ने खेली अर्धशतकीय पारियां**

**चेन्नई।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए विश्व कप के 5वें मैच में भारत ने 6 विकेट से जीत हासिल की। छोटे लक्ष्य के बावजूद इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की सांसें अटकी रहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 199 रन बनाए। भारत की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रवींद्र जडेजा रहे जिन्होंने अपने 10 ओवरों में 28 रन देकर तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। रविचंद्रण अश्विन, मोहम्मद सिराज और हार्दिक पंड्या ने एक-एक विकेट लिया। भारत जब बल्लेबाजी करने आया तो सिर्फ 2 रन पर उसके शुरू के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। हालांकि विराट कोहली और केएल राहुल ने यहां से कहानी बदल दी। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में विराट कोहली और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट से जीत हासिल की। कोहली ने 85 रन बनाए, जबकि प्लेयर ऑफ द मैच राहुल मैच में सर्वाधिक 97 रन बनाकर नाबाद रहे।



## आक्रोशित ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर को बनाया बंधक

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** गढ़वा रोड- मुगलसराय मंडल के सीगसिगी रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही स्टेशन मास्टर को बंधक बना लिया। आक्रोशित लोग स्टेशन पर एलएचएस या आरयूबी निर्माण करने की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार गांव की एक गर्भवती महिला को दर्द होने की स्थिति में उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। जैसे ही वे रेलवे स्टेशन के निकट पहुंचे वहां रेलवे गेट बंद था। काफी देर बंद होने से महिला का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा था। जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया लोगों के द्वारा काफी अनुनय विनय के बाद भी गेट को यह कहते हुए नहीं खोला गया कि गाड़ियां आ रही हैं। वहीं लोगों के द्वारा बताया गया कि गेट 3 घंटे से बंद था। इस मामले की चर्चा पूरे गांव में फैल गई। इसके बाद गांव के आक्रोशित लोग लामबंद होकर स्टेशन परिसर में पहुंच गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर गढ़वा रोड आरपीएफ बनारसी



यादव व रेहला थाना पुलिस बल के साथ स्टेशन पहुंचे। लोगों को समझाते हुए मामले को शांत करा स्टेशन मास्टर को भी मुक्त कराया। इस बीच लगभग 1 घंटे तक रेलवे कार्य प्रभावित हुआ। आक्रोशित लोगों का कहना था कि गेट होने के कारण बराबर इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसों से एलएचएस या आरयूबी निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन रेल प्रबंधक के द्वारा इसकी जरूरत नहीं समझा जा रही। गर्भवती महिला के साथ हुई यह पहली घटना नहीं है। ऐसी कई घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान भी चली गई। निर्माण कार्य के लिए आगे भी लोगों के द्वारा आंदोलन करने की बात कही गई।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री बोले, पेश किया जा रहा है तनाव घटाने का विकल्प

# अनिवार्य नहीं होगी साल में दो बार बोर्ड परीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में साल में दो बार शामिल होना अनिवार्य नहीं होगा और एक बार अवसर मिलने के डर से होने वाले तनाव को घटाने के लिए यह विकल्प पेश किया जा रहा है। प्रधान ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और इस पर गंभीर चर्चा करने का समय आ गया है।



उन्होंने कहा, विद्यार्थियों के पास इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह ही साल में दो बार (10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड) परीक्षा में शामिल होने का विकल्प होगा। वे अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर चुन सकते हैं... लेकिन यह पूरी तरह से वैकल्पिक होगा, कोई बाध्यता नहीं होगी। उन्होंने कहा, विद्यार्थी अक्सर यह सोचकर तनावग्रस्त हो जाते हैं कि उनका एक साल बर्बाद हो गया, उन्होंने मौका गंवा दिया या वे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे... एकल अवसर के डर से होने वाले तनाव को कम करने के लिए यह विकल्प पेश किया जा रहा है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी को लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार है और परीक्षा के पहले सेट में प्राप्तांक (स्कोर) से संतुष्ट है, तो वह अगली परीक्षा में शामिल न होने का विकल्प चुन सकता है तथा कुछ भी अनिवार्य नहीं होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा अगस्त में घोषित नयी पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार, बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्यार्थियों के पास अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त समय और अवसर हो तथा उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल करने का विकल्प मिले। प्रधान ने कहा कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की योजना पर उन्हें विद्यार्थियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

उन्होंने कहा, नयी पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) की घोषणा के बाद मैं कई विद्यार्थियों से मिला। उन्होंने इसकी सराहना की है और इस विचार से खुश हैं। हमारी कोशिश है कि 2024 से साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जाए। इस साल राजस्थान के कोटा में रिकॉर्ड संख्या में विद्यार्थियों के आत्महत्या करने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, यह बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। किसी की जान नहीं जानी चाहिए...वे हमारे बच्चे हैं। यह सुनिश्चित करना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बेकाबू ट्रक ने तीन बच्चों को रौंदा, दो की मौत; एक गंभीर



**दुमका।** दुमका जिले में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खेल रहे तीन बच्चों को रौंद दिया. इस दुर्घटना में दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे। इस घटना ने दो घरों का चिराग बुझा दिया। वहीं एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार की है। इस एक्सीडेंट में ट्रक भी पलट गया, जिसमें ट्रक चालक भी घायल हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक की जमकर पिटाई कर दी। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ट्रक जामताड़ा से दुमका शहर की ओर आ रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने बच्चों पर अपनी गाड़ी चढ़ा दी। दोनों मृतक बच्चों की पहचान ध्रुवराज नाग और सोमनाथ नाग के रूप में की गई है, दोनों चचेरे भाई हैं। वहीं हादसे में शामिल तीसरे बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना में मरने वाले दोनों बालक सड़क किनारे साइकिल चला रहे थे। दोनों अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। मृत बालक सोमनाथ नाग के पिता गौर नाग मसलिया बाजार में ही फल की दुकान चलाते हैं। जबकि मृत ध्रुवराज नाग के पिता बनमाली नाग की मिठाई की दुकान है। ध्रुवराज तीन बहनों का इकलौता भाई था। घटना के बाद माता-पिता और उनके परिजनों का तो रो-रोकर बुरा हाल है। साथ ही मसलिया बाजार के भी सभी लोग काफी दुखी हैं। बेकाबू ट्रक बच्चों को कुचलने के बाद आगे जाकर पलट गया। जिससे उसमें लदे सारे एस्बेस्टस सड़क पर बिखर गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्रेन मंगवा कर ट्रक को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लापुंग में पीएलएफआई उग्रवादियों का उत्पात

## जल जीवन मिशन के दफ्तर पर हमला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के लापुंग इलाके में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का वर्चस्व एक बार फिर से बढ़ने लगा है। एक सप्ताह पूर्व दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले पीएलएफआई उग्रवादियों ने शनिवार की देर रात लापुंग स्थित जल जीवन मिशन के कार्यालय पर हमला कर दिया, कार्यालय में मौजूद कई लोगो को बुरी तरह से पीटा गया और एक कमरे को आग के हवाले भी कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उग्रवादियों की संख्या एक दर्जन के करीब थी। हांलाकि पुलिस ने इस मामले में गांव के ही एक अपराधी किस्म के युवक का हाथ बताया है जो पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूलने के काम में लगा हुआ है।



**लापुंग के दोलाइचा का है मामला :** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के दोलाइचा गांव में जल जीवन मिशन का कार्यालय है। पूर्व में अंकित सिंह नाम के व्यक्ति के द्वारा अपने आप को पीएलएफआई कमांडर बात कर 5 लाख रुपये की रंगदारी की डिमांड की गई थी। मामले को लेकर कंपनी के साइट इंचार्ज शंटी पटेल की ओर से प्रबंधन को इसकी जानकारी भी दी गई थी। कंपनी की तरफ से जब उग्रवादियों को लेवी देने से इनकार कर दिया गया है उसके बाद ही उग्रवादियों ने इस हमले को अंजाम दिया है। कंपनी के लोगों ने यह भी बताया कि पीएलएफआई के नाम पर कुछ लोगों को कंपनी में नौकरी देने की भी धमकी दी गई थी जिसके बाद कंपनी ने दो लोगों को नौकरी पर भी रखा था। लेकिन पैसे की मांग को कंपनी के द्वारा नकार दिया गया था।

**अचानक आ धमके :** जल जीवन मिशन के साइट इंचार्ज शंटी पटेल ने बताया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## लाठी-डंडा से पीटकर पति ने की पत्नी की हत्या

**गढ़वा।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में पति ने लाठी-डंडे से पीटकर अपने पत्नी की हत्या कर दी। यह घटना शनिवार देर रात की है। अपनी पत्नी आरती देवी को लाठी डंडा से पीट कर हत्या कर दी। जबकि सास राजमती देवी को लाठी से मारकर घायल कर दिया। राजमती देवी को घायल अवस्था में रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया है।

मामला जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के हरता गांव का है। जानकारी के मुताबिक, बीते रात मुंशी राम शराब पीकर नशे में घरेलू मामले को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा शुरू हो गया। नशे में धुत मुंशी राम ने आव देखा न ताव घर के पास रखी लाठी डंडा से ताबड़-तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी पत्नी आरती की मौत हो गई, जबकि मृतक की सास राजमती देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना की जानकारी गांव वालों के द्वारा भंडरिया थाना को देते हुए ग्रामीणों के द्वारा आरोपी मुंशी राम को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामला दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन मे जुट गई हैं।

## तीन नाबालिग लड़कियों को दिल्ली में बेचा, पुलिस ने किया बरामद, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** तीन नाबालिग लड़कियों को बड़े शहरों में काम दिलाने का प्रलोभन देकर बेचने का मामला गुमला में प्रकाश में आया है। हालांकि जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और तीनों लड़कियों को सकुशल बरामद कर गुमला ले आयी है। पुलिस ने बताया कि गुमला सदर थाना क्षेत्र निवासी तीन नाबालिग लड़कियों को दलालों के द्वारा काम दिलाने का सब्जबाग दिखाकर दिल्ली ले जाकर बेच दिया गया था। घटना के बाद नाबालिग लड़कियों के परिजनों ने मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हो गई।



गुमला के अहतु थाना की पुलिस ने दिल्ली पुलिस और अपने गुप्तचरों की मदद से दलालों की निशानदेही पर तीनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले पर गुमला अहतु थाना प्रभारी आकाश पांडेय ने बताया है कि अहतु थाना के कांड संख्या 05/2023 दिनांक 03/10/23 दर्ज प्राथमिकी पर कार्रवाई करते हुए पहले पुलिस ने अभियुक्त ग्राम बिरकेरा निवासी झड़ी लोहरा और कोलांबी बरटोली निवासी शांति टाना भगत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीनों नाबालिग लड़कियों को बरामद कर लिया है। गौरतलब हो कि गुमला में मानव तस्करी का खेल लंबे समय से चल रहा था। दलाल बड़े शहरों में काम दिलाने का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़कियों को अपना शिकार बना रहे हैं और बड़े शहरों में ले जाकर बेच देते हैं। जहां उनका आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाता है। कई बार पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते ही लड़कियों को रेस्क्यू किया है।

### देश के पांच लाख गांवों में घर-घर भेजा जाएगा अक्षत

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले होगा अक्षत पूजन

**देश भर में हर नागरिक अपने घर के दरवाजे पर सरसों के तेल के पांच दीपक जलाएंगे**

**देश भर के मंदिरों व मठों में भी दीपक जलाए जाएंगे**

**- आरएनएम**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के कई माह पहले होने वाले राज्यों के विधान सभा चुनाव के समय से ही जनता को राम मय करते हुए परोक्ष रूप से चुनावी रुझान बनाने की योजनाएं बन गईं। रामलला जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में तय हुआ कि विजयदशमी के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अक्षत पूजन का अनुष्ठान होगा। पूजन के बाद यह अक्षत देश के पांच लाख गांवों में घर-घर भेजा जाएगा। साथ ही मंदिर के उद्घाटन के बाद रामलला के दर्शनार्थियों को प्राण प्रतिष्ठित रामलला का विग्रह प्रसाद स्वरूप भेंट किया जाएगा।

विहिप नेता व रामलला जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले भगवान के सम्मुख अक्षत पूजन का कार्यक्रम होगा। इस अनुष्ठान के बाद पूजित अक्षत पूरे भारत में एक सिस्टम के तहत बांटा जाएगा। भारत वर्ष के 50 केंद्रों से दो-दो, चार-चार कार्यकर्ता अयोध्या बुलाए जा रहे हैं। ये कार्यकर्ता भगवान के सम्मुख पूजित अक्षत अपने केंद्रों पर ले जाकर वहां से गांवों में हर (हिंदू) घर में अक्षत भेजवाने का इंतजाम करेंगे। सभी राम भक्तों से निवेदन किया जाएगा कि अयोध्या जैसा आनंदोत्सव प्राणप्रतिष्ठा के दिन सभी अपने-अपने घरों व मठ-मंदिरों में मनाएं। भजन-कीर्तन, आरती करने को कहा जाएगा। जनता को एकत्र कर टेलीविजन पर रामलला के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाने की अपील की जाएगी। हर नागरिक अपने घर के दरवाजे पर कम से कम सरसों के तेल के पांच दीपक जलाएं।



अक्षत पूजन का अनुष्ठान विजयदशमी के बाद ही संभव हो सकेगा। चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जो विग्रह मंदिर में स्थापित होगा, उसका फोटो छपवाया जाएगा। इसके बाद रामलला का दर्शन करने आने वाले हर एक भक्त को रामलला के विग्रह की यह तस्वीर प्रसाद स्वरूप भेंट की जाएगी। प्रयास है कि एक से दो साल के भीतर रामलला के विग्रह की यह तस्वीर 10 करोड़ परिवारों तक पहुंच जाए। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के सफल संयोजन के लिए एक धार्मिक समिति गठित की गई है। समिति में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में महंत कमल नयन दास, डॉ रामानंद दास व महंत मिथिलेश नंदिनी शरण को शामिल किया गया है। यह समिति प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर अपनी राय देगी। रामलला की पूजन पद्धति, उनके श्रृंगार, वस्त्र, किन मंत्रों से पूजा हो सब यह समिति तय करेगी।

## अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है आदित्य एल-1 : इसरो

**नई दिल्ली।** आदित्य एल-1 मिशन को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को बताया कि अंतरिक्ष यान ठीक तरह से काम कर रहा है और यह एल-1 बिंदु की ओर बढ़ रहा है। छह अक्टूबर को अंतरिक्ष यान की दिशा को ठीक करने के लिए ट्रैजेक्टरी करेक्शन मैन्युवर (टीसीएम) की प्रक्रिया की गई, जिसमें 16 सेंकड लगे। इसरो ने एक्स के जरिए बताया कि टीसीएम 19 सितंबर को किए गए ट्रांस-लैग्रेंजियन प्वाइंट-1 इंसर्शन को ट्रैक करने के बाद यान के पथ को सही करने के लिए यह कदम जरूरी था। टीसीएम के जरिए सुनिश्चित किया गया कि अंतरिक्ष यान एल-1 अपने इच्छित पथ पर सही दिशा में है। जैसे-जैसे आदित्य एल-1 आगे बढ़ता रहेगा,




इसका मैग्नेटोमीटर फिर से चालू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल-1, 15 लाख किलोमीटर की दूरी से सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित वेधशाला श्रेणी का भारतीय सौर मिशन है। एल-1 बिंदु तक पहुंचने में इसे लगभग 125 दिन लगेंगे। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल-1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इससे पहले इसरो ने बताया था कि अंतरिक्ष यान ने नौ लाख किलोमीटर से अधिक की दूर तय कर ली है।

## गागर में सागर

### सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



**मेराल।** भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति जिला इकाई गढ़वा के निर्देश पर मेराल समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ रविवार को प्रातः किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी के प्रांगण में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पतंजलि के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, कॉलेज की प्रिंसिपल किंजल सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में रासबिहारी तिवारी द्वारा आसन, प्राणायाम के दर्जनों अभ्यास के साथ-साथ उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इसमें मुख्य रूप से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जाई सहित अन्य कोई आसन प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। समिति के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा ने कहा कि आज शुगर, बीपी, कैंसर आम बीमारी का रूप लेता जा रहा है, जिसे योग प्राणायाम से ठीक ही नहीं बल्कि बीमारी को भगाया जा सकता है। शिविर में डॉ. लालमोहन, प्रखंड सह प्रभारी रविंद्र प्रसाद गुप्ता, योग शिक्षक बीजेश्वर प्रजापति, दिवाकर साह, धर्मेंद्र मेहता, बिनेश मेहता, रामाकांत प्रसाद आदि शामिल थे।

### मुखिया ने इलाज के लिए किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी जोखन बियार पिछले दो माह से गंभीर बीमारी से ग्रसित है। इसे किडनी में इन्फेक्शन हो गया है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण इलाज कराने में सक्षम नहीं है। जानकारी मिलते ही मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने जोखन बियार के घर जाकर नगद राशि देकर सहयोग किया। वहीं बीडीओ मुकेश मछुआ के निर्देश पर जनवितरण प्रणाली के डीलर तेतरी देवी ने 50 किलो चावल दिया। जोखन बियार की पत्नी मजदूरी कर अपने दो बच्चों का पालन पोषण कर दो वक्त की रोटी जुटा रही है। गांव के लोग भी जोखन का इलाज के लिए सहयोग कर रहे हैं। मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, अरबिंद वर्मा, महेंद्र साह आदि मौजूद थे।

### वस्त्रालय का मुखिया ने किया उद्घाटन



**केतार।** केतार बाजार के कपुर्री गेट के समीप आफरीन वस्त्रालय एण्ड रेडिमेड दुकान का उद्घाटन रविवार को मुकुंदपुर मुखिया मुंगा साह ने फीता काट कर किया। मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि केतार बाजार में रेडिमेड वस्त्रालय खुलने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को रेडिमेड वस्त्र लेने के लिए दूसरे प्रखंडों में नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन के मौके पर उक्त दुकान में जमकर खरीदारी हुई। इस मौके पर राम बिचार साहू, संजय पाल, प्रोपराइटर मोजाहीदीन अंसारी, हकमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, सदर समीम अंसारी, अली हुसैन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, शाहिद अंसारी, फुजैल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### समिति के पुनर्गठन का दिया निर्देश

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा की अनुशंसा पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिले के सभी वन ग्रामों में ग्राम वनाधिकार समिति का पुनर्गठन का निर्देश दिया है। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी ने जिले के सभी अंचल पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार जिले के सभी वन ग्रामों में ग्राम वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कर सूची को अपने कार्यालय में उपलब्ध करने का निर्देश दिया है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

### तीन को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने तीन नामजद प्राथमिकी अभियुक्त व दो वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में सुपुर्द किया है। इसमें सुनील राम पिता बिनोद राम, रामनाथ राम पिता स्व. टुभू राम, राजेश राम पिता रामनाथ राम तीनों ग्राम -माईधिया, जबकि वारंटी रामवृक्ष भुईया, अरसली श्रवण राम पिता द्वारिका बुका शामिल हैं।

### संघ के जिला अध्यक्ष बने लवकुश

**खरौंधी।** नामधारी कॉलेज परिसर में रविवार को पंचायत सचिवालय में स्वयंसेवक संघ की आपातकालीन बैठक हुई। इसमें गढ़वा जिला के सभी प्रखंडों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से खरौंधी प्रखंड के सिसरी पंचायत के स्वयंसेवक लवकुश प्रजापति को जिलाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद चौबे, सचिव रविंद्र कुमार सोनी, उप सचिव रामप्रवेश राम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र राम, मीडिया प्रभारी पुष्प रंजन बने। बैठक में उपस्थित राज किशोर सिंह, निरंजन कुमार पाठक, शंभू ठाकुर, नारद कुमार प्रजापति, उमेश यादव, विवेकानंद चौबे उपस्थित थे।

# भगवान का कहीं भी अभाव नहीं है : जीयर स्वामी महाराज

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शरणागत भक्त को भजन करना नहीं पड़ता, प्रत्युत उसके द्वारा स्वतः - स्वाभाविक भजन होता है। भक्त भगवान को जिस रूप में देखना चाहता है, भगवान उसके भाव के अनुसार वैसे ही बन जाते हैं। भगवद्भक्त को देवता कहना उसकी निंदा है; क्योंकि उसका दर्जा देवताओं से भी बहुत ऊंचा होता है। प्रेमी भक्त भगवान के प्रभाव से आकृष्ट नहीं होते, प्रत्युत भगवान के अपनेपन से आकृष्ट होते हैं। प्रेमी की बात प्रेमी ही समझ सकता है। ज्ञानी अज्ञानी तो समझ ही कैसे सकता है। फिर भक्त को भगवान की सेवा में आनंद आता है और भगवान को भक्त की सेवा में आनंद आता है। एक भगवत्तत्त्व अथवा परमात्मतत्त्व ही वास्तविक तत्त्व है। उसके सिवाय सब अतत्त्व हैं। जब तक अंतःकरण में संसार का महत्त्व है, तब तक भगवान का महत्त्व समझ में नहीं आ सकता। भगवान को मन-बुद्धि-इंद्रियों से नहीं, प्रत्युत स्वयं से ही जाना जा सकता है। कहा कि हम दूर से दूर जिस वस्तु को मानते हैं, शरीर उससे भी अधिक दूर है और नजदीक-से-नजदीक जिस वस्तु को मानते हैं, परमात्मा उससे भी अधिक नजदीक हैं। मिलने वाली प्रत्येक वस्तु बिछुड़ने वाली होती है, पर जो नित्यप्राप्त परमात्मतत्त्व है, वह कभी किसी अवस्था में भी नहीं



बिछुड़ता, चाहे हमें उसका अनुभव हो अथवा न हो। संसार अभावरूप ही है। भावरूप से केवल एक अक्रियतत्त्व परमात्मा ही है, जिसकी सत्ता से अभावरूप संसार भी सत्तावान प्रतीत हो रहा है। हम 'है' - पन ( सत्ता) को परमात्मा का न मानकर संसारका मान लेते हैं - यही गलती है। संसार में कोई भी नौकर को अपना मालिक नहीं बनाता; परन्तु भगवान शरणागत भक्त को अपना मालिक बना लेते हैं! ऐसी उदारता केवल प्रभु में ही है। एक भगवान के सिवाय ऐसी कोई चीज है ही नहीं, जो सदा हमारे साथ रहे और हम सदा उसके साथ रहें। प्रतिक्षण बदलने वाले संसार पर विश्वास ही भगवान पर विश्वास नहीं होने देता। जैसे सूर्य प्रकट होता है, पैदा नहीं होता, ऐसे ही अवतारके समय भगवान प्रकट होते हैं, हमारी तरह पैदा नहीं होते। परमात्मा हैं - इतना मान लेना पर्याप्त है। परमात्मा कैसे हैं – यह जानने की जरूरत नहीं है। भगवान सर्वसमर्थ होते हुए भी हमारे से दूर होने में असमर्थ हैं। भगवान कहां हैं? भगवान वहां हैं, जहां 'कहां- यहां वहां' नहीं हैं अर्थात भगवान देश, काल, वस्तु, व्यक्ति आदि से सर्वथा अतीत है। भगवान सब जगह मौजूद हैं, पर ग्राहक चाहिये। खंभे कई हैं, पर प्रह्लाद चाहिये। भगवान का कहीं भी अभाव नहीं है। केवल उनको देखनेवाले का अभाव है। भगवान जिसकी दृष्टि संसार पर रहती है, वह कहता है कि 'भ कहाँ हैं?' और जिसकी दृष्टि भगवान पर रहती है, वह कहता है कि 'भगवान कहां नहीं हैं?' जैसे सूर्य बादलों से नहीं ढकता, प्रत्युत हमारे नेत्र ही बादलों से ढके जाते हैं, ऐसे ही परमात्मा आवृत नहीं होते, हमारी बुद्धि ही आवृत होती है। भगवान जीव को अपना दास (गुलाम) नहीं बनाना चाहते, प्रत्युत सखा (अपने समान) बनाना चाहते हैं।

# सड़क निर्माण कार्य में धड़ल्ले से हो रहा है घटिया सामग्री का उपयोग

## ग्रामीणों के विरोध का भी संवेदक पर नहीं पड़ रहा है कोई असर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

लगमा एनएच- 75 से करकोमा-हासनदाग प्रखंड के झोतर होते तसरार गांव तक बनाये जा रहे कालीकरण रोड के पुलिया व गार्डवाल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य में जहां मृत पत्थरों का उपयोग हो रहा है, वहीं मिट्टी युक्त बालू का भी उपयोग करने से संवेदक पीछे नहीं हट रहा है। स्थानीय दानरो नदी से एकत्रित मिट्टीयुक्त बालू का निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, बिना मिक्सर मशीन में बालू, सीमेंट व छरी का मिश्रण कराए ही गार्डवाल के साथ-साथ पुलिया का निर्माण भी करा दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की ओर से कई बार विरोध किया जा चुका है लेकिन उसका भी संवेदक पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है मृत पत्थर और मिट्टी युक्त बालू के मिश्रण से बने पुलिया और गार्डवाल का कोई ठिकाना नहीं है कि वह कब वाहनों के वजन से दब जाएगा और हल्की-फुल्की बारिश में भी गार्डवाल बहकर कुछ दूर



चला जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क को लेकर हमने लंबे समय से मांग की थी, लेकिन लगता नहीं है कि सड़क निर्माण कार्य में बने गार्डवाल और पुलिया बहुत दिनों तक चल पाएगा। बताया जाता है कि नदियों से अच्छी किस्म का बालू उपयोग करने को लेकर प्राक्कलन में निहित प्रावधान है, लेकिन संवेदक उक्त बालू मंगाए बिना सिर्फ दानरो नदी के ही मिट्टी युक्त बालू से बने मसाले का उपयोग उक्त निर्माण कार्य में कर रहा है। इसको लेकर विभागीय पदाधिकारी मौन हैं। सप्ताह दो सप्ताह में उनका भ्रमण जरूर निर्माण कार्य की ओर होता है लेकिन वे भी उक्त सामग्रियों को देखकर अपनी आंखें फेर लेते हैं। इसके साथ ही नाबालिग मजदूरों को रविवार के दिन काम करते देखा गया।

निर्माण कार्य में काम कर रहे मजदूर अयोध्या चौधरी, बेलाल अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, उस्ताद अंसारी, शिवनाथ चौधरी, रियाज अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण में स्थानीय दानरो नदी से अवैध तरीके से रात्रि के समय मुंशी भोला चौहान के द्वारा बालू का उत्खनन करा कर मंगवाया जाता है। मजदूरों ने बताया कि मिट्टी युक्त बालू लगाने से मना कर रहे थे। फिर भी मुंशी द्वारा मनमाने तरीके से इसी बालू को लगवाया जा रहा है।बोला जाता है कि यदि इसका विरोध करेंगे तो आप लोगों को काम पर नहीं रखा जाएगा। जो सामग्री दी जा रही है उसी से चुपचाप निर्माण कार्य करिए। मजबूरन मजदूरी की आस में हम सभी भी मौन होकर उनके निर्माण कार्य में मजदूरी करने का काम करते रहते हैं।

वहीं मुंशी भोला चौहान ने बताया कि कहीं से बालू नहीं मिलने पर स्थानीय दानरों नदी से गांव के ही कजरात निवासी शिवमंगल चौधरी के द्वारा बालू की आपूर्ति की जा रही है। बालू मिट्टी युक्त नहीं है, सिर्फ काला दिख रहा है। मामले में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि हम सभी भी निर्माण कार्य का जायजा लेते रहते हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में जो बालू का उपयोग हो रहा है वह काला जरूर है लेकिन मिट्टी युक्त नहीं है।

# कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले : पांडेय



### विधि व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने रविवार को थाना परिसर में सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कानून-यवस्था से संबंधित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। थाना प्रभारी ने बताया कि बड़ी संख्या में वारंटियों के विरुद्ध करवाई का निर्देश प्राप्त हुआ है।

ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों से अपील है कि वे अपनी-अपनी पंचायत के वारंटियों को न्यायालय से जमानत लेकर रिकॉल जमा कराने में सहयोग करें। साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर बैठक में सभी लाइसेंसी एवं गैरलाइसेंसी पूजा कमेटियों का सत्यापन कराते हुए पूजा आयोजन को लेकर लिखित सूचना दिलाने की बात कही। सड़क किनारे पशु बांध कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले पशुपालक यदि दो दिनों के अंदर अपने पशुओं को सड़क किनारे बांधना बंद नहीं किये, तो उनके विरुद्ध अभियान चलाकर कानूनी करवाई की जायेगी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं ले। गलत करने वालों की सूचना प्रशासन को दें ताकि विधि सम्मत कारवाई की जा सके। नियम विरुद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध कठोर करवाई की जायेगी। इस मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, उप प्रमुख खदीजा बीबी, मुखिया दुलारी देवी, स्वीटी वर्मा, अनिता देवी, संतोष सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा की बैठक में हुई संकल्प यात्रा की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विगत 5 अक्टूबर को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने कहा कि उक्त यात्रा को लेकर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह था। उनके कार्यक्रम के बाद भी जनता में भारी उत्साह है। केशरी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम की सफलता कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम था। शिवधारी राम ने भी कार्यक्रम को सफल बताते हुये कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। मथुरा राम ने संकल्प यात्रा पर हर्ष व्यक्त किया। बैठक में अश्विनी कुमार, दिनेश शर्मा, नंदकिशोर यादव, सलीम अंसारी, सगमा से धीरज जायसवाल, जीतन, नंदकिशोर चंद्रवंशी, तरसेस टोप्पो, मुन्ना प्रसाद, रामेश्वर राम, अनिल गुप्ता, जीवधन साहू, बसंत जायसवाल, किशोर कुमार, दीपक कुमार, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, उमाशंकर प्रसाद, सोबराती खां, सलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### 'झामुमो के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं पदाधिकारी'

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने गढ़वा नगर परिषद कार्यालय टेंडर धांधली मामले में झामुमो के विधायक सह मंत्री पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि टेंडर लूट का कारोबार चल रहा है। पदाधिकारी झामुमो के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। गढ़वा में लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में सामान्य व्यक्ति को टेंडर डालने से रोका जाता है। धांधली बड़े पैमाने पर हो रही है। भाजपा सरकार में टेंडर नियमानुसार होता था लेकिन वर्तमान में सत्तासीन झामुमो सरकार में पदाधिकारी असमाजिक तत्वों को संरक्षण देने में लगे हुए हैं। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, गोवावल मंडल महामंत्री अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# चिनिया : थम नहीं रहा हाथियों का उत्पात

## एक साथ चार गांवों में फसलों को किया बर्बाद, ग्रामीण दहशत में जीने को विवश, सारी रात कर रहे हैं पहरेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात्रि भी हाथियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जमकर उत्पात मचाया। चिनिया मुख्यालय निवासी नारायण यादव के मकई एवं धान की फसल, बिलैतीखैर निवासी लटहु सिंह के मकई व धान की फसल, अखिलेश चौधरी के मकई एवं धान की फसल, डोल गांव के काशीनाथ यादव, श्रीकांत यादव, जबित यादव के मकई एवं धान की फसल, तहले गांव निवासी चंद्रावती देवी, रामाधार कोरवा के मकई एवं धान की फसल को हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया।

वहीं जंगली हाथियों द्वारा पूर्व में किए गए नुकसान को लेकर गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ शशि कुमार बरवाडीह पंचायत के बंदुवा गांव पहुंचे तथा जंगली हाथियों द्वारा तोड़े गए रामप्रवेश सिंह के घर मुआयना किया। इसके साथ ही फसलों का भी मुआयना किया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकान का 130000 रुपये मुआवजा दिया जाएगा। वहीं बर्बाद की फसलों का उचित मुआवजा दिया जाएगा। उधर, मुखिया पम्मी देवी ने पीड़ित को 2000 रुपये नकद तथा 50 किलो चावल सहयोग किया। बताते चलें कि





पिछले डेढ़ माह से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। इससे क्षेत्र की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। लोग रतजगा कर रहे हैं। जंगली हाथियों का झुंड कई हिस्सों में बट गया हैं तथा विभिन्न गांवों में जाकर तबाही मचा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने के लिए लगातार मांग करते आ रहे हैं, लेकिन वन विभाग ने अभी तक हाथियों को भगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इसका खामियाजा ग्रामीणों व किसानों को उठाना पड़ रहा है।

# टेंपो पलटने से घायल हुए युवक की इलाज के लिए रांची ले जाते वक्त मौत

**खरौंधी।** मझिगांवा के डीहवार टोला के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित होकर टेंपो के पलट जाने से घायल हुए मझिगांवा गांव की सहिया सरोज कुंवर के 27 वर्षीय पुत्र अनुप कुमार चंदवंशी की इलाज के लिए रांची जाने के क्रम में लातेहार में मौत हो गई। मृतक का शव पहुचते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की तीन छोटी-छोटी लड़कियां हैं। अनूप के पिता की भी कुछ वर्ष पहले ही मृत्यु हो गयी है। वह घर का एकमात्र कमाने वाला था।



घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया, प्रमुख आभा रानी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा भेजा। मृतक की पत्नी के ने खरौंधी थाना को आवेदन देकर टेंपो चालक एवं मालिक पर मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वही घटना के संदर्भ में प्रमुख आभा रानी ने बताया कि यह घटना काफी दुःखद है। परिजनों को सरकार से मिलने वाली सुविधा दुर्घटना मुआवजा, आवास, पेंशन आदि दिलाई जाएगी। मौके पर कृष्णा राम, नारद राम, अरविंद चंद्रवंशी, सतेंद्र यादव, जाकिर हुसैन, अंजनी द्विवेदी, सुजीत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सलाह | नवीन मेल से दंत चिकित्सक डॉ. पाठक की खास बातचीत

# 'मुंह के छाले की अनदेखी न करें'

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

ओरल अल्सर मुंह में होने वाले छाले या छोटे घाव होते हैं। जो आपके मसूढों, गाल, होंठ और तालू में हो सकते हैं। हालांकि अधिकांशतः यह संक्रामक नहीं होते हैं और अपने आप से दूर हो जाते हैं, लेकिन इस समस्या के कारण दांतों से खून निकलने लगता है। समय पर इलाज नहीं कराने से कैंसर का कारण भी बन सकता है। हालांकि यह जरूरी नहीं कि हर छाले कैंसर का रूप ले लें। उक्त बातें केतार /भवनाथपुर के दंत चिकित्सक डॉ. पंकज पाठक ने रविवार को 'राष्ट्रीय नवीन मेल' से



खास बातचीत के दौरान कहा। डॉ पंकज पाठक ने इस समस्या से भोजन करने में दिक्कत भी हो सकती है। हर व्यक्ति में इसका कारण अलग-अलग हो सकता है। जैसे कि पेट में गड़बड़ी, खट्टे चीजों का अधिक सेवन, जीभ या गाल के अंदर कटने के कारण, स्ट्रेस, प्रेगनेंसी, शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव, जेनेटिक, विटामिन बी 12 या आयरन की कमी से भी हो सकता है। डॉ. पाठक ने कहा की ओरल अल्सर की समस्या मुख्यत तीन तरह की होती है। जिसमें सामान्य ओरल अल्सर समस्या मुंह में होने वाले छाले हैं जो 3-10 मिलीमीटर तक हो सकते हैं। यह छाले अक्सर सप्ताह भर में ठीक हो जाते हैं। दूसरा है गंभीर ओरल अल्सर जो समान्य से बड़े होते हैं जो दस दिनों तक रहते हैं। तीसरे तरह की अल्सर को पिनप्वाइंट अल्सर के नाम से जानते हैं। यह अल्सर ज्यादातर 30 से 40 वर्ष की उम्र वाले लोगों को होता है। डॉ. पंकज पाठक ने कहा कि इससे बचाव के लिए लोगों को मसालेदार खाना खाने से परहेज करना चाहिए, बहुत ज्यादा चिंगम चबाने की आदत से बचना चाहिए। विटामिन सी युक्त हरे साग- सब्जी और फल खाना चाहिए। प्रतिदिन 7-8 ग्लास पानी पीना चाहिए और कब्ज की समस्या से बचने के लिए रेशेदार सब्जी या फल का सेवन करें, ओरल हाइजीन मेंटेन रखें।

# सेंट्रल बैंक ने भ्रष्टाचार को लेकर किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत रविवार को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा पाल्हे कला के क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय ने शहर में लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शाखा प्रबंधक ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व पेशेवर जीवन में नैतिक मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रति जागरूक किया। वहीं अपनी बैंक शाखा के सभी स्टाफ सदस्यों को भ्रष्टाचार रोकथाम की शपथ दिलवाई। मौके पर बैंक स्टॉफ सहायक शाखा प्रबंधक मनोज




आइंद, एफओ अमित कुमार, दफ्तरी राजदेव सिंह खरवार, सीबीआई बीसी विजेंद्र कुमार चौबे, अमित कुमार चौबे, ग्रामीण बांके बिहारी, डॉ शशिकांत शुक्ला, जोखू प्रसाद, बैजनाथ राम, चंद्रभूषण चौबे, अब्दुल अंसारी, विनोद विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, बलराम विश्वकर्मा, हकीम खां, राजेश चौबे, शशि तिवारी, संतोष राम, आनंद कुमार, मुख्तार अंसारी, रहमान अंसारी सहित बड़ी अन्य लोग मौजूद थे। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए पांडेय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आप लोग किसी व्यक्ति के बहकावे में ना आएं। अनेक बार कई बातें सामने आती हैं कि बैंक में ऋण दिलाने के नाम पर लोग ग्रामीणजनों से पैसा ले लेते हैं। ऐसे लोगों से आप परहेज करें। किसी को एक पैसा ना दें। किसी के बहकावे में आप लोग नहीं आएं। ऐसी कोई बात हो तो तुरंत बैंक कर्मियों को इसकी सूचना दें। हर किसी को अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए जीवन में नैतिक मानकों को अपनाना चाहिए और वरिष्ठों को नई भर्ती हुए कर्मचारियों को सर्वोत्तम प्रथाओं को पारित करने और उन्हें पेशेवर जीवन में नैतिक मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए।

## गागर में सागर

### महिला की मौत, सहयोग से किया गया क्रियाकर्म

**मेदिनीनगर।** सादिक चौक से आगे महिला कॉलेज रोड में रोड के किनारे अर्जुन भुइंया अपनी पत्नी और दो विकलांग बच्चों के साथ रहता था। रविवार को उसकी पत्नी की बीमारी से मौत हो गई । जिसका शव आपसी सहयोग से हटा कर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### इंडियन बैंक ने पौष्टिक आहार का किया वितरण

**मेदिनीनगर।** सुदूरवर्ती गांव में पहुंचकर इंडियन रोटी बैंक बच्चों के बीच पौष्टिक आहार एवं वस्त्र बांटा। प्रत्येक रविवार को शहर से निकलकर इंडियन रोटी बैंक सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में सेवादारी कर रहा है। इसका प्रमाण दिखा सदर प्रखंड के भुसड़िया स्थित परहिया टोला में देखा गया। जहां इंडियन रोटी बैंक के कर्मियों ने पौष्टिक आहार एवं वस्त्र का वितरण किया। साथ ही जीवन जीने की शैली सुधारने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। सेवादारों में प्रदेश उप-संयोजक परवेज अख्तर, पलामू उप-संयोजक राकेश तिवारी मिकू, सक्रिय सदस्य छोटू, ओम गोस्वामी, कृष्णा चंद्रवंशी, सुंदर बिहारी, बाल सेवादार दक्ष तिवारी समेत सेवा टीम मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पंडवा में राजद की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** पड़वा राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमिटी पंडवा ने शनिवार को पंडवा में एक बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मेहता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी राजू भुईयां उपस्थित थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी राजू भुईयां ने कहा कि पार्टी के मजबूती प्रदान करने को ले पार्टी कार्यकताओं का सम्मेलन चौदह अक्टूबर को पंडवा में किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मेहता ने कहा कि सम्मेलन में प्रखंड क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं को सम्मेलन में भाग लेने का अनुरोध किया।इस मौके पर महासचिव आकाश कुमार, केदार प्रसाद, टिंकू चंद्रवंशी,एकराम हुसैन, महेंद्र भुईयां, सत्येंद्र उरांव,सूरज भुईयां,प्रभु भुईयां सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भवन निर्माण विभाग के संवेदकों की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू क्लब के प्रांगण में रविवार को भवन निर्माण विभाग के संवेदको ने आपस में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता अमन कुमार एवं संचालन केसरी सिंह ने किया। भवन निर्माण के सभी संवेदकों ने एक साथ जुट होकर सहमति जताते हुए यह निर्णय लिया कि आपस में हम लोग मिल बैठकर विभाग से तालमेल बना कर हम लोग एक सिस्टम में कार्य करेंगे। ताकि कार्य की गुणवत्ता बरकरार रहे। ताकि कोई नुकसान ना हो। इसके लिए कमेटी बनाई गई। मौके पर केसरी सिंह ,रणधीर पाठक,बबलू सिंह ,अविनाश जयसवाल,रमेश चौधरी,गुंजन सिंह,रविंद्र तिवारी,विजय चंद्रवंशी,रिंकू तिवारी,मोहम्मद इमरान ,राजू जायसवाल उपाथिति थे।

## रक्तदान शिविर के आयोजन का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक रविवार को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता संस्थान के जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर मेगा रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय हुआ। तय किया गया कि जिले में कई जगहों पर रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। मेदिनीनगर से मेगा रक्तदान शिविर की शुरूआत होगी। अधिक से अधिक यूनिट रक्तदान हो । इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जायेगा। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने सदगुरु सेवा की महता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सेवा से ही सदगुरु प्रसन्न होते हैं। सदगुरु की सेवा में ही शिष्य का कल्याण निहित है। इसलिए श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सेवा करना चाहिए। बैठक में बताया गया कि दिसंबर माह में वाराणसी के उमराहा स्थित आश्रम परिसर में संत समाज का शताब्दी समारंभ समारोह सह वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। समारोह की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया।आश्रम सेवा कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले के सेवा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर जिला परामर्शक नंदलाल पासवान,जसवंत सिंह, बनारसी प्रसाद यादव, रामपति राम,उपेंद्र मेहता, कुबेर गुप्ता, ओंकारनाथ पाठक,संजय कुमार,दशरथ पासवान,शंभू कुमार, अमलेश सिंह, महेंद्र यादव, राकेश कुमार, अमरेंद्र, मनोज मेहता, विनय सिंह, सच्चिदानंद पांडेय सहित कई सेवा प्रभारी, उपदेष्टा, प्रचारक मौजूद थे।

### तस्वीर झूठ ना बोले



एक तरफ हम भारतीय संस्कृति के संरक्षण की बात करते हैं तो दूसरी तरफ 21वी सदी का हवाला देकर नई नई तकनिकों को अपनाने से विकास की बात करते हैं। जबकि नई तकनिकों का उपयोग सुविधा दे सकती है, स्वस्थ जीवन नहीं। इसकी बानगी के लिए ग्रामीण परिवारों के दैनिक जीवन में उपयोग किये जाने वाले ढेकी को देखा जा सकता है। पहले के समय में जब घर घर में ढेकी का उपयोग होता था तो परिवार की महिलाओं का स्वास्थ्य ठीक रहता था। ढेकी का उपयोग दाल बनाने, मक्का कूटने व धान से चावल निकालने समेत गृहस्थी के अन्य कार्यों में होता था। वर्तमान विकास के दौर में ढेकी विलुप्ति के कगार पर है। शहरी इलाकों में मिक्सी व विद्युत चलित मीलों ने ढेकी को धकेलकर घरों से बाहर कर दिया है। हालांकि गांव में आज भी इक्के दुक्के ही सही पर ढेकी का उपयोग जरूर देखने को मिलता है। जानकार बताते हैं कि भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने के लिए ढेकी जैसी पुरानी तकनीको का संरक्षण जरूरी है। छाया -भोला

# शिक्षक के सानिध्य में प्रलय व निर्माण पलते हैं : मनोज सिंह

### अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने व शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण में रविवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय स्वागत सह सांगठनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह वरीय समाजसेवी मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होतें है। जिनके सानिध्य में प्रलय तथा निर्माण पलते हैं। इसलिए अब सरकारी शिक्षकों पर ये महत्ती जिम्मेवारी है कि समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों मे व्याप्त धारणा को बदलें। इस सम्मेलन में संघ के अध्यक्ष सतीश दुबे, उपाध्यक्ष साकेत शुक्ला, सचिव आलोक तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष भीम कुमार सामाजिक कार्यकर्ता सिंटू सिंह, संतोष शुक्ला, उतम सिंह, रजनीश सिंह, राहुल मिश्रा, अनुभव सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।



## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक दुर्घटना में समसुद्दीन अंसारी उम्र 30 वर्ष की रविवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार समसुद्दीन अंसारी रविवार की सुबह 11 बजे अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर किसी काम से जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं परिजनों ने देखा कि चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी समसुद्दीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद परिजन घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स लेकर जाने लगे। तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एकमात्र खेल का मैदान नदी की धारा में विलुप्त होने के कगार पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिलदीलिया कला के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया गया। जिसमें फुटबॉल, ड्रेस,ग्लप्स आदि का वितरण प्रखंड तरहसी के नवनिर्वाचित सिद्धों-कान्हू युवा खेल क्लब के सचिव कपिलदेव कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिसमें बताया कि इस गांव (सिलदीलिया कला) एवं प्रखंड तरहसी के बालक और बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे वह फुटबॉल, कबड्डी, खो खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, एथलेटिक्स, गोला फेक एवं विभिन्न प्रकार के खेलों से प्रखंड तरहसी के युवाओं में प्रतिभा की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। कमी है तो सिर्फ उपकरणों , मूलभूत सुविधाओं का। प्रखंड सचिव द्वारा बताया गया कि प्रखंड तरहसी के ग्राम पंचायत सोनपुरा के ग्राम सिलदीलिया कला के जमुना नदी के किनारे वीर शहीद मैदान का निर्माण 2020-21 में कराया गया था। जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत हुई थी। उस समय पलामू प्रमंडल में सबसे पहला निर्माण किया गया था और प्रखंड के बीचो -बीच में यह खेल मैदान स्थित है । यह खेल मैदान नदी के किनारे होने से ग्राउंड का धीरे-धीरे कटाव होते जा रहा है। इस पर इस गांव पंचायत के खिलाड़ियों, युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं ने गार्डवाल निर्माण हेतू जनप्रतिनिधियों को अनेकों बार आवेदन के माध्यम से एवं मौखिक रूप से भी कई बार अवगत कराया गया है। किंतु गार्डवाल के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण नही हुई है। इस संदर्भ में विधाक द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए जेई द्वारा इसकी मापी कराई गई। किन्तु आगे का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जबकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लेकिन मैदान के कटाव से खिलाड़ियों, युवाओं एंव सामाजिक कार्यकताओं में भविष्य को लेकर काफी चिंतित तथा असहज महसूस कर रहे हैं। विधायक,जिला प्रशासन से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या को लेकर इस पर उचित करवाई की जाय जिससे इस प्रखंड के युवाओं को आगे बढ़ने में सहुलियत हो सकें और अपने प्रखंड,जिला, राज्य का नाम रौशन कर सकें। मौके पर आदर्श कुमार, रंजन कुमार सिंह, रोविंस कुमार, बाबुवीर कुमार, अंदुल कुमार, एवं अन्य गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता खिलाड़ी उपस्थित थे।

## रक्तदान के साथ लायंस फेमिना का सेवा सप्ताह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुस्कान के साथ सेवा के अपने अंतरराष्ट्रीय और जिला के आदर्श को चरितार्थ करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्थान लायंस क्लब इंटरनेशनल की पलामू इकाई एवं अनुषांगिक लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज फेमिना द्वारा पिछले एक सप्ताह से चल रहा कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन शहर के नारायण मल्टी सिटी हॉस्पिटल में सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया ' यह जानकारी क्लब की जनसंपर्क पदाधिकारी ला. निशा सोइन ने दी है। उन्होंने बताया है कि 2 अक्टूबर से ही महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्म उत्सव पर कार्यक्रम का आगाज किया गया था ' जिसमें सबसे पहले राष्ट्रपिता और प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों की मदद से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। जिसमें स्थानीय चिकित्सक डॉक्टर विकास चंद्र अग्रवाल,डॉ संजय तिवारी, डॉ आनंद एवं डॉ विनीत सिंह के अलावा शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी थी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 15 दिनों से लेकर 1 महीने तक की दवा भी निशुल्क वितरण की गई थी। शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच परामर्श एवं दवा ली थी। उसके बाद स्थानीय सदर अस्पताल के हर वार्ड में जाकर मरीजों को बिस्किट, पावरोटी और फल वितरित किया गया और अस्पताल परिसर के बाहर आकर सभी मरीजों के लिए संयुक्त रूप से स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की गई' अगले दिन अस्पताल परिसर एवं शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया एवं सफाई कराई गई ' हाई स्कूल की बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्थानीय अनाथ आश्रम में नए कपडे , बिस्कुट और लैक्टोजेन का वितरण किया गया था '. उसके दूसरे दिन स्थानीय सादिक मंजिल चौक पर जरूरतमंदों के लिए भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही स्थानीय रेलवे स्टेशन पर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सदस्यों के सहयोग से पूरी और सब्जी का वितरण किया गया। ला. निशा ने बताया कि लाइन फेमिना के द्वारा ये सभी जनोंपयोगी कार्यक्रम संवेदनशील अध्यक्ष रेखा शर्मा , सचिव अरविंदर कौर डोली सहयोगी सदस्य उमा केजरीवाल, राजलक्ष्मी वर्मा,संगीत ज्ञानशंकर, पूजा खन्ना ,आभा केजरीवाल, रिमी अग्रवाल ,बिंदु तुलस्यान, आशा साहनी, मनीषा केडिया, सविता सर्राफ,शाइनी तिवारी, भावना मल्होत्रा, नीलम और हर्षिल कौर के सक्रिय योगदान से सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी सदस्य उत्साहित थे और जनकल्याण के इस कार्यक्रम को बेहतर से बेहतरीन तरीके से करने के लिए अपना तन मन ,धन ,लगा रहे थे ' कार्यक्रम के अंत में ब्लड डोनेशन के पश्चात वीडिजि 2 लायन संजय कुमार ने विदेश से दूरभाष पर सभी लायंस क्लब ऑफ डाल्टनगंज फेमिना के सदस्यों को धन्यवाद दिया और उनका साधुवाद किया ' उन्होंने कहा कि लायन फेमिना पूर्ण रूप से एक महिला संगठन है जो आदर्श नारी सशक्तिकरण का एक संपूर्ण उदाहरण है ,और गत सप्ताह जो आयोजन क्लब के सदस्यों ने किए है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आने वाले समय में लायन फेमिना एक बेहतर और कार्य कुशल प्रतिभावान नेतृत्व प्रदान करेगा। जिसके चलते समाज को अच्छी सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी ' सभी कार्यक्रमों में लायंस क्लब डाल्टनगंज का भी सहयोग मिलता रहा था ' रीजन चेयरपर्सन लाइन समीर खन्ना ने भी सभी फेमिना के सदस्यों को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। यह जानकारी जिला पाल ला. कमल जैन के निर्देशों को पालन करते हुए और स्थानीय जरूरत को ध्यान में रखकर दिए गए हैं।



## वित्तरहित शिक्षकों का आयुक्त के समक्ष धरना 13 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य वित्तरहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को शहर के सत्यम रेस्ट हाउस में हुई। अध्यक्षता मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी ने की। इस दौरान विभिन्न मांगो को लेकर मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत 13अक्टूबर को प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि प्रमंडल के सभी इंटरमिडीएट कॉलेज, हाई स्कूल, तथा संस्कृत एवं मदरसा स्कूलों तालाबंदी कर सभी शिक्षक व कर्मचारी धरना में शामिल होंगे। बैठक में मोर्चा के पलामू प्रमंडलीय संयोजक अरविन्द सिंह, अनिल कुमार तिवारी, दिनेश कुमार, अविनाश कुमार सिंह, आफताब आलम, व ममता कुमारी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

**बदलाव** — ठंड के दिनों में हल्का गर्म पानी व गर्मी में कुल-कुल पानी मिलेगा

# रेलवे स्टेशन के दिन बहुरेंगे, प्लेटफार्म पर यात्री शेड की कमी होगी पूरी

### प्लेटफार्म नंबर एक, दो और तीन पर संयुक्त रूप से 5 नये शेड की नितांत आवश्यकता बरसों से देखी जा रही थी

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के तीन प्लेटफार्म एक, दो और तीन पर पांच-पांच नए यात्री सेड बनाए जा रहे हैं। एक नंबर प्लेटफार्म पर पांच सेड होंगे। यह सेड अतिरिक्त होंगे। अभी एक नंबर प्लेटफार्म पर दो सेड ही हैं। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन एक पर है। इसलिए इसमें भी पांच नए सेड होंगे जो प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के यात्रियों के लिए संयुक्त रूप से उपयोग में आयेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह पांच -पांच यात्री सेड अगले एक से डेढ़ महीने के अंदर बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर रविवार को एक सेड की फाउंडेशन देखी गई। मजबूत सीमेंट और लोहे से यह फाउंडेशन तैयार हो रहा है। रेलवे के एक अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक, दो और तीन पर संयुक्त रूप से 5 नये सेड की नितांत आवश्यकता बरसों से देखी जा रही थी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म की लंबी दूरी के 22 कोच के लिए पर्याप्त है। 22 कोच लगने वाले प्लेटफार्म पर दो सेड का होना अत्यंत घोर कमी को दिखला रहा था। सेड के न होने से यात्रियों को हर मौसम में तकलीफ का सामना करना पड़ता है। बरसात और ठंड, गर्मी में यह परेशानी और बढ़ जाती है। साथ ही यहां वाटर बूथ की व्यवस्था होगी। जहां स्वच्छ पीने का पानी बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। एक रेल के अधिकारी ने बताया कि हमलोग यह कोशिश कर रहे हैं कि ठंड के दिन में हल्का गर्म पानी भी इन वाटर बूथ पर यात्रियों को उपलब्ध करा सकें। यात्रियों की सुविधा के बारे में रेल अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा में और बढ़ोतरी की जायेगी।



### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गरदा निवासी हकीम अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी उम्र 25 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एजाजुल अंसारी छतरपुर अपने चाचा के घर गया था। उधर से लौटने के दौरान वह दुबियाखड़ के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर घायल की इलाज अपने देखरेख में करवा रहे हैं।वही दुसरी और शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज मोहल्ला निवासी राकेश कुमार उम्र 18 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है।बताया जाता है की राकेश रविवार की सुबह बाइक पर सवार होकर घूमने चियांकी जा रहा था।तभी रास्ते में पीछे से एक वाहन ने उसे धक्का मार दिया जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**गागर में सागर**

## जितिया जतरा पर्व का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया गया समापन



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
प्रखंड के कैरो साप्ताहिक बाजार टांड़ के बगल में लगने वाला जितिया जतरा पारंपरिक रीति रिवाज एवं हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। मौके पर आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा कैरो, उतका, खंडा, नरौली, बिराजपुर, जामुनटोली, नरौली, महूवरी, बक्सी, सुकुरहुटू, नवाटोली समेत आसपास के गांव के खोड़हा शामिल होकर अपनी रीति रिवाज के अनुसार कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। सभी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर कैरो प्रखंड उपप्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि जतरा, मेला, पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। हम सबको अपनी अपनी सभ्यता, संस्कृति परंपरा को बचाये रखने की जरूरत है। जितिया के अवसर पर माताएं उपवास रखकर अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। कार्यक्रम को शरत कुमार, विद्यार्थी, परवीन साहू, बीससूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव ने भी संबोधित किया। जतरा में खेल खिलौने, मिठाइयों, श्रृंगार के सामानों का जमकर खरीद बिक्री की गई। मुखिया बीरेंद्र महली, पहान बीरेंद्र उरांव, पुजार बिष्णु उरांव, महतो किसुन उरांव, बाबूलाल उरांव, कृष्णा उरांव, विकास, उरांव, प्रकाश उरांव, सोमरा उरांव, प्रेम उरांव आदि उपस्थित थे।

## लापता 22 साल की पत्नी व दो वर्षीय बेटी को खोजने की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भौरों गांव निवासी उत्तम प्रजापति पिता राजू महतो ने भंडरा थाना में आवेदन देकर अपनी 22 वर्षीय पत्नी प्रिया देवी एवं दो वर्षीय बेटी संतोषी कुमारी के गायब होने का सनहा दर्ज करवाया है। इस संबंध में उत्तम प्रजापति ने बताया कि उसकी पत्नी 4 अक्टूबर को दिन के करीब 10 बजे अदरक खेत में काम करने के लिए जाने की बात बोलकर बेटी के साथ निकली। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी है। उसके लापता होने के बाद लगातार खोजने का प्रयास किया जा रहा है परंतु पता नहीं चला है। इसकी सूचना भंडरा थाना में देकर लापता पत्नी प्रिया देवी एवं बेटी संतोषी कुमारी को ढूंढ निकालने की मांग उत्तम प्रजापति ने की है। उत्तम के अनुसार उसकी पत्नी लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है।

**सफलता की कहानी :** अभियान के माध्यम से फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ीं

# पहले बेचती थीं हड़िया दारू, अब दुकान चलाकर कर रही आमदनी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला के सेन्हा प्रखंड के एकागुड़ी गांव की रहने वाली पार्वती उरांव महिला मंडल से वर्ष 2012 में जुड़ीं। इनका आजीविका का स्रोत बाजार-हाट में जाकर हंड़िया-दारू बेचना था। उससे जो कमाई होती उसी से इनके परिवार का जीवन यापन होता था। पार्वती निर्धन परिवार से संबध रखती हैं। आजीविका का कोई अन्य जरिया नहीं था। पार्वती और उनके पति दैनिक मजदूरी का काम करके घर का आजीवका चलाते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेश पर जेएसएलपीएस के माध्यम से राज्य भर में हंड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान चलाया गया। पार्वती के गांव में भी यह अभियान चला जिससे प्रभावित होकर पार्वती को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण के रूप में 10 हजार रुपये स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिला। उसकी मदद से उन्होंने 4 बकरी की खरीद की और उसका पालन पोषण करने में जुट गयी। वर्तमान में उनके पास 10 बकरियां हैं। उन्होंने 2 बकरी 3500 रुपये प्रति बकरी की दर से बेचे जिससे उनको 7000 रुपये की आमदनी प्राप्त हुयी तो घर की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते उन्होंने अपने महिला मंडल से 25000 रुपये का ऋण लिया। उसकी मदद से अपने घर में ही छोटा सा दूकान खोली, जिसमें फोटोकॉपी के लिए प्रिंटर मशीन, श्रृंगार के सामान और रोजाना इस्तेमाल की चीजें रखनी शुरू की। इस दुकान के मदद से उनको प्रत्येक माह लगभग 4500 से 6000 रुपए की आमदनी प्राप्त हो जाती है। गांव में उनकी एकमात्र दुकान है, जिसकी सहायता से अब वह अपना घर की आजीविका चला रही हैं। पार्वती का कहना है कि अब वह बड़े का आकार बढ़ाना चाहती हैं और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती हैं। वे हंड़िया-दारू बेचने का काम पूरी तरह छोड़ चुकी हैं और अब एक सम्मानजनक जीवन जी रही हैं।

अवैध बिजली चोरी के मामले में की गई बड़ी कार्रवाई

# बिजली विभाग ने चार लोगों को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली चोरी कर जलाने वालों पर बिजली विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां पर बता दें कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह गांव में झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार कुडू पावर सब डिवीजन के एसडीओ मोहम्मद जिशान व मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित जेई राजेंद्र उरांव एवं बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी कर उपयोग कर रहे चार लोगों को पकड़ा गया।
इसमें नवाडीह में बिजली के मेन एलटी लाइन में टोका लगाकर व्यवसाय कार्य में बिजली की चोरी करते पाए जाने पर अनिल महली पिता बंधु महली पर 12000 रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही नवाडीह निवासी चरवा उरांव पिता जोखन उरांव, बिलचंद कुजूर पिता ज्योतिष कुजूर एवं रनथा उरांव पिता बिरसा उरांव का बिजली कनेक्शन विभाग द्वारा बकाया बिल होने पर काटा गया था। इसके बाद भी अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़े जाने पर चरवा उरांव पर 16740 रुपये बकाया एवं 4600 जुर्माना लगाया गया, जबकि रनथा उरांव पर 19484 रुपये बकाया एवं 4600 जुर्माना किया गया। बिलचंद कुजूर पर 17898 बकाया एवं 4600 जुर्माना लगाया गया। उक्त सभी लोगों के घरों से ऊर्जा चोरी में उपयोग किए जाने वाले तार को कुछ दूरी तक काटकर जब्त किया गया। इसके अलावा एसडीओ ने भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 137 के तहत किस्को थाने में लिखित शिकायत करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। मौके पर बिजली मानव कर्मी सुनील कुमार, बेलाल अंसारी, नवल भगत, शाहनवाज अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

घाघरा में भाजपा की संकल्प यात्रा के तहत बाबूलाल मरांडी की हुई जनसभा

# झारखंड को अपराधमुक्त बनाने का प्रण ले जनता : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
बिशुनपुर विधान सभा के घाघरा हाइ स्कूल मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड को अपराधमुक्त बनाने के लिए जनता इस सभा से प्रण लेकर जाए। उन्होंने कहा कि पूरे देश को बिकास के मार्ग में ले जाने वाले यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगामी 2024 के लोक सभा चुनाव में विजयी बनाकर देश को आगे बढ़ाए। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति सम्मान को बढ़ावा देते हुए आजाद भारत मे पहली बार 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहां नारियों की पूजा की जाती है, भगवान भी भारत भूमि में जन्म लेने को तरसते हैं। 9 साल के कार्यकाल में केंद्र की सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों से एक लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की है। देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से जन धन योजना, स्वच्छ भारत निर्माण के लिए शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि सीधे लाभुक के खाते में भेज रही है। 70 लाख उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन देकर महिलाओ के जीवन को सुरक्षित बनाया है। झारखंड प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था के प्रति जिम्मेवार बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड प्रदेश की सरकार बालू एवं खनिज खनन के माफियाओं को सुरक्षा के लिए एके 47 दे रही है। वहीं विकास में भागीदारी निभाने वाले प्रदेश के बवसाइयों की हत्या अपराधी बेखौफ कर रहे है। प्रदेश में जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने सभा मे उपस्थित ग्रामीणों को झारखंड को अपराध मुक्त बनाने के लिए दलाल एवं बिचौलियों से मुक्त बनाने की बात कही। इनके अलावे कार्यक्रम को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, सांसद सुदर्शन भगत, रास सांसद समीर उरांव अशोक उरांव, दिनेश उरांव सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुए विकास के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए आह्वान किया। मौके पर प्रवीण सिंह, बिनय लाल, ओम सिंह, भिखारी भगत,सधनु भगत, रमेश उरांव, अनूप चंद्र अधिकारी, मनीर उरांव, बिजय मिश्रा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# संस्कृति को बचाने के लिए एकजुटता जरूरी : टोप्पो

सेन्हा क्षेत्र में जितिया पर्व की रही धूम



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र में आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा जितिया पर्व आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। वहीं ग्राम पंचायत भड़गांव के ग्राम परही डांड़ी टोली क्षेत्र में भी आदिवासी समुदाय के लोगों के द्वारा जितिया पर्व काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जितिया पर्व को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में काफी उत्साह देखने के लिए मिला, लोग अपनी संस्कृति और सभ्यता को बरकरार रखने को लेकर काफी एकजुटता के साथ त्योहार को धूमधाम के साथ मनाया। परही के अध्यक्ष अमित टोप्पो ने बताया कि जितिया पर्व हमें अपनी अस्मिता और भाषा संस्कृति को संरक्षित करने एवं गांव समाज को प्रेम के अटूट बंधन में मजबूती लाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जितिया पर्व हमारी पहचान को भी मुकाम तक पहुंचाने में बल प्रदान करता है। मौके पर अध्यक्ष अमित टोप्पो, उपाध्यक्ष मुकुल भगत, सचिन भगत, महादेव भगत, सुनील उरांव, निलेश भगत, अरविंद उरांव, रतन चिक बड़ाईक, सूरत चिक बड़ाईक, विश्व लोहार, करमदयाल उरांव, परमेश्वर चिक बड़ाईक, मुकेश भगत, पार्वती उरांव, प्रमिला उरांव, वर्षा भगत, जुली भगत, रिमझिम उरांव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जतरा हमारे पुरखों की धरोहर है : भगत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नीनी गांव में करम जीतिया जतरा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह लोहरदगा संसदीय लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा की जतरा हमारे पुरखों की सांस्कृतिक विरासत और धरोहर है। इसके माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा और सहभागिता बनी रहती है। आदिवासी संस्कृति बहुत ही समृद्ध है। जतरा में 27 खोड़ा नृत्य मंडली अगल बगल गांव से शामिल हुए। इसके पूर्व सुखदेव भगत एवं अतिथि गणों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों संग मांदर एवं नगाड़े बजा कर जम कर थिरके। खोड़हा दलों को सुखदेव भगत द्वारा उपयोगी सामग्री पारितोष में दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, मुखिया मीना कुमारी, पवन गौतम, अनिल कुमार, वीरेंद्र यादव, रवि रोशन बेक, शाहिद अहमद, कुदूस, तबारक, आयोजन समिति के शनिचरवा उरांव, जतरा उरांव, लक्ष्मण उरांव, दया उरांव, आशीष कुजुर, अंकित उरांव दीपक उरांव, अनमोल, कृति, रामदेव उरांव, प्रधान श्यामलाल उरांव, आदि काफी संख्या में ग्रामीण एवं खोड़हा दल उपस्थित थे।

पतंजलि का सात दिवसीय विशेष योग शिविर शुरू

# 'योग शिविर में शामिल होकर तनावमुक्त जीवन प्राप्त करें'



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रखंड परिसर स्थित सहकारिता भवन परिसर में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में सात दिवसीय निशुल्क विशेष योग सत्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरिष्ठ योग शिक्षक संजय मधुर एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने संयुक्त रूप से योग अभ्यास के क्रियाओं का अभ्यास कराया। शिविर में दंड बैठक, सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाएं, पेट एवं पीठ के बल एवं बैठकर किए जाने वाले रोग निवारण हेतु प्रमुख आसनों का अभ्यास भी लाभ के साथ प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया। इनमें मंडूकासन, सर्वांग आसन, पाद हस्तासन, ब्रिज आसन, साथ ही साथ सूक्ष्म व्यायाम के बारीकियों से भी अवगत कराया गया। मौके पर संजय मधुर ने कहा कि मौजूदा समय में स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन प्रातः कालीन योग सत्र में भाग लेकर योग एवं आयुर्वेद को जाने एवं अपने दैनिक दिनचर्या में भी से शामिल करें। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने बताया कि शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए जाने हेतु योग की महिमा अपरंपार है।
छोटे बच्चों से बड़ों तक सबों को उनके कार्य शैली, जीवन यापन एवं अध्ययन अध्यापन में तनाव से गुजरना पड़ रहा है। अतः योग ही सबों को दूर करने के लिए एकमात्र विकल्प है। पतंजलि योग समिति द्वारा जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय में भी साथ दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आप शामिल होकर स्वस्थ जीवन प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में शंभू शर्मा, नवीन झा, उपेंद्र साहू, प्रमोद साहू, प्रदीप साहू, राजेंद्र प्रसाद, श्याम सिंह, सुमंत महतो, मनोज चौधरी, उपेंद्र कुमार, अरूप महतो आदि मौजूद रहे।

**बैठक** कहा-राज्यकर्मी समेत अनुबंधकर्मी, आउटसोर्सिंगकर्मी व ठेकाकर्मी त्रस्त

# कर्मचारी महासंघ की बैठक में एकजुटता पर दिया बल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक सदर प्रखंड सहकारिता भवन में हुई। मौके पर कर्मचारी नेता महेश कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना, सहिया मिड-डे-मील जैसी तमाम सरकारी योजनाओं के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती की गई है। वास्तविक मजदूरी की वृद्धि में भी गिरावट जारी है। बड़े पैमाने पर आज छटनी और वेतन में कटौती जारी है। पद प्रोन्नति, एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ को लंबित रखा गया है। राज्यकर्मी समेत अनुबंधकर्मी, आउटसोर्सिंगकर्मी व ठेकाकर्मी त्रस्त हैं। अनेक कर्मियों का सेवा संपुष्टि भी लंबित है। इन सबके हक और हकुक के लिए बुलंद आवाज को तेज करने की जरूरत है। झापसा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारियों और पदाधिकारियों के ऊपर दमन बढ़ता जा रहा है। काम के घंटे को बढ़ाया जा रहा है। कोरोनाकाल के दौरान केंद्र सरकार शिक्षक कर्मचारियों का 18 महीना का डीए लटकाई हुई है, जो यह न्यायसंगत नहीं है। शिक्षक नेता मुमताज अहमद ने कहा कि राज्य के शिक्षकों के वेतनमान को बदल कर मनोबल को कमजोर किया जा रहा है। महासंघ के महेश चौहान, महातम यादव, प्रभुदयाल साहू, त्रिवेणी भगत ने सभी कर्मियों की एकजुटता पर बल दिया। जेएसएलपीएस के सुनील रजक ने विभागीय कार्यालय की मांग की। कर्मचारी संघ के महेश कुमार चौहान ने बैठक का संचालन किया। धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा को अन्य लोगों के अलावा रऊफ अंसारी, जियाउल हक, अनिल उरांव, सोहेल अहमद, आशुतोश प्रसाद, सीता देवी, राजेंद्र पांडे, अभिषेक हिमांशु, मंजू देवी, अवध किशोर प्रसाद बीरन ठाकुर सचिदा शाहदेव ने भी संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे।

## सखी मंडल से जुड़ने के लिए किया गया प्रेरित

**लोहरदगा।** आंकाक्षी प्रखंड किस्को में संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास) के तहत रविवार को किस्को प्रखंड के नवाडीह पंचायत में समृद्धि दिवस के रूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस, जिला उद्योग केंद्र, जिला सूचना एवं विज्ञान और कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना, वित्तीय साक्षरता के संबंध में, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स समेत अन्य योजनाओं की जानकारी उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दी गईं। डीपीएम जेएसएलपीएस द्वारा छूटे हुए परिवार को सखी मंडल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने प्रत्येक परिवार को 3-4 आजीविका गतिविधि से जुड़ने तथा उसके साथ पूंजी की व्यवस्था की जानकारी दी। युवक-युवती को डीडीयू-जीकेवाई, आर-सेटी के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पलाश उत्पाद प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसका सभी में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में योजनाओं के स्टॉल भी विभागों द्वारा लगाये गये थे। कार्यक्रम जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुवर सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, डीपीएम जेसलपीएस अनिता केरकेट्टा, मुखिया मीणा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सेवा भारती ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 69 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं।
जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। डॉ कुमुद ने कहा की काफी लोग यहां अपना स्वास्थ का चेकअप करवा कर ठीक हो रहें हैं इससे हमें काफी संतोष है,जरूरतमंदों की हर क्षेत्र में सेवा करनी हीं चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और साथ ही यह भी कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।
आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार ही चलेंगे। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो, उमेश कास्यंकार, अतुल सर्राफ, हजारी साव, गजेंद्र प्रसाद, अंजलि सर्राफ, प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, भीम प्रसाद, केशव महतो, गायत्री देवी, गोपाल महतो, विमेश कास्यंकार, केश्वर अग्रवाल, बालेश्वर साहू, अरविंद तमेड़ा, रघु महतो, मीना देवी, नंदलाल कास्यंकार, सोनिया पोद्दार, तुलसी उरांव, प्रदीप तमेड़ा, अर्पित उरांव, कृष्ण प्रसाद, आस्था उरांव, शिमला देवी, रमेश शर्मा, अंजू देवी, उदय कास्यंकार,रामचंद्र गिरी, मुकेश कुमार, विकास अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### कंपनी के पास हैं 3213 करोड़ के ऑर्डर, शेयर पर मेहरबान निवेशक



**नई दिल्ली।** एनसीसी लिमिटेड के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। शुक्रवार को यह शेयर करीबन 2% चढ़कर 158.65 रुपये पर पहुंच गए थे। कंपनी को पिछले कुछ दिनों से लगातार वर्क ऑर्डर मिल रहा है। एनसीसी लिमिटेड को सितंबर महीने में करीबन 4205.94 करोड़ रुपये के तीन ऑर्डर मिले हैं। इनमें 819.20 करोड़ रुपये का ऑर्डर जल प्रभाग से और 173.19 करोड़ रुपये का तीसरा ऑर्डर विद्युत प्रभाग से रिलेटेड है। वहीं, एक और ऑर्डर 3213.55 करोड़ परिवहन प्रभाग से मिला है। एनसीसी लिमिटेड ने पिछले तीन सालों में अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयर की कीमत 09 अक्टूबर 2020 को 33.75 रुपये से बढ़कर 06 अक्टूबर 2023 को 158.95 रुपये हो गई। यानी तीन साल की होल्डिंग अवधि में 350% से अधिक की वृद्धि है। द1ऋ24 तक कंपनी के पास 54,110 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है। एनसीसी लिमिटेड सड़क, भवन, सिंचाई, जल और पर्यावरण, इलेक्ट्रिसिटी, मेटल, माइनिंग और रेलवे के निर्माण में लगी हुई है। पूरे भारत में परियोजनाओं पर काम करने के अलावा, कंपनी की मस्कट और दुबई में अपनी सहायक कंपनियों के जरिए से मध्य पूर्व में भी उपस्थिति है।

### अगस्त में भारत का कोयला आयात 12 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात इस साल अगस्त में सालाना आधार पर 12.08 प्रतिशत घटकर 1.82 करोड़ टन रह गया। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा 2.07 करोड़ टन था। ई-कॉमर्स फर्म एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से अगस्त के दौरान कुल कोयला आयात भी 10.3 प्रतिशत घटकर 10.39 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11.59 करोड़ टन था। अगस्त में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.05 करोड़ टन था, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 1.38 करोड़ टन था। इस दौरान कोकिंग कोयले का आयात 46.2 लाख टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि गैर-कोकिंग कोयले के आयात में (अगस्त 2023 तक) लगभग दो करोड़ टन की भारी गिरावट आई है। घरेलू उपलब्धता बढ़ने के चलते ऐसा हुआ। उन्होंने ये रुझान आगे भी जारी रहने की उम्मीद जताई।

### भारत में अप्रैल से अगस्त तक मोबाइल फोन निर्यात 5.5 अरब डॉलर का रहा

**नई दिल्ली।** भारत से चालू वित्त वर्ष में अगस्त तक मोबाइल फोन निर्यात लगभग दोगुना होकर 5.5 अरब डॉलर (लगभग 45,700 करोड़ रुपए) हो गया। मोबाइल उद्योग निकाय आईसीईए ने यह जानकारी दी। आईसीईए ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात अप्रैल-अगस्त 2023 में लगभग तीन अरब डॉलर (लगभग 24,850 करोड़ रुपए) था। नाम उजागर न करने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने 23,000 करोड़ रुपए के आईफोन निर्यात किए, जो कुल निर्यात के आधे से कुछ ज्यादा हैं। हालांकि, इस संबंध में पूछने पर एप्पल से कोई जवाब नहीं मिला। कुल मोबाइल फोन निर्यात पर इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात में 80 प्रतिशत से अधिक की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, भारत जीवीसी (वैश्विक मूल्य श्रृंखला) के लिए पसंदीदा स्थान बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। इस पर काम प्रगति पर है और प्रतिक्रिया सकारात्मक है। आईसीईए के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से फोन निर्यात दोगुना होकर 90,000 करोड़ रुपए से अधिक यानी लगभग 11.12 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 45,000 करोड़ रुपए था। सरकार को उम्मीद है कि मोबाइल फोन कंपनियां इस साल एक लाख करोड़ रुपए के उपकरण निर्यात करेंगी। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 120 अरब डॉलर निर्यात से आने की उम्मीद है।

## ऑनलाइन गेमिंग से लेकर आटा और शराब तक के बदलेंगे दाम

# 'जीएसटी में कटौती से किसानों को होगा लाभ'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक में मोटे अनाज से लेकर ऑनलाइन गेमिंग और शराब तक पर जीएसटी को लेकर बड़े फैसले किये गए हैं। जीएसटी काउंसिल ने शराब पर टैक्स लगाने का अधिकार राज्यों को सौंप दिया है। ऐसे में मानव उपभोग वाले अतिरिक्त तटस्थ एल्कोहल को जीएसटी से छूट दी जाएगी, जबकि औद्योगिक प्रयोग के लिए इस्तेमाल होने वाले ईएनए पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। इसके साथ ही, बैठक में एक दूसरा बड़ा फैसला कॉरपोरेट जगत से जुड़ा हुआ है। बैठक में स्पष्ट कर दिया गया कि कॉरपोरेट जगत द्वारा अपनी सहायक कंपनियों को दी गई गारंटी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हालांकि, निदेशक के कंपनी को व्यक्तिगत गारंटी देने पर कोई कर नहीं लगेगा। केंद्रीय



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और राज्यों के समकक्षों वाली परिषद ने शीरे पर जीएसटी दर को 28 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया। इससे गन्ना किसानों को फायदा होने की उम्मीद है। बैठक के बाद माना जा रहा है कि शराब की कीमतों में ग्राहकों को बड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि, इसपर अब आखिरी फैसला राज्यों का होगा। सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि शीरे पर जीएसटी में कटौती से गन्ना किसानों को फायदा होगा और उनका बकाया तेजी से चुकाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि परिषद और हम सभी को लगता है कि इससे पशु चारा बनाने की लागत में भी कमी आएगी, जो बड़ी बात होगी। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि परिषद ने निर्णय लिया है कि जब कोई निदेशक किसी कंपनी को कॉरपोरेट गारंटी देगा, तो सेवा का मूल्य शून्य माना जाएगा और इसलिए उस पर कोई

**शराब की कीमतों में ग्राहकों को बड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि, इसपर अब आखिरी फैसला राज्यों का होगा**

जीएसटी लागू नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई कंपनी अपनी सहायक इकाई को कॉरपोरेट गारंटी देगी, तो यह माना जाएगा कि सेवा का मूल्य कॉरपोरेट गारंटी का एक प्रतिशत है। इसलिए, कुल राशि के एक प्रतिशत पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। परिषद ने लेबल वाले मोटे अनाज के आटे पर पांच प्रतिशत कर लगाने का फैसला किया। आटे को पैक करके उस पर लेबल लगाकर बेचने पर जीएसटी लागू होगा। ऐसा आटा, जिसमें कम से कम 70 प्रतिशत मोटे अनाज हों, उसे खुला बेचने पर शून्य प्रतिशत जीएसटी लागू होगा, लेकिन पैक करके और लेबल लगाकर बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी काउंसिल के अधिकतम उम्र पर भी फैसला लिया गया। बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा तय करने पर निर्णय लेते हुए जीएसटीएटी अध्यक्ष की अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु 67 वर्ष तय की गयी। बता दें कि इससे पहले जीएसटी अध्यक्ष की अधिकतम उम्र 67 वर्ष और जीएसटी काउंसिल के सदस्यों की अधिकतम उम्र 65 वर्ष थी। हालांकि, इस बीच दिल्ली और गोवा जैसे राज्यों ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो पर पिछली तारीख से टैक्स की कम करने की मांग का मुद्दा गरमाया हुआ है।

### बैंकों की अब नहीं चलेगी मनमानी, रिजर्व बैंक उठाने जा रहा है बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में बैंकों की मनमानी की शिकायत पर देश का शीर्ष बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सख्त है। आरबीआई ने ग्राहक शिकायत निपटान तंत्र को मजबूत करने के मकसद से कुछ बदलाव करने और आंतरिक लोकपाल दिशानिर्देशों को एक मुख्य (मास्टर) दिशानिर्देशों के तहत लाने का फैसला किया है। उन्होंने साफ कहा कि बैंक की इस कोशिश से नियमन के तहत आने वाली इकाइयों की ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली और मजबूत होगी। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2015 में चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में आंतरिक शिकायत निपटान (आईजीआर) प्रणाली को मजबूत करने और ग्राहकों की शिकायतों को अस्वीकार करने से पहले बैंकों के भीतर शीर्ष स्तर की समीक्षा को सक्षम करके उनका कुशल तथा निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक आंतरिक लोकपाल (आईओ) तंत्र की शुरूआत की थी। इससे ग्राहकों की शिकायत को निपटाने में बड़ी मदद मिली थी।

# इजरायल व हमास के बीच युद्ध से दुनिया भर में बढ़ने लगी सोने - चांदी की मांग

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** इजरायल व हमास के बीच शुरू हुए युद्ध से दुनिया भर में सोने - चांदी की मांग बढ़ने लगी है। इधर भारत में पितृपक्ष के बाद त्योहार शुरू होने वाले हैं , इसके चलते भी सोने व चांदी के दाम बढ़ाने की संभावना है। क्योंकि भारत में सोने व चांदी की मांग बढ़ी है और प्रीमियम में भी तेजी से उछाल आया है। वैसे भी युद्ध या आर्थिक संकट के दौरान दुनियाभर में सोने की मांग तेजी से बढ़ती है, क्योंकि ऐसी हालत में निवेशक गोल्ड को निवेश का सबसे सुरक्षित विकल्प मानते हैं।

इस बारे में स्पार्टन कैपिटल सिक्योरिटी के चीफ मार्केट इकोनॉमिस्ट पीटर कार्डिलो का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के दौरान निवेश के लिए सुरक्षित विकल्प सोना होता है, क्योंकि जब भी अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल होती है , तो डॉलर काफी मजबूत होता है और सोना की मांग बढ़ती है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी प्रमुख अनुज गुप्ता का कहना है कि इजरायल व गाजा के युद्ध के कारण फिजिकल मार्केट में सोने की मांग तेजी से



बढ़ी है। इस कारण सोने का प्रीमियम बढ़कर 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक हो गया है , आगे और भी बढ़ सकता है। इसी कारण दिल्ली में कुछ व्यापारी सोना बेचने से इनकार कर रहे हैं। यही नहीं चांदी का प्रीमियम भी 1000रुपए प्रति 1 किलो बढ़कर 3500 रुपए हो गया है। पहले यह 2500 रुपए प्रति किलोग्राम था। यदि किसी धातु के प्रीमियम में बढ़ोतरी होती है, तो इस बात का संकेत मिलता है कि उसके कीमतों में उछाल आ सकती है। हाल ही में सोना अपने उच्चतम स्तर से लगभग 5000 अंक नीचे आ गया ,जबकि चांदी अपने उच्चतम स्तर से 13000 अंक तक नीचे आ गई थी। इस कारण दुकानदारों और निवेशकों ने सोने व चांदी में इन्वेस्टमेंट करना शुरू किया।


### चीनी की मिठास पर मौसम की मार, 13 साल में सबसे ज्यादा हुआ भाव

**नई दिल्ली।** त्योहारों का सीजन दस्तक दे चुका है। आने वाले दिनों में लगातार त्योहार पड़ने वाले हैं। हालांकि महंगाई लोगों का त्योहारी मूड बिगाड़ रही है। खासकर खाने-पीने की चीजों की महंगाई से लोग ज्यादा परेशान हैं। इस बीच अब चीनी से भी लोगों का स्वाद बिगड़ने लगा है। ग्लोबल मार्केट में चीनी की कीमतें कई सालों के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे घरेलू बाजार में भी दबाव पड़ रहा है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन की एक ताजी रिपोर्ट के अनुसार, चीनी की वैश्विक कीमतें सितंबर महीने में ऐसे उच्च स्तर पर पहुंच गईं, जो करीब 13 सालों में सबसे ज्यादा है। एफएंडओ की मानें तो वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतें बढ़ाने में भारत का भी योगदान है। संगठन का कहना है कि अल नीनो के चलते भारत और थाईलैंड में गन्ने की फसल प्रभावित हुई है। इसका असर चीनी की कीमतों पर दिख रहा है।

# देश की पहली बड़ी निजी सोने की खदान में अगले साल से शुरू होगा उत्पादन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड कंपनी की जियोमिसोर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो जोन्नागिरी में निजी क्षेत्र की पहली सोने की खदान पर काम कर रही है। बता दें, खदान में अब तक कुल करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) हनुमा प्रसाद ने कहा कि आंध्र प्रदेश में देश की पहली बड़ी निजी सोने की खदान में पूर्ण पैमाने पर उत्पादन अगले साल के अंत तक शुरू हो जाएगा। प्रसाद ने कहा कि जोन्नागिरी स्वर्ण परियोजना को लेकर शुरूआती स्तर पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। काम पूरा होते ही उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिसके बाद प्रति वर्ष करीब 750 किलोग्राम सोने का उत्पादन होगा। डेक्कन गोल्ड



माइन्स लिमिटेड (डीजीएमएल) कंपनी की जियोमिसोर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो जोन्नागिरी में निजी क्षेत्र की पहली सोने की खदान पर काम कर रही है। बता दें, खदान में अब तक कुल करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। वर्तमान में प्रति माह लगभग एक किलोग्राम सोने का उत्पादन कर रही है। सोने की खदान आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में तुग्गली मंडलम के भीतर जोन्नागिरी, एरागुंडी और पगदिराई गांवों के पास स्थित है। प्रसाद ने बताया कि भारतीय खदान में, जोन्नागिरी परियोजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल अक्तूबर-नवंबर के आसपास यहां उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि किर्गिस्तान में कंपनी की एक अन्य सोने की खनन परियोजना के तहत उत्पादन 2024 अक्तूबर या नवंबर में शुरू होने की संभावना है।

उसमें डीजीएमएल की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि अल्टीन टोर गोल्ड परियोजना के तहत प्रति वर्ष करीब 400 किलोग्राम सोने का उत्पादन होगा।

## विदेश

# इजराइल का बड़ा एक्शन : हमास के सैकड़ों आतंकवादी मार गिराए, कई को बंधक बनाए

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजराइली सेना के एक अधिकारी ने कहा कि गाजा और दक्षिणी इजराइल में हमास के साथ जारी लड़ाई में सैकड़ों आतंकवादी" मारे गए हैं और कई अन्य को बंधक बना लिया गया है। रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने फिलीस्तीनी आतंकवादी समूह द्वारा इजराइल पर अप्रत्याशित हमला किए जाने, सैकड़ों लोगों की हत्या करने और कई लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाने के 24 घंटे से अधिक समय बाद रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। इजराइल दक्षिणी हिस्से में आतंकवादियों से लड़ रहा है और उसने गाजा में हवाई हमलों में कई इमारतों को नेस्तनाबूद कर दिया है।

बता दें फिलिस्तीन स्थित आंतकी संगठन हमास के दर्जनों आतंकियों ने गाजा से जमीन, समुद्र और हवाई रास्ते से इजरायल में घुसपैठ की। इन



आतंकियों ने इजरायल पर 5000 रॉकेट दागे। इन हमलों में कम से 22 इजरायली नागरिकों की मौत हुई है जबकि 500 से ज्यादा घायल हैं। हमास के अलावा इन हमलों में दो और आतंकी संगठनों के शामिल होने की खबरें हैं। हमास के साथ इजरायल पर हुए हमलों में सराया अल-कुद्स और अल-कसम ब्रिगेड ने भी इजरायल को निशाना बनाया। अल कुद्स फिलिस्तीन के इस्लामिक जेहाद मूवमेंट की ही एक शाखा है। इन दोनों संगठनों ने हमास के साथ मिलकर इजरायल में खूनी खेल खेला। अल कसम हमास से जुड़ा संगठन है।

# कनाडा में भारतीय राजनियकों की हत्या का खतरा मंडरा रहा है




**कनाडा।** खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा और भारत के बीच चल रहा विवाद थम नहीं रहा है। कनाडा सरकार भारत विरोधी गतिविधियां कर रहे खालिस्तानी समर्थकों को रोकने में असफल रही है। काली सूची में डाले गए आतंकवादी कनाडा की शरण में भारत के खिलाफ हिंसक गतिविधियां कर रहे हैं। ट्रूडो सरकार के कहने पर भी खालिस्तानी समर्थकों ने गुरु नानक सिख गुरुद्वारा सर्रे से विवादित पोस्टर अभी तक नहीं हटाए हैं। यही नहीं भारतीय राजनयिकों की जान पर खतरा मंडरा रहा है क्योंकि खालिस्तान समर्थक अब भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाना चाहते हैं। खालिस्तानी समर्थक कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में पोस्टर लगाकर 3 भारतीय राजनयिकों संजय कुमार वर्मा (उच्चायुक्त), मनीष (महावाणिज्यदूत) और अपूर्व श्रीवास्तव (महावाणिज्यदूत) की हत्या की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सरकार के कहने के बाद भी गुरुद्वारे पर पोस्टर दोबारा लगाए हैं।

### कैलिफोर्निया गवर्नर ने जातिगत भेदभाव पर रोक वाले विधेयक पर किया वीटो

**न्यूयार्क।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने प्रांतीय असेंबली द्वारा हाल ही में पारित जातिगत भेदभाव विरोधी विधेयक पर शनिवार को वीटो कर दिया। न्यूसम ने अपने फैसले के समर्थन में तर्क दिया कि कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव पर रोक लगाने वाले कानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक बड़े वर्ग ने न्यूसम के कदम का स्वागत किया है। ये लोग इसी तर्क के आधार पर इस विधेयक का विरोध कर रहे थे। न्यूसम ने एक बयान में कहा, कैलिफोर्निया में हमारा मानना है कि हर किसी से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो, कहां से भी आया हो, किसी से भी प्यार करता हो या कहीं भी रहता हो। उन्होंने कहा, यही कारण है कि कैलिफोर्निया लिंग, नस्ल, रंग, धर्म, वंश, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, लैंगिक पहचान, यौन झुकाव और अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

## मौत की नींद | अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में 6.3 तीव्रता से आया भूकंप

# 2000 से अधिक लोगों की मौत, तालिबान ने की पुष्टि

**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में शनिवार को आए 6.3 तीव्रता के भूकंप के दो झटकों में 2000 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी जबकि तालिबान प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की है। तालिबान के एक प्रवक्ता ने बताया कि 465 मकान जमींदोज हो गए हैं और 135 क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा, कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका की खबरों के बीच तलाश एवं बचाव अभियान जारी रहने के कारण साझेदारों तथा स्थानीय प्राधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ने का अनुमान जताया है। आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल्ला जन ने बताया कि भूकंप और उसके बाद आए झटकों का सबसे ज्यादा असर हेरात प्रांत के जेंदा जन जिले के चार गांवों पर



पड़ा है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केंद्र हेरात शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। इसके बाद 6.3, 5.9 और 5.5 तीव्रता के तीन भूकंप के झटके भी महसूस किए गए। संयुक्त राष्ट्र ने 320 लोगों के मारे जाने का प्रारंभिक आंकड़ा दिया था, हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि आंकड़े की अभी पुष्टि की जा रही है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि 6.3 तीव्रता के झटके आए। भूकंप का केंद्र हेरात शहर से 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। बाद में भी 5.5 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। सर्वेक्षण की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया एक नक्शा इस क्षेत्र में सात भूकंपों का संकेत देता है। हेरात शहर के निवासी अब्दुल समदी ने कहा, दोपहर के समय शहर में कम से कम पांच शक्तिशाली भूकंप आए। समदी ने कहा, लोग अपने घरों से बाहर निकल गए हैं। घर, कार्यालय और दुकानें सभी खाली हैं। आगे और झटके आने की आशंका है।" समदी ने कहा, मैं और मेरा परिवार अपने घर के उसने कहा कि उनका परिवार शोर मचाने लगा और बाहर निकल गया और वापस अंदर जाने से डर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि उसने हताहतों को अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए जेंदा जान इलाके में 12 एम्बुलेंस भेजीं। टेलीफोन लाइन ठप हो जाने के कारण प्रभावित क्षेत्रों से सटीक

**कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका की खबरों के बीच तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ने का अनुमान जताया है**

विवरण प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हेरात शहर में सैकड़ों लोग अपने घरों और कार्यालयों के बाहर सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। हेरात प्रांत की सीमा ईरान से लगती है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, भूकंप आसपास के फराह और बदगीस प्रांतों में भी महसूस किया गया। तालिबान द्वारा नियुक्त आर्थिक मामलों के उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर ने हेरात और बदगीस में भूकंप में मारे गए लोगों और घायलों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

### भारत-नेपाल ने द्विपक्षीय बैठक में सुरक्षा मुद्दों व रक्षा आपूर्ति पर की चर्चा

**काठमांडू।** नेपाल और भारत ने द्विपक्षीय सहयोग की कोशिशों के तहत परस्पर सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की है। दोनों पक्षों ने सुरक्षा मुद्दों पर भारत-नेपाल द्विपक्षीय परामर्शदाता समूह की 15वीं बैठक नेपाल के पोखरा में पांच अक्टूबर को की, जिसमें परस्पर सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा संयुक्त सैन्य अभ्यास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। भारतीय दूतावास द्वारा शनिवार को जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, दोनों देशों ने एक-दूसरे देश की यात्राएं करने, संयुक्त पर्वतारोहण और साहसिक गतिविधियों और आपदा प्रबंधन एवं सूचना साझेदारी में सहयोग पर भी चर्चा की। द्विपक्षीय बैठक के दौरान, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (उत्तर) अनुराग श्रीवास्तव ने किया, और नेपाल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव भृगु धुंगाना ने किया।

# बांगलादेश पीएम ने हवाईअड्डे के तीसरे टर्मिनल का किया उद्घाटन




**एजेंसी। ढाका**

बांगलादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को राजधानी ढाका में विश्व स्तरीय यात्री सेवा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए देश के विमानन क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नवनिर्मित तीसरे टर्मिनल का उद्घाटन किया। नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्य मंत्री महबूब अली, जापान के विदेश मामलों के उप मंत्री मासाहिरो कोमुरा, सचिव नागरिक उड्डयन और पर्यटन मोकमेल हुसैन और बांग्लादेश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एम मोफिदुर रहमान के अलावा जापान के भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के सैतो तेत्सु भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री हसीना ने बाद में टर्मिनल-3 के विभिन्न खंडों का दौरा किया और इसके विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तीसरे टर्मिनल पर एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की गतिविधियों पर एक अन्य वीडियो वृत्तचित्र भी दिखाया गया। ढाका एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और बाकी काम जोरों पर चल रहा है।

समझदार वह नहीं जो ज्यादा पढ़ा लिखा है बल्कि समझदार वह है जिसे यह हुनर आता हो की किससे किन अल्फाज और किस लहजे में बात करनी है।

– अज्ञात



# मरांडी का पलामू दौरा

**भाजपा** की संकल्प यात्रा जारी है। झारखण्ड के पहले मुख्यमंत्री व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पलामू दौरा पार्टी कार्यकर्ताओं को नया जोश भरने में कामयाब रही । मरांडी ने शाहपुर कर्बला के सामने मैदान में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित महथी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल की योजनाओं की चर्चा की तो वहीं झारखण्ड सरकार की कई मुद्दों पर आलोचना करते हुए सीएम हेमंत पर जमकर तीखे तंज कसे। उन्होंने कहा कि केंद्र में लम्बे समय तक रही कांग्रेस की सरकार ने गरीब, महिला व किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की। कांग्रेस के कार्यकाल में विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले हुए। गांव के ग्रामीण बिजली, पानी व सड़क जैसी सुविधाओं के लिए तरसती रही। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद गांव का जितना विकास हुआ वह कभी नहीं हुआ था। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे अधिक गांव, गरीब, किसान व महिलाओं की चिंता की। गांव गांव में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना के तहत सड़के बनाई गई। 80करोड़ गरीबों को बुनियादी सुविधायुक्त आवास दिया गया । गरीबों के बैंको में शून्य बैलेंस पर खाता खुलवाया गया। महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए शौचालय बनाये गये और फ्री रसोई गैस तथा चूल्हा दिये गये। इतना ही नहीं सरकार किसानों को प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपए दे रही है। ताकि किसान समय से बीज खरीद कर समय से खेती कर सकें। यह सही है कि सत्ता से हटने के बाद सभी पार्टियों को जनता की याद आने लगती है। काम की गिनती करते हुए मरांडी ने जिस प्रकार अपनी राजनीति की प्रयोगशाला में सबको जोड़ने का काम किया है। लेकिन आज भी भाजपा के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को उपेक्षा का संगीत सुनना पड़ता है,यह सही नहीं है। आगामी चुनाव में उनकी नाराजगी का असर देखने को मिल सकता है। शायद इस बात को बाबूलाल समझते हैं। इसकी भरपाई कैसे की जाये,इसका होमवर्क कर वह चले गये हैं। यह बात बहुत सारे भाजपाई नहीं समझ सके हैं। एक प्रकार से पलामू यात्रा में मरांडी ने आगामी रणनीति भी बना ली है। जैसा उनके साथ काम कर रहे लोग मानते हैं। दूसरी तरफ सत्ताधारी झामुमो और गठबंधन का साथी कांग्रेस अपनी दावेदारी के लिए मगजमारी कर रहा है। इसी का फायदा भाजपा उठाना चाहती है। झारखण्ड की हेमंत सरकार पर केंद्र की विकास योजनाओं में भी अड़ंगा लगाने का आरोप लगाकर मरांडी भले ही खुश हैं। लेकिन यह सभी जानते हैं कि हेमंत सरकार केन्द्र की सरकार के साथ प्रारंभ से तालमेल बैठा कर चल रही है। यही कारण है कि नक्सलवाद के विषय पर देश के गृहमंत्री के साथ हुई बैठक में हेमंत सोरोन ने खुलकर अपनी बात रखी है। कुछ अच्छे कार्य भी हो रहे हैं। जिसकी तारीफ भी होनी चाहिए। सीएम हेमंत सोरोन के पलामू दौरे पर मरांडी ने कहा कि मेघा डेयरी प्लांट रघुवर सरकार की देन है। लेकिन सच्चाई यही है कि हेमंत सरकार ने ही उसका श्रीगणेश किया है। जिसकी चर्चा आज भी पलामू में जारी है। यह सही है कि चुनाव की बाबत सभी पार्टियां व्यायाम करने में जुट गयी हैं। सभी को मालूम है कि स्वास्थ्य के लिए यह बहुत जरूरी है।

**मरांडी ने शाहपुर कर्बला के सामने मैदान में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित महथी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल की योजनाओं की चर्चा की तो वहीं झारखण्ड सरकार की कई मुद्दों पर आलोचना करते हुए सीएम हेमंत पर जमकर तीखे तंज कसे।**

# शरीर से ज्यादा मन को स्वस्थ बनाना जरूरी





ललित गर्ग

**प्रतिवर्ष** पूरी दुनिया में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है और समर्थन जुटाना है। मानव समुदाय को तनावरहित जीवन देकर अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु प्राप्त करने में मदद करना भी इस दिन का ध्येय है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती हुई आबादी, शहरीकरण, महंगाई, बेरोजगारी एवं आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूचे विश्व के लिये चिन्ता का विषय हैं। आज जीवन का हर क्षेत्र समस्याओं से घिरा है, आपाधापी एवं घटनाबहुल जीवन के कारण तनाव एवं दबाव महसूस किया जा रहा है, चाहे वह काम हो, रिश्ते हों, जीवन से उम्मीदें हों। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वन्द्व और मानसिक उथल-पुथल की जिन्दगी जीने को विवश है। इन जटिल से जटिलतर होते हालातों में अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखना महत्वपूर्ण हो गया है। इस वर्ष की थीम है 'मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है।' मनोविकार जब किसी शारीरिक व्याधि के रूप में प्रकट होते हैं, तब वे मनोकायिक रोग या 'सायकोसोमेटिक डिजीज' के रूप में पहचाने जाते हैं। आज सर्वत्र अपेक्षा की जा रही है कि स्वस्थ मानसिकता का निर्माण हो। मनुष्य के विचारों और व्यवहारों को बदला जाय। हर व्यक्ति जितना शारीरिक बीमारियों से पीड़ित है, उससे ज्यादा वह मानसिक बीमारियों एवं विकारों से ग्रस्त है। शास्त्रों में कहा गया है - चिंता, चिता के समान है। प्रतिदिन के तनाव से उपजती और मौत के मुंह में ले जाती गंभीर बीमारियों को देखते हुए यह बात बिल्कुल सही साबित होती है। हर एक मिनट का हिसाब रखती, भागदौड़ भरी वर्तमान जीवनशैली में सबसे बड़ी और लगातार उभरती हुई समस्या है मानसिक तनाव। हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पांव पसार चुका तनाव, व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। निजी जिंदगी से शुरू होने वाला मानसिक तनाव पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बना है, जो अपने साथ कई तरह की अन्य समस्याओं को जन्म देने में सक्षम है। यही कारण है, कि इसे बचने के लिए और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए योग, ध्यान, अध्यात्म और कई तरह के अलग-अलग तरीकों को लोग अपने जीवन में उतार रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक नया विश्लेषण दर्शाता है कि दुनिया भर में करीब एक अरब लोग मानसिक विकार के किसी ना किसी रूप से पीड़ित हैं। एक अध्ययन के अनुसार अकेले भारतवर्ष में ही लगभग पांच करोड़ से अधिक लोग मनोरोगी हैं। एक मानसशास्त्रीय रिपोर्ट का निष्कर्ष है-किसी भी जनसंख्या का डेढ़ प्रतिशत जीवन भर मानसिक बीमारी से ग्रस्त रहता है। दस प्रतिशत व्यक्ति अपने जीवन में कभी न कभी इस रोग से प्रभावित होते हैं। मानसविदों की नवीनतम खोजों का सार है, संपूर्ण विश्व में हर दूसरा आदमी मानसिक दृष्टि से बीमार है। कुछ मनोवैज्ञानिकों का मानना है, जाने-अनजाने प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी मनोरोग से सदा पीड़ित रहता है। चिंता, घबराहट, नींद की कमी, निराशा, चिड़चिड़ापन, नकारात्मक सोच-

**वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती हुई आबादी, शहरीकरण, महंगाई, बेरोजगारी एवं आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूचे विश्व के लिये चिन्ता का विषय हैं।**

## इन दिनों

ये सब मनोरोग के स्थूल लक्षण हैं। यह मानसिक पंगुता की शुरूआत है। इससे मस्तिष्क कुंठित हो जाता है। बौद्धिक स्फुरणा अवरुद्ध हो जाती है। दिमागी मशीनरी के जाम होते ही शरीर-तंत्र भी अस्त-व्यस्त और निष्क्रिय हो जाता है। असंतुलित मन स्वयं रोगी होता है और तन को भी रोगी बना देता है। सर्वविदित है कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। उदाहरण के लिए तनाव इंसान को अत्यधिक सिरदर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त करता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का प्रमुख कारण मानसिक तनाव होता है। यह आपका स्वभाव चिड़चिड़ा कर आपकी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। इससे बचने के लिए तनाव पैदा करने वाले अनावश्यक कारणों को जीवन से दूर करना जरूरी ही नहीं, अनिवार्य हो गया है। जीवन में सुख, शांति और संतुष्टि के लिए मन की स्वस्थता भी उतनी ही जरूरी है, जितनी तन की स्वस्थता। वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान की अनेक शाखाएं विकसित हुई हैं, उनमें एक है मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान। इसके द्वारा व्यक्ति को मनोरोगों से बचाने का तथा स्वस्थ मानसिकता के निर्माण का प्रयास किया जाता है। स्वस्थ मन वाला व्यक्ति सदा आत्मतोष, पूर्णता एवं आनंद का अनुभव करता है। इससे व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है। संतुलित व्यक्ति जीवन में आनेवाली बाधाओं/कठिनाइयों में भी समायोजन स्थापित कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य से हमारा तात्पर्य है मन की शांति, चित्त की प्रसन्नता। परिस्थितियों के साथ समायोजन कर चलने वाला व्यक्ति लक्ष्य तक पहुंच जाता है। असमायोजित व्यक्ति पग-पग पर असफल होता है। फिर निराशा, हताशा से आक्रान्त होकर कई प्रकार के मनोरोगों का शिकार हो जाता है। भारत तीस प्रतिशत युवा जनसंख्या के साथ युवाओं का देश है। किशोरों और वयस्कों के बीच मानसिक परेशानी की रोकथाम और प्रबंधन की शुरूआत जागरूकता बढ़ाकर और मानसिक रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों और लक्षणों को समझकर कम उम्र से की जानी चाहिए। इसीलिये 10 अक्टूबर वर्ष 2014 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति की घोषणा की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मानसिक बीमारियों की गंभीरता को देखते हुए अनेक बहुआयामी कार्यक्रमों की शुरूआत करने की पहल की हैं। किशोरावस्था और वयस्कता के शुरूआती वर्ष जीवन का वह समय होता है, जब कई बदलाव होते हैं, उदाहरण के लिए स्कूल बदलना, घर छोड़ना तथा कॉलेज, विश्वविद्यालय या नई नौकरी शुरू करना। कई लोगों के लिए ये रोमांचक समय होता हैं तथा कुछ मामलों में यह तनाव, अवसाद, कुंठा और शंका का समय हो सकता है। कई लाभों के साथ ऑनलाइन प्रौद्योगिकियों का बढ़ता उपयोग इस आयु वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त दबाव भी लाया है, सभी मानसिक रोगों में से आधे चौदह वर्ष की उम्र तक शुरू होते हैं, आत्महत्या पंद्रह से उनतीस वर्षीय लोगों के बीच मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। किशोरों में अल्कोहल और मादक पदार्थों का हानिकारक उपयोग एक प्रमुख समस्या है तथा यह असुरक्षित यौन संबंध या खतरनाक ड्राइविंग जैसा जोखिमपूर्ण व्यवहार उत्पन्न करता है। शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सामान्यतः सभी लोग चिंतित रहते हैं पर मन की स्वस्थता की ओर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। स्वास्थ्य दवाओं पर नहीं, विचारों पर निर्भर करता है। मस्तिष्क और शरीर का गहरा संबंध है। मस्तिष्क

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**गरुड़** जी बच्चे को ब्रह्मा, विष्णु और शिव के पास ले गये जिन्होंने उनसे उस बच्चे को आयु बढ़ाने का अनुरोध किया लेकिन सब व्यर्थ था। तब तीनों देवता तथा गरुड़ जी ने धर्मराज (यम) के पास जाने का निश्चय किया जो सबका लेखा-जोखा रखते हैं। उन्होंने भी अपनी बेबसी बता दी कि वह भी किसी की उम्र नहीं बढ़ा सकते। यह असंभव है। प्रतिष्ठा का मसला मानते हुए तीनों देवताओं ने धर्मराज (यम) से समाधान मांगा तो धर्मराज (यम) ने कहा कि यदि आप बच्चे को अपनी उम्र देंगे तभी उसकी उम्र बढ़ाई जा सकती है। यह सुनकर तीनों देवताओं ने अपनी अक्षमता स्वीकार कर ली और कहा कि केवल सर्वोच्च भगवान ही उनकी आयु बढ़ा सकते हैं। सभी ने धर्मराज (यम) के दरबार को छोड़ दिया। कबीर साहब ने आगे धर्मदास से कहा कि 'तब गरुड़ जी ने मुझसे निवेदन किया। मैंने उसे मानसरोवर से अमृत जल लाने को कहा। और बताया कि वहां उनकी मुलाकात 'श्रवण' नाम के एक भक्त से होगी जो उनकी मदद करेगा। गरुड़ जी ने श्रवण से मानसरोवर का अमृत जल लाकर बालक को दिया। तब उस बालक ने कबीर को ईश्वर मान लिया और शरण ली। उनका कल्याण हुआ; बाद में वे सनातन सतलोक के स्थायी निवासी बने और मोक्ष प्राप्त किया। ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने धर्मराज (यम) से पूछा कि वह बच्चा अपनी उम्र खत्म होने के बाद भी कैसे जीवित रहा? धर्मराज (यम) ने उत्तर दिया कि यह सर्वोच्च भगवान की शक्ति से हुआ है। केवल वही आयु बढ़ा सकता है। मेरे और आप सभी के पास सीमित शक्तियाँ हैं और वे ऐसा नहीं कर सकते।

*(क्रमशः)*

# भारत में पहली बार 1854 में जारी किया गया डाक टिकट



योगेश कुमार गोयल

**विश्व** भर में प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को 'विश्व डाक दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में डाक के महत्व को दर्शाना तथा इसकी उपयोगिता साबित करना है। 09 अक्टूबर 1874 को स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किये थे, जिसके बाद 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' का गठन किया गया था। 01 जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना, जो इसकी सदस्यता लेने वाला पहला एशियाई देश था। 1874 में गठित हुई 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' की याद में जापान के टोक्यो में 09 अक्टूबर 1969 को आयोजित विश्व डाक संघ के सम्मेलन में इसी दिन 'विश्व डाक दिवस' मनाये जाने की घोषणा की गई और तभी से प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को ही अंतरराष्ट्रीय डाक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पादों के बारे में जानकारी देना, उन्हें जागरूक करना और डाकघरों के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। भारत में पहली बार सन 1766 में ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड क्लाइव द्वारा डाक व्यवस्था की शुरूआत की गई थी, जिसका विकास करते हुए 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने पहला डाकघर कोलकाता में स्थापित किया था। उसके बाद 1786 में चेन्नई और 1793 में मुम्बई में जनरल डाकघर स्थापित किये गये। जहां तक डाक टिकटों की शुरूआत की बात है तो देश में डाक टिकटों की शुरूआत ब्रिटिश शासनकाल में ही वर्ष 1852 में हुई थी लेकिन उस समय जारी किये गये टिकट केवल सिंध प्रांत में ही चल सकते थे। हालांकि विश्व में डाक टिकटों का इतिहास करीब 183 वर्ष पुराना है। डाक टिकटों की शुरूआत कब, क्यों और कैसे हुई, इसका भी दिलचस्प इतिहास है। डाक टिकटों की विधिवत शुरूआत 06 मई 1840 को हुई थी, जब एक पैनी मूल्य का विश्व का पहला डाक टिकट जारी किया गया था, जिसे 'ब्लैक पैनी' के नाम से जाना गया क्योंकि यह डाक टिकट काली स्याही से छापा गया था। इस डाक टिकट के अस्तित्व में आने से पूर्व डाक टिकटों के स्थान पर 'ठप्पा टिकटों' का प्रयोग होता था, जो आयताकार, गोलाकार, त्रिकोणाकार अथवा अंडाकार होते थे और इन ठप्पों पर 'पोस्ट पेड' अथवा 'पोस्ट नोन पेड' इत्यादि लिखा होता था। प्राचीन काल में डाक सेवा का उपयोग राजा-महाराजा अथवा शाही घरानों के लोग ही करते थे और उस वक्त पत्रों अथवा संदेशों को लाने-ले जाने का काम उनके विशेष संदेशवाहक या दूत अथवा कबूतर या अन्य पशु-पक्षी करते थे, जिन्हें बाकायदा इस काम के प्रशिक्षित किया जाता था लेकिन बाद में जब आम लोगों को भी इसकी जरूरत महसूस होने लगी तो तय किया गया कि पत्रों की आवाजाही के शुल्क का भुगतान या तो पत्र प्रेषक करेगा अथवा प्राप्तकर्ता से शुल्क लिया जायेगा लेकिन अकसर होने यह लगा कि प्रेषक पत्रों को अग्रिम भुगतान किये बिना ही भेज देता और प्राप्तकर्ता उसे लेने के बजाय वापस लौटा देता और तब प्रेषक भी शुल्क के भुगतान से बचने के लिए उसे लेने से इनकार कर देता। इससे सरकार को अनावश्यक आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती थी। सरकार को डाक व्यवस्था की खामियों की वजह से लगातार हो रहे आर्थिक नुकसान के मद्देनजर

**डाक टिकटों की शुरूआत कब हुई, इसका भी दिलचस्प इतिहास है। डाक टिकटों की विधिवत शुरूआत 06 मई 1840 को हुई थी, जब एक पैनी मूल्य का विश्व का पहला डाक टिकट जारी किया गया था।**

## डाक घर

ब्रिटिश सरकार को प्रसिद्ध आर्थिक सलाहकार रोलेण्ड हिल ने सलाह दी कि वह डाक व्यवस्था में मौजूद दोषों अथवा खामियों को दूर करने के लिए इसमें कुछ अनिवार्य संशोधन करे और डाक शुल्क के अग्रिम भुगतान के रूप में डाक टिकट तथा शुल्क अंकित लिफाफे जारी करे ताकि इनके जरिये अग्रिम डाक शुल्क प्राप्त हो जाने पर सरकार को घाटा न झेलना पड़े। अंततः ब्रिटिश सरकार ने काफी जद्दोजहद के बाद उनका सुझाव स्वीकार कर लिया और तब तक चले आ रहे ठप्पा टिकटों के बजाय डाक टिकट जारी करने का फैसला कर लिया गया।

## फोटो की दुनिया




फेसबुक वॉल से

**आपके जीवन की गुणवत्ता इस बात पर निर्भर करती है कि आपके दिमाग में किस गुणवत्ता के विचार आते हैं।**

# हमास के इजरायल पर हमले के मायने



ललित मोहन बंसल

**इजरायल** की सुरक्षा एजेंसियां गच्चा क्यों खा गयीं? गाजा स्थित हमास आतंकवादियों ने अकस्मात इजरायल के दक्षिण में गाजा पट्टी के साथ लगी बस्तियों पर जमीनी हमले और तेल अवीव तथा यरुशलम की यहूदी बस्तियों पर एक साथ दो हजार राकेट दाग कर एक 'निर्णायक' युद्ध की दावत दे दी है। शनिवार तड़के जैसे ही इजरायली नींद से उठे, उन्हें अपने इर्द-गिर्द के शहरों और बस्तियों और खास कर देश के दक्षिणी हिस्से की करीब एक दर्जन उपनगरों से आ रही मातमी खबरों ने उद्वेलित कर दिया। इस हमले पर इजरायल के कुशल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने त्वरित कार्रवाई में हमास आतंकवादियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। ये ही नेतान्याहू एक सप्ताह पूर्व अमेरिकी प्रस्ताव पर सऊदी अरब और इजरायल एक टेबल पर आने, मध्य पूर्व एशिया में शांति स्थापना के लिए गाजा में हमास आतंकवादियों को कुछेक रियायतें दिलवाने की कोशिश में जुटे थे। सऊदी अरब ने भी हाथ बढ़ा दिया था। फिर हमास आतंकवादियों ने हमला क्यों किया? क्या इस प्रस्ताव पर ईरान को गुरेज था? इजरायल की मिली-जुली सरकार में दो दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से खबरें आ रही हैं कि हमास 18 वर्ष पूर्व कूटनीतिक दबाव से बच गया, वह गाजा पट्टी पर बेताज बादशाह भी बन गया, लेकिन इस बार इजरायली सेना उसकी हसरत मिटा कर रख देगी? यह एक बड़ी और चुनौतीपूर्ण धमकी है। हमास आतंकवादियों की प्रारंभिक सफलता पर पड़ोसी देश लेबनान में हेजबुल्ला की ओर से मिठाइयां बंटीं तो ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सौलास आतिशबाजी की। अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के कथन को सही माने तो हमास आतंकवादियों में इतना दम नहीं है, वह उसकी सैन्य मदद के बिना इजरायल के दरवाजे पर बंदूक रख सके। हां, कुवैत ने धर्म निभाया। उसने उलटे इजरायल की निंदा कर दी। मुमकिन है, मध्य पूर्व एशिया के कुछ और देश लामबंदी के लिए आगे आयें। यूं इजरायल के पड़ोसी देश जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डा है। बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात, दो निकटवर्ती देश अमेरिकी मित्र हैं। सऊदी अरब ने भले ही ईरान के साथ कूटनीतिक संबंध बनाये हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि खाड़ी में वर्चस्व की लड़ाई में सऊदी प्रिंस एक बार अमेरिका का साथ भले ही नहीं दें, ईरान का साथ देने से बचेंगे। यह युद्ध क्या मोड़ लेगा, अभी कहना कठिन है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल के साथ मित्रता और निकटता पूर्ण संबंधों के आधार पर हमास आतंकवादियों के अकस्मात आक्रमण की निंदा की है। सीमापार आतंकवाद कश्मीर में हो अथवा इजरायल में, मानवीय मूल्यों पर उसका पक्षधर कोई नहीं हो सकता। बाइडन ने ईरान सहित अन्य देशों को सतर्क किया है कि वे हमास आतंकवादियों से दूर रहें। यो डेमोक्रेट और रिपब्लिकन, दोनों ही इजरायल के हितैषी हैं। 'अल अक्सा अभियान' : फिलिस्तीन आतंकवादियों की ओर से सीमापार आतंकी हमलों की घटनाएं कोई नई नहीं है। इस बार यहूदियों के एक पर्व के अंतिम दिन शनिवार को यरुशलम में सैकड़ों एकड़ भू-भाग में फैले यहूदी धार्मिक स्थली 'माउंट टेम्पल' में सैकड़ों लोग एकत्रित थे। यहीं पर 'अल अक्सा मस्जिद' भी है, जिसे मक्का और मदीना के बाद तीसरा बड़ा पवित्र स्थल माना जाता है। इसके बाहर जमा सैकड़ों यहूदी दर्शनार्थियों का जमावड़ा था। इस पवित्र स्थल पर आने-जाने में कोई रोकटोक नहीं थी। गाजा पट्टी से भी अक्सर लोग आते-जाते रहे हैं। हमास आतंकवादियों को भी मौका मिल गया। उन्होंने पहले ही झटके में चहुंओर से जमीनी और हवाई राकेट से हमले कर इजरायली इंटेलिजेंस को बैकफुट पर खड़ा कर दिया। बता दें, गाजा से आये दिन सैकड़ों लोग 'अल अक्सा मस्जिद' में आते-जाते रहे हैं।

**मुमकिन है, मध्य पूर्व एशिया के कुछ और देश लामबंदी के लिए आगे आयें। यूं इजरायल के पड़ोसी देश जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डा है। बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात, दो निकटवर्ती देश अमेरिकी मित्र हैं।**

## हमला

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसकरचा गांव निवासी सतीश तिर्की (17) पिता बिमल तिर्की एवं ललित कुजूर (18) पिता स्व. जवाकिम कुजूर और लूरगुमी खुर्द गांव के युवक अमजित जोनी लकड़ा (25) पिता फ्रांसिस लकड़ा रविवार शाम लगभग छह बजे बांसकरचा मोड़ रोड कंट्रक्शन प्लांट के स्थित मोड़ में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। ललित कुजूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन तीनों घायलों का प्रथामिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अमित खलखो द्वारा कर लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनों महुआडांड़ की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरित

**बरवाडीह।** वंदे मातरम निष्काम कर्म योग साधना के नारायण सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से रविवार को प्रखंड की केड़ पंचायत के ग्राम बगंई भुइयां टोला में भुइंया समाज के 100 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच संस्था के अध्यक्ष निर्दोष कुमार वस्त्र का वितरण किया। मौके पर निर्दोष कुमार, सुरेंद्र भुइयां, बगंई टोला के शुकुल भुइयां, बाबूलाल भुइयां, अरनदीप भुइयां, चलीतर भुइयां, लल्लू भुइयां आदि उपस्थित थे।

### कोयल नदी में बहा व्यक्ति लापता पुलिस ने सहयोग की अपील की

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के गणेशपुर निवासी सुरेंद्र कोरवा (45) अक्टूबर को काम करके अपने घर गणेशपुर आने के क्रम में गणेशपुर और कारवाई के बीच कोयल नदी में आए पानी के तेज बहाव में बह गया। उसका कोई अता पता नहीं चल पा रहा है। परिवार वालों ने हर संभावित जगहों पर उसकी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। सुरेंद्र कोरवा के परिजनों इसकी सूचना छिपादोहर पुलिस को देते हुई आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने लापता सुरेंद्र कोरबा की तलाश में आम लोगों से सहयोग की अपील की है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने इसके लिए छिपादोहर थाना - 6207277800,गारू थाना - 87577 14081 पर सूचना देने की अपील की है।

### भूरैयतों ने मुआवजा को लेकर की बैठक

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंजो पंचायत सचिवालय में रविवार को भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से फोरलाइन सड़क निर्माण के लिए एनएचएआई 39 द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा नोटिस, आकलन माफी, ओवरब्रिज निर्माण इत्यादि पर चर्चा की गई। पासवान ने कहा कि जमीन का मुआवजा बहुत कम है। हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि भूमि का संतोषजनक मुआवजा मिलना चाहिए वरना हम आंदोलन करेंगे। मौके पर सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, हरिहर प्रसाद यादव, आनंद प्रजापति, संजय यादव, सेठा यादव, दरोगी यादव, अमरेश यादव, अमित उराव, ललन शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर बैठक का आयोजन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के भुसूर ग्राम के शिव मंदिर में रविवार को मुखिया सुरेंद्र उरांव की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक की गयी। इसमें दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। सुशील कुमार यादव को अध्यक्ष व दिलेश्वर प्रसाद साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि दिनेश कुमार यादव को सचिव, मिथलेश यादव को उप सचिव, संदीप यादव को कोषाध्यक्ष व मनीष कुमार यादव को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सुरेंद्र उरांव, रामधनी प्रसाद यादव, आदित्य यादव, ईश्वर यादव, हरकनाथ यादव, गजेंद्र यादव व प्रयाग साव को संरक्षक तथा विजय सिंह, कलिंद्र महली, मुकेश यादव, रविंद्र यादव, मिथलेश कुमार यादव, आशिष यादव, रंजीत यादव, सुरज महली, अजय यादव, उमेश यादव व नारायण यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### पुलिस ने एनडीपीएस के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गिद्धौर (चतरा)। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी विनय दांगी के पुत्र विकास कुमार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। यह लंबे अरसे से फरार चल रहा था। विकास के विरुद्ध रामगढ़ में 2017, इटखोरी में 2019 व गिद्धौर में 2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज हुई थी। इसमें पुलिस को लंबे अरसे से विकास की तलाश थी। थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाकर उसकी गिरफ्तारी फिल्मी अंदाज में गिद्धौर से की गई। तत्पश्चात आरोपी को न्याय हिरासत भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि विकास ने गिरफ्तारी के बाद कई गुप्त राज का खुलासा किया है जिस पर पुलिस कार्य कर रही है। वहीं विकास की संपत्ति का ब्योरा भी पुलिस जुटा रही है।

# मवि इटके की चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों ने कार्य रोका

## टाई बीम की 12 इंच के स्थान पर मात्र 5 से 6 इंच ही ढलाई की गई, अविलंब जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके में डीएमएफटी फंड द्वारा चहारदीवारी घेराव निर्माण कार्य में भारी अनियमितता को देखते हुए विरोध कर ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने बताया की संवेदक द्वारा विद्यालय भवन के चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। टाई बीम की 12 इंच के स्थान पर मात्र 5 से 6 इंच ही ढलाई की गई है। वही गेट में 12 एमएम का रड 6 पीस कर पीलर में देना है लेकिन मात्र 4 पीस डालकर खानापूर्ति की जा रही है। मिटी युक्त बालू का भी उपयोग किया जा रहा है। साथ ही 10 फीट दूरी में पीलर की जगह 12 फीट में पीलर दिया गया है। इससे देखते हुए ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कार्य को बंद करवा दिया है।

वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मो. ओजैर ने बताया कि योजना का स्टीमेट संवेदक से मांगा गया तो संवेदक ने कहा कि जहां जाना है जाओ, कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे, ऊपर से नीचे सब मैनेज रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी विद्यालय में अधिकांश गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं। घटिया निर्माण कार्य से कभी भी चहारदीवारी क्षतिग्रस्त हो सकता है। निर्माण कार्य की योजना संख्या, प्राक्कलन राशि, लंबाई ऊंचाई सहित किसी प्रकार का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है और संवेदक तेज गति से कार्य को करवा रहा है। इस संबंध में मो. हरीश ने बताया कि मेरे भाई के पेपर से काम हो रहा है। काम हम ही देखते हैं। यह बात सही है कि 12 इंच की जगह मात्र 6 इंच ही टाई बीम ढलाई हुआ है। मजदूर की कमी के कारण गलती हुई है। जेई साहब और विभाग जाच कर जो भी फैसला होगा उसे मान लेंगे। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त व वरीय अधिकारी से अविलंब जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।


# मयूरहंड में डे-नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

## उद्घाटन समारोह में प्रमुख, कई पंचायत प्रतिनिधि व भाजपा नेता हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**
मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के धनगावां खेल मैदान में रविवार को डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख मिकी देवी, सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, मुखिया अशोक भुइयां, लोक सभा के भावी प्रत्याशी दिलीप साव, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फुटबॉल को किक मारकर किया। टूर्नामेंट डायमंड स्पोर्टिंग क्लब धनगावां गम्हरिया के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन मैच चांद क्लब चईया बनाम उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हारिया के बीच खेला गया, जिसमें निर्णायक की भूमिका धनंजय कुमार सिंह ने निभाई। आयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में सोलह टीमें ने भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में रूपेश कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, बलराम चंद्रवंशी मुख्य भूमिका निभाई। मौके पर समाजसेवी प्रदीप साव, प्रदीप राणा, शिक्षक विकास सिंह, संतोष सिंह समेत दर्जनो की संख्या में खेल प्रेमी शामिल थे।

# टीम ने किया अल्ट्रासाउंड व क्लीनिकों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
शहर में संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड मशीन और क्लीनिकों का पीसीपीएनडीटी की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, रेड क्रॉस कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र पाठक सहित अन्य सदस्यों ने सबसे पहले डॉक्टर नित्यानंद मंडल के अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड का रजिस्ट्रेशन से लेकर आने वाले मरीजों के निबंधन आदि की जांच की। इतना ही नहीं संचालित एक्सरे मशीन की भी जांच की गई। इस दौरान रेडियोलिस्ट नहीं पाए गए। उन्होंने मंडल को कई बिंदुओं पर सुधार करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात टीम अपोलो नर्सिंग होम पहुंची। वहां भी उन्होंने अल्टरसाइंड आदि की जांच की। इस दौरान 3 अल्ट्रासाउंड होम बंद भी पाए गए। निरीक्षण में सदर अस्पताल के सुनील यादव भी शामिल थे।

# फूलसु के टोंगरीटांड जंगल में पेड़ से लटका युवक का शव बरामद

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के फूलसु ग्राम निवासी जयदीप सिंह के पुत्र बिट्टू सिंह (22) का शव पेड़ से लटका हुआ टोंगरीटांड जंगल से पुलिस ने बरामद किया है। बताया जाता है की बिट्टू कोलयरी में लिफ्टिंग का काम करता था। प्रतिदिन बाइक से आना-जाना किया करता था। शनिवार को फूलसु के पास ही उसे खेल मैदान दोस्तों से बात करते देखा गया। युवक रात्रि में जब घर वापस नहीं आया तो परिजन खोजबीन करने लगे। मोबाइल में परिजनों द्वारा फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। लोकेशन से पता चला कि फूलसु से मात्र एक किमी दूरी पर मोबाइल फोन लगा था। ग्रामीण ने चारों ओर खोजबीन करने लगे तो फूलसु से सटे एक किमी दूर स्थित टोंगरीटांड जंगल में एक बरगद पेड़ से लटकता हुआ शव देखा गया। वहीं बाइक पड़ा हुआ था। चप्पल खोलकर पेड़ पर चढ़ने जैसा प्रतीत हो रहा था। शव को देखते ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सदलबल घटना स्थल पर पहुची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। पुलिस हर पहलु पर गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो पायेगा कि यह हत्या है या आत्महत्या। परिजनों सहित आसपास में मातम पसरा हुआ है।

# घटना के 28 घंटे बाद भी अपहृत छात्रा की नहीं हो पायी बरामदगी

## छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए एसपी ने गठित की एसआइटी



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बीते 7 अक्टूबर को दोपहर में ट्यूशन के लिए निकली छात्रा का घर के पास से ही अज्ञात बदमाशों द्वारा अपहरण किए जाने के दूसरे दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। हालांकि पुलिस दिन-रात छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए संभावित स्थान पर छापामारी कर रही है।

इस मामले में छात्रा के पिता ने बालूमाथ निवासी एक युवक पर उसकी बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने युवक को थाने में लाकर गहन पूछताछ की, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने छात्रा से जुड़ी सहेलियों, परिवार जन से भी जानकारी ली फिर भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीते शनिवार एसआईटी गठित कर दी थी एवं बालूमाथ प्रखंड से सटे सभी थानों एवं आसपास के जिलों में पुलिस को छात्रा का अपहरण की सूचना दी गई है।

**विरोध में दूसरी बार हुई सड़क जाम :** छात्रा की सकुशल बरामदगी नहीं होने के विरोध में ग्रामीणों ने दूसरी बार रांची-चतरा मुख्य मार्ग को थाना गेट के सामने जाम कर दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने 7 अक्टूबर को भी थाना चौक के सामने जाम लगाया था। लोगों ने यथाशीघ्र छात्रा को बरामद करने की मांग की है।

# नक्सली हमले में शहीद हुए विनय भारती और अन्य पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
8 अक्टूबर 2005 में नक्सली हमले में शहीद हुए डीएसपी विनय भारती सहित अन्य पुलिस व सीआरपीएफ कर्मियों को रविवार को पुलिस विभाग द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। शहीद विनय भारती पार्क में लगे उनकी प्रतिमा पर एवं उनके साथ शहिद हुए सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट जेडई अमर व बारह जवानों को भी एसपी राकेश रंजन, अन्य पुलिस पदाधिकारी, जिले के पत्रकार और पुलिस जवानों द्वारा माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

ज्ञात हो कि माओवादी हमले में प्राण की आहुति जांबाज डीएसपी, सहायक कमांडेंट ने आठ अक्टूबर 2005 को दी थी। विनय भारती की याद में डीसी आफिस के समीप चतरा-इटखोरी मार्ग पर एक पार्क का निर्माण किया गया है। श्रद्धांजलि देने के क्रम में एसपी श्री रंजन बोले शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है घटना से हम सभी संकल्प लेते है कि उनके अधूरे सपना को नक्सल के विरुद्ध अभियान चला कर नक्सल मुक्त राज्य स्थापित करें। शहीदों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनय भारती, सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट जेडी अमर, कुंदा थाना प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा, जोरी थाना प्रभारी कोला तीगा, इंद्रदेव सिंह, नागेंद्र कुमार वत्स, केदारनाथ, विक्रम समद, सरयू प्रसाद, सनी लाल मुर्मू, जागेश्वर राय, लाल बिहारी यादव, राम शर्मा एवं प्रकाश कुमार शामिल थे। मौके पर पुलिस अधिकारी के साथ जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने भी शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धासुमन श्रद्धांजली अर्पित किए।

# आदिवासी युवा कार्यक्रम में भाग लेने को टीम रवाना

**लातेहार।** पंजाब के चंडीगढ़ में आगामी 10 से 16 अक्टूबर तक 15वीं आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 20 युवाओं की टीम रविवार को चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई। बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेके जोशी और नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी युवा सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन व नेहरू युवा केंद्र लातेहार के संयुक्त तत्वावधान में भाग लेने गये हैं। एनवाईके की जिला युवा अधिकारी कंचन ने बताया कि आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 10 से 16 अक्टूबर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा।

# आदिवासी बहुल गांव में लगाया रक्तदान शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**
जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बहुल गांव बसरिया में रविवार को रक्तदान को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के सचिव राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक तथा वोलेंटरी ब्लड डोनेशन एशोशियेसन के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमरिया डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्सी, एनएसएस के सूचित कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य के साथ एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई।

**वन महोत्सव कार्यक्रम** | श्रम मंत्री ने की टंडवा में की ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा

# वक्ताओं का वन्यजीवों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रोल हाई स्कूल मैदान में वन महोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए, जिनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उसके बाद के बाद मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का भोक्ता ने शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रकाश डाला गया।

वहीं मंत्री ने सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के आग्रह पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत टंडवा में ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा भी की। वहीं डीएफओ मुकेश कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अभियान चलाकर लोगों को वन संरक्षण के लिए जागरूक तथा प्रोत्साहित किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र में वनों के संकुचन तथा एनओसी संबंधित पूछे गये सवाल के जबाव में बताया गया कि देशहित को देखते हुए विभाग द्वारा अनापत्ति दी जा रही है। नियमानुसार प्रबंधन से चार गुणा पौधरोपण क्षेत्र या समतुल्य मूल्य एवं उसपर लगाये जाने वाले पेड़ों का 10 वर्षों तक रख-रखाव का खर्च भी वसूल करती है। वहीं वन विभाग की ओर से हाथी भगाने वाले दो सायरन मशीन समेत अभियान के दौरान 5 से 8 वर्ग के स्कूली बच्चों में वन्य प्राणी चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेता प्रथम अदिति राज, द्वितीय शिवरंजन कुमार, तृतीय नैना कुमारी तथा 9 से 12 वर्ग के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय निशु कुमारी एवं तृतीय अंकित साहु पुरस्कृत किये गये। निबंध प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 8 के प्रथम प्रेरणा कुमारी, द्वितीय नंदनी कुमारी तथा तृतीय बादल एवं वर्ग 9 से 12 वर्ग के प्रथम मधु कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी तथा तृतीय रिंकी कुमारी समेत अन्य 17 को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर प्रशिक्षु अधिकारी वाग पवन शालिग्राम, रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, सीओ राजेंद्र दास, बीडीओ रामनारायण खलखो, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुभाष यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी, सहायक शिक्षक सुमन भारतीय समेत स्कूली बच्चे, वनकर्मी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद थे।

# एआईएमआईएम की जिला कोर कमेटी की बैठक, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लिमीन चतरा जिला कोर कमेटी की एक दिवसीय बैठक थाना रोड स्थित केशव पैलेस में रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष हाफिज मनव्वर हुसैन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चतरा नगर कमेटी का विस्तार किया गया और पूरे जिले में एआईएमआईएम के परचम को लहराने एवं मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में दूर-दूर से आए सारे कार्यकर्ताओं को बारी-बारी से अपना अपना परिचय दिया। इसमें प्रतापपूर प्रखंड से आए जनाब शहंशाह अख्तर खान ने अपने भाषण में कहा कि एआईएमआईएम सिर्फ मुसलमानों की पार्टी नहीं है। ये पूरे भारत में दबे, कुचले, पिछड़े एवं असल सेकुलर कहने वाले हिंदुओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। खान ने कहा कि अगर किन्हीं को इस बात पर शक हो तो वह एक बार हैदराबाद के दारुस सलाम को चले जाएं और वहां जाकर अपनी आंखों से देख लें कि ये पार्टी कौन-कौन से धर्म के मानने वालों का साथ देती है। दारुस सलाम के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं हर व्यक्ति के लिए, चाहे वह किसी भी धर्म का मानने वाले हों या किसी भी समाज से जुड़े हुए हों सबके हक के लिए लड़ाई लड़ी जाती है। मंच का संचालन मो. शकील अहमद ने किया। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य मुमताज अहमद, हाफिज शाहनवाज, मो. आदिल, अदनान अयूबी, मो. शकील अहमद, हाफिज मनौवर, मो. अली हसन, मौलाना मकसूद, मो. इमरान (मुन्ना), नूर मोजस्सम, हाफिज नौशाद के अलावे इटखोरी, मयूरहंड, कान्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, चतरा सदर प्रखंड के कार्यकर्ता शामिल थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे से पहले कश्मीर में बढ़ाई गई सुरक्षा

**श्रीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 11 अक्टूबर की यात्रा से पहले रविवार को पूरी घाटी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। राष्ट्रपति 11 अक्टूबर को कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। देश की राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा होगी। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों/स्कॉलर्स को पुरस्कृत करेंगी। दीक्षांत समारोह में 400 छात्रों/स्कॉलर्स को स्वर्ण पदक, पीएचडी और एम.फिल की डिग्रियां मिलेंगी।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज से 12 अक्टूबर तक इटली व फ्रांस के दौरे पर

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह 09 से 12 अक्टूबर तक इटली और फ्रांस का दौरा करेंगे। अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण के दौरान रक्षा मंत्री का रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रिसेटो से मिलने का कार्यक्रम है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

### अत्तिबेले पटाखा गोदाम में हादसे में 14 लोगों की गई जान

**बेंगलुरु।** तमिलनाडु से सटे सीमावर्ती शहर अत्तिबेले में शनिवार को पटाखा गोदाम में लगी आग में मरने वालों की संख्या आज सुबह बढ़कर 14 हो गई। पटाखा गोदाम में 35 लोग काम कर रहे थे। राज्य सरकार ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इस हादसे नवीन, राजेश वेंकटेश, संजय, राजेश, चंद्रू और पाल कबीर बुरी तरह झुलस गए हैं। इनको बेंगलुरु के ऑक्सफोर्ड और सेंट जॉन्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार कल देरशाम घटनास्थल पर पहुंचे। शोक संतप्त परिवारों से मिले। उन्हें प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। सेंट्रल रेंज के डीआइजी डॉ. बीआर रविकांतेगौड़ा ने कुछ शवों की पहचान नहीं हो पा रही है।

### मणिपुर : मंत्री वाई खेमचंद के आवास पर फेंका बम, सीआरपीएफ जवान घायल

**इंफाल।** इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई के युमनाम लेइकाई में मणिपुर के मंत्री वाई खेमचंद के आवास के गेट के पास शनिवार रात अज्ञात बाइक सवारों ने हथगोला फेंका। इस हथगोले के विस्फोट से सुरक्षा में तैनात एक सीआरपीएफ जवान घायल हुआ है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि दोपहिया वाहन पर सवार अज्ञात दो लोगों ने मंत्री के आवास के गेट की ओर हथगोला फेंककर भाग गए। यह बम आवास परिसर के अंदर फटा।

# वायु सेना हमारे देश की ताकत और संकल्प का प्रतीक : सीडीएस



**एजेंसी। प्रयागराज**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान रविवार को वायु सेना दिवस पर प्रयागराज में आयोजित वार्षिक परेड में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वायु सेना ने वैश्विक वायु सेनाओं के साथ युद्धाभ्यास करके अपने पड़ोसी क्षेत्र में प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता विकसित की है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने देश की ओर से लड़े गए सभी युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और दंडात्मक हवाई हमले किए हैं। मुसीबत के समय भारतीय प्रवासियों को संघर्ष क्षेत्रों से निकाला है और मानवीय सहायता और आपदा के माध्यम से राहत प्रदान की है। भारतीय वायुसेना के पास मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में नियमित और सफल भागीदारी का एक समृद्ध इतिहास है। साथ ही वैश्विक वायु सेनाओं के साथ युद्धाभ्यास किए हैं, जिससे निकटतम पड़ोस में और हमारे विस्तारित वातावरण में भी प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता विश्वसनीय रूप से स्थापित हुई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी रक्षा उत्पादन के माध्यम से क्षमता विकास को प्रोत्साहित किया है। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के रूप में बल गुणकों की क्षमता बढ़ाने, कल के युद्ध से लड़ने के लिए अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं का उपयोग करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित निर्णय उपकरण और स्वार्म मानव रहित युद्ध प्रणाली जैसी नवीनतम तकनीक को शामिल करने वाली प्रणालियों की दिशा में एक सराहनीय प्रयास किया गया है।

जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारतीय वायुसेना आधुनिकीकरण, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ 21वीं सदी की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। इस 91वें स्थापना दिवस पर हम सभी वायु सेना के सम्मान में एक साथ खड़े हों और उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करें, जो हमारे आसमान की रक्षा करने और हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ऊंची उड़ान भरते हैं। यह हमारे देश की ताकत और संकल्प का प्रतीक बना रहेगा। भारतीय वायुसेना सदैव गौरव की नई ऊंचाइयों को छुए।

### बदल गया वायुसेना का ध्वज, एयर चीफ मार्शल चौधरी ने किया अनावरण



**भारतीय** वायुसेना का 91वां स्थापना दिवस समारोह इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में दर्ज हो गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रविवार को नए वायुसेना ध्वज का अनावरण किया। वार्षिक परेड में वायु योद्धाओं को 'जोश' से भरे कदम मिलाते हुए देखा गया। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 08 अक्टूबर,2023 की तारीख भारतीय वायुसेना के इतिहास में ऐतिहासिक अवसर के रूप में दर्ज हो गई। भारत की ड्रोन शक्ति का प्रदर्शन वायुसेना के नए ध्वज के साथ किया गया। इसके बाद निशान टोली ने नए ध्वज के साथ सलामी मंच के सामने से गुजरकर मान्यता दी, जिसका अभिवादन सभी लोगों ने अपनी-अपनी जगह खड़े होकर किया। इतिहास में पीछे जाएं, तो आजादी से पहले वायुसेना ध्वज के ऊपरी हिस्से में अंग्रेजी हुकूमत की झलक मिलती थी। स्वतंत्रता के बाद भारतीय वायु सेना का झंडा बदला गया। यूनियन जैक को भारतीय तिरंगे के साथ मिलाकर वायुसेना का फ्लैग तैयार हुआ। अब भारतीय वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए नया ध्वज बनाया गया है। नए झंडे के ऊपरी दाएं कोने में फ्लाई साइड की ओर वायु सेना क्रेस्ट को शामिल किया गया है। वायुसेना स्टेशन बमरौली को वार्षिक औपचारिक परेड की तैयारियों के अनुरूप तैयार किया गया। सबसे पहले पैरा हैंड ग्लाइडर्स ने परेड स्थल पर आकर आगंतुकों का स्वागत किया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से जवाब दिया। इसके बाद एएन-32 विमान से आकाशगंगा टीम के 10 वायु योद्धाओं ने 10 हजार फीट की ऊंचाई पर आसमान में कूदकर पैराशूट के जरिए परेड स्थल पर उतरने का प्रदर्शन किया। तीनों सेनाओं के बैंड ने संगीतबद्ध प्रस्तुति करके दर्शकों का दिल जीत लिया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी (परेड के समीक्षा अधिकारी) ने सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद परेड कमांडर के नेतृत्व में मार्चिंग टुकड़ियों का सलामी मंच के सामने से गुजरने का सिलसिला शुरू हुआ। कई महिला अधिकारियों ने भी मार्चिंग टुकड़ियों का नेतृत्व किया। परेड में भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और बमरौली वायुसेना स्टेशन (सेंट्रल एयर कमांड) के एयर कमांडिंग ऑफिसर आरजईकए कपूर भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी अपने इनोवेटिव स्किल पर काम करें : निर्मला




**एजेंसी। वाराणसी**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत में प्रतिदिन 20 भाषाओं में 900 टेली काउंसलर 3000 छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की सलाह देते हैं। 03 लाख छात्रों की काउंसिलिंग हो चुकी है। सरकार ने 24 गुणे 07 टेली-मेंटल हेल्थ सेवा लांच की है। 900 ट्रेंड टेली काउंसलर तैयार किए गए हैं। इस सेवा को टेली मानस कहा गया है। सभी टेली कॉलर मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य पर छात्रों की काउंसलिंग कर रहे हैं। केन्द्रीय वित्तमंत्री आईआईटी बीएचयू के स्टूडेंट काउंसिलिंग सर्विसेज की ओर से स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित मेंटल वेलनेस वीक का उद्घाटन कर विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईआईटी के छात्र-छात्राओं का आह्वान कर कहा कि अपने इनोवेटिव आइडिया और दिमाग को भारत के विकास में निवेश करें। आप सिर्फ नौकरी के लिए अध्ययन न करें। हमेशा इनोवेटिव स्किल पर काम करें। शिक्षा आप अपने प्रतिभा और कौशल पर अर्जित करते हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का बेस्ट प्लेस है, आपकी इच्छा हो तो आप जॉब करने दुनिया में कहीं भी जाएं लेकिन वापस आकर इस देश के लिए भी कुछ करना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने छात्रों के सवाल का जबाब देते हुए कहा कि मेंटल स्ट्रेस हो या कोई और तनाव, इसके पीछे कई वजह होती हैं। प्रतिस्पर्धा सबसे बड़ी वजह है। इसलिए हेल्दी प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। अच्छे अंक या कम अंक पाने पर परिजन, मित्र कैसी प्रतिक्रिया देते हैं, यह जरूरी है। नकारात्मक प्रतिक्रिया छात्र के मेंटल स्ट्रेस के पीछे सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने कहा कि लाखों साल में भारतीय सभ्यता का विकास हुआ। भारत के परिप्रेक्ष्य में मेंटल वेलनेस काफी जरूरी मुद्दा है। सरकारें स्टूडेंट्स के मेंटल वेलनेस को लेकर क्या कर रही है। हमने बड़ा कदम उठाया है। भारत सरकार ने इस वर्ष के बजट में 1200 करोड़ रुपये मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही आवंटित किए हैं जिसका लाभ मिल रहा है। इसके अलावा आयुष्मान भारत में भी मानसिक रोगियों के इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि युवा अपने कार्य और जीवन में एक बेहतर संतुलन बनाकर चलें जिससे कि वह कम से कम तनाव में रह सके।

# मारोग सुरंग के साथ 250 मीटर सेतु का निर्माण पूरा : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में 395 मीटर (2-लेन) मारोग सुरंग के साथ 250 मीटर सेतु का 82 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। गडकरी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अवसंरचना एनएच-44 के रामबन से बनिहाल खंड के साथ स्थित है। बड़ी परियोजना के हिस्से के रूप में यह 645 मीटर का खंड, न केवल यात्रा की दूरी को 200 मीटर तक कम कर देगा,



बल्कि खड़ी ढलानों को भी कम करेगा। इससे प्रसिद्ध सीता राम पासी स्लाइड क्षेत्र के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यह चुनौतीपूर्ण मार्गों की ढलानों को दरकिनार करते हुए वाहनों के सुचारू प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है।

गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हमने जम्मू और कश्मीर में अद्वितीय राजमार्ग बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि यह रूपांतरकारी विकास न केवल क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देता है बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में इसके आकर्षण को भी बढ़ाता है।

# बिहार : बीते 24 घंटों में डूबने से 22 की मौत

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, मृतक आश्रितों को मिलेंगे चार-चार लाख रुपये



**एजेंसी। पटना**

बिहार में बीते 24 घंटों के दौरान नौ जिलों में डूबने से 22 लोगों की मौत हुई है। इनमें भोजपुर में 05, जहानाबाद में 04, पटना में 03, रोहतास में 03, दरभंगा में 02, नवादा में 02, मधेपुरा में 01, कैमूर में 01 तथा औरंगाबाद में 01 व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने के निर्देश दिये हैं।

## राजनीति

### राजस्थान में बीजेपी ने नहीं पेश किया है सीएम चेहरा

# पीएम मोदी से होगा गहलोत का मुकाबला

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत में सीधा मुकाबला है जो इसे 2013 और 2018 की पिछली विधानसभा चुनावों से अलग करता है। उन चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फ्रंटफुट पर रहकर नेतृत्व किया, लेकिन इस बार अशोक गहलोत खुद फ्रंटफुट पर खेल रहे हैं। दूसरा अंतर यह है कि 2013 और 2018 के चुनावों को वसुंधरा बनाम गहलोत मुकाबले के रूप में पेश किया गया था, हालांकि, इस बार राजे तस्वीर में नहीं हैं। ऐसे में साफ जाहिर है कि इस बार मुकाबला मोदी बनाम गहलोत होगा। मोदी आठ बार राज्य आ चुके हैं और चुनावी राज?य में नियमित अंतराल पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह की जनसभाएं भी होती रहती हैं।



इसके अलावा, भाजपा ने स्थानीय नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों को भी मैदान में उतारा है। भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' में हिस्सा लेने के लिए नड्डा, अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और 10 से ज्यादा केंद्रीय मंत्री राजस्थान का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी की तीन और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी की एक-एक जनसभा हो चुकी है। इसके अलावा सचिन पायलट ने अपने स्तर पर कुछ सभाएं की हैं। लेकिन गहलोत अब तक 100 सभाएं कर चुके हैं।

दरअसल, राज्य का बजट पेश करने के तुरंत बाद वह चुनावी मोड में आ गये थे और जिलों का दौरा शुरू कर दिया था। बजट में मुफ्त मोबाइल फोन समेत कई लोकलुभावन घोषणाओं के साथ बजट पारित होने वाले दिन नए जिलों की घोषणा कर राजनीतिक कहानी बदलने की कोशिश की गई। अब समझते हैं कि मोदी बनाम गहलोत की पटकथा कैसे रची गई। भाजपा ने 2003 से लेकर पिछले चुनाव तक अपना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करके चुनाव लड़ा। ऐसे में इसे राजे बनाम गहलोत या राजे बनाम कांग्रेस की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा था। इस बार भाजपा सामूहिक नेतृत्व पर चुनाव लड़ने जा रही है। मोदी ने घोषणा की है कि चुनाव के दौरान भाजपा का प्रतीक 'कमल' पार्टी का चेहरा होगा।

इससे साफ है कि राजस्थान से कोई भी एक नेता इन चुनावों में चेहरा नहीं होगा। पीएम चेहरा होंगे जबकि अन्य नेता किनारे पर रहेंगे। भाजपा द्वारा राजस्थान के किसी भी नेता को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं करने से अब चुनाव में मोदी बनाम गहलोत की कहानी दिखाई दे रही है।

साथ ही मोदी ने राजस्थान में अब तक अपनी आठ सभाओं में सीएम का नाम लेकर गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने हर सभा में गहलोत-पायलट विवाद, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और लाल डायरी जैसे मुद्दे उठाकर गहलोत पर सियासी हमले भी किए हैं। मोदी के हमले के बाद भाजपा ने भी उतनी ही ताकत से राजनीतिक हमले करना शुरू कर दिया।

पीएम द्वारा गहलोत पर निशाना साधने के बाद राजनीतिक कहानी पीएम बनाम सीएम के रूप में देखी जाने लगी। गत 27 सितंबर को जयपुर में 'मिशन 2030' के जनसंवाद कार्यक्रम में गहलोत ने कहा, "अगली बार जब प्रधानमंत्री राजस्थान आएं तो उन्हें गारंटी देनी होगी कि अगर आपकी (बीजेपी) सरकार आएगी तो हमारी कोई भी योजना बंद नहीं होगी। उन्हें गारंटी देनी चाहिए कि पुरानी पेंशन योजना रहेगी। हमने जो 25 लाख रुपये का बीमा दिया था वह रहेगा। हमने कानून बनाए हैं, अगर मोदी सरकार वापस आती है तो वे बने रहेंगे।

## FILMY हलचल

### इजराइल से सुरक्षित भारत लौटीं नुसरत भरूचा, चेहरे पर दिखी टेंशन



**इजराइल** और फिलिस्तीन में जंग के बीच फंसी बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा सुरक्षित भारत लौट आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए एक्ट्रेस का एक वीडियो भी सामने आया है। उनके चेहरे पर परेशानी साफ दिखाई दे रही है। वह क्रेप कलर का ट्रैक पैंट और स्वेटशर्ट पहने नजर आईं। वह एयरपोर्ट से निकलकर सीधे अपनी कार में बैठ गईं। नुसरत हाइफा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए इजरायल गई थीं। लेकिन इसी बीच वहां जंग छिड़ गई और एक्ट्रेस वहां फंस गईं। भारतीय दूतावास की मदद से उन्हें वापस हिंदुस्तान लाया गया। वह कनेक्टिंग फ्लाइट के जरिए आईं। इजराइल और हमास के बीच जंग तेज हो गई है। हमास द्वारा रात भर किए गए रॉकेट हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने गाजा पर हमला करना शुरू कर दिया है। इजराइल ने हमास के ठिकानों पर बुलडोजर चला दिया है। फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास ने इजराइल पर हमला बोलते हुए कई मिसाइलें दागी, जिसके चलते इजराइल के 300 से अधिक नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, वहीं 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी ने क्लोजर रिपोर्ट पर जताई आपत्ति



**फिल्म** एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया सिद्दीकी ने उत्पीड़न मामले में नवाजुद्दीन और उनके परिवार को क्लीन चिट दिए जाने पर आपत्ति जताई है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पोस्को अदालत ने आलिया को 7 अक्टूबर को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। आलिया सिद्दीकी ने 2020 में नवाजुद्दीन और अपने ससुराल वालों के खिलाफ उन्हें और उनकी बेटी को कथित रूप से परेशान करने की शिकायत दर्ज कराई थी। आलिया ने पुलिस क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए समय का अनुरोध किया। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) प्रदीप बालियान ने कहा, अदालत ने उन्हें अपना आवेदन जमा करने के लिए 9 नवंबर तक का समय दिया।

### पैपराजी पर फिर भड़कीं तापसी पन्नू, वीडियो वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और वीडियो एवं पोस्ट के जरिए अपने फैंस को अपडेट करती रहती हैं। इसी बीच तापसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तापसी तस्वीरें लेने आए पैपराजी पर गुस्सा करती नजर आ रही हैं। तापसी पन्नू और पैपराजी के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बारे में तो सभी जानते हैं। तापसी अक्सर पैपराजी को तमीज सिखाती नजर आती हैं। हाल ही में तापसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तापसी को देखते ही पैपराजी उनकी तस्वीरें लेने के लिए दौड़ पड़े। वीडियो में तापसी पैपराजी को एक तरफ हटने के लिए कहती हैं, लेकिन पैपराजी हट ही नहीं रहे थे। आखिरकार तापसी को गुस्सा आ गया और उन्होंने पैपराजी को खरी-खोटी सुना दी। तापसी ने कहा, "एक तरफ हट जाओ वरना सदमे के कारण वापस कहोगे"

यह पहली बार नहीं है जब तापसी ने पैपराजी पर गुस्सा निकाला हो। तापसी पन्नू पहले भी कई बार पत्रकारों और पैपराजी पर भड़क चुकी हैं। कुछ दिनों पहले तापसी का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह अपनी कार में बैठती नजर आ रही थीं लेकिन पैपराजी उनकी कार का दरवाजा पकड़े हुए थे। वह काफी गुस्से में थीं और उन्होंने फोटोग्राफर्स को ऐसा न करने के लिए डांटा था। इसके अलावा, फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट में उनकी पैपराजी से बहस भी हुई थी।

तापसी के काम की बात करें तो वह शाहरुख खान के साथ फिल्म "डंकी" में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है। "डंकी" के बाद तापसी की फिल्म "हसीन दिलरुबा" और "वो लड़की है कहा" रिलीज होंगी।

## गागर में सागर

### लव जिहाद और धर्मांतरण झारखंड सहित पूरे देश में बड़ी समस्या : अशोक तिवारी

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय धमार्चार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में लव जिहाद और धर्मांतरण बड़ी समस्या है। लव जिहाद के कारण कई बेटियां मारी जा रही हैं। इसपर अब बजरंग दल के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभायें। अपने क्षेत्र में टोला बनाकर ऐसे राष्ट्र विरोधी दुराचारी ताकतों पर पैनी नजरें रखें और इनकी लिस्ट तैयार करें। तिवारी रविवार को विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान में आयोजित शौर्य जागरण यात्रा और धर्म सभा में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भोले-भाले आदिवासियों को जिस तरह से धर्मांतरित कर दबाव में धर्म परिवर्तन करने का काम हो रहा है, यह गलत है। इसपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में बांग्ला घुसपैठियों की धमक इस बात का संकेत है कि यह पूरी तरह से राजनीतिक विद्वेष है। इसके तहत एक प्लान के साथ राज्य में घुसपैठिया आ रहे हैं। यहां के लोगों को नुकसान हो रहा है।

### मुक्ति संस्था ने 35 अज्ञात शव का किया सामूहिक दाह संस्कार



**रांची।** मुक्ति संस्था की ओर से रविवार को जुमार नदी के तट पर 35 अज्ञात शव का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया । मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था की ओर से अबतक कुल 1623 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, अमित किशोर, रतन अग्रवाल, राजेश विजयवर्गीय, सीताराम कौशिक, सुनील अग्रवाल, संदीप पपनेजा, सौरभ बथवाल ,सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति कर रहा काल्पनिक मंदिर का निर्माण



**रांची।** मोरहाबादी के चिरौंदी स्थित वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर ने रविवार को बताया कि इस बार काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसमें स्थानीय कलाकृतियों की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 30 फीट और मां की प्रतिमा 10 फीट ऊंची होगी। पंडाल निर्माण में लगभग 18 लाख रुपए खर्च होंगे। पंडाल के अंदर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बाहर भी एक किमी से ज्यादा लाइटिंग से पूरा चिरौंदी - बोड़ेया रोड रौशन होगा। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष लाइटिंग लगाई जा रही है। बंगाल के 20 कारीगर पंडाल निर्माण के कार्य में जोर-शोर से लगे हैं।

### डेंगू का कहर जारी : झारखंड में डेंगू के मिले 135 संदिग्ध, तीन में पुष्टि

**रांची।** झारखंड में अभी डेंगू का कहर जारी है। शहर लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका प्रकोप देखने को मिल रहा है। इस बिमारी से लोग काफी डरे हुए हैं। इस बिमारी को लेकर अस्पताल में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। मरीजों को बेड तक नहीं मिल पा रहा है। राज्य में रविवार को डेंगू के 135 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें से 123 मरीजों ने जांच कराया। इनमें तीन में डेंगू की पुष्टि हुई है। दो मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले में मिले हैं। जबकि एक मरीज कोडरमा जिले में मिला है। वहीं चिकनगुनिया के 12 संदिग्ध मरीज राज्य में मिले हैं। सभी संदिग्ध देवघर जिले के हैं। जांच के बाद किसी में भी चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शौर्य जागरण यात्रा संपन्न और धर्म सभा का आयोजन

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का शंखनाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा में विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा संपन्न हुआ। श्री जगन्नाथ मैदान में धर्म सभा का आयोजन किया गया । इस मौके पर संत-महंत के साथ, समस्त हिंदू समाज, हिंदू संघठन ने श्री रामजन्मभूमि अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का शंखनाद आमंत्रण में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित, प्रणवोच्चार एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र रंगनाथ महतो के उच्चारण के साथ किया गया। अतिथियों का परिचय और स्वागत माला और अंगवस्त्र देकर किया गया। स्वागत भाषण तिलक राज मंगलम, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया। इस धर्म सभा में संत महंत और अखिल भारतीय अधिकारियों द्वारा उद्बोधन किया गया, जिसमें महामंडलेश्वर सूर्यनारायण दास महत्यागी महाराज, स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने अपने यात्रा का अनुभव एवं शिलान्यास कार्यक्रम के संदर्भ में बताया। बाल विदुवि साध्वी लाडलीशरण ने मातृ शक्ति जागरण के संदर्भ में अशोक तिवारी, चंद्रकांत रायपत ने धार्मिक न्यास बोर्ड के वर्तमान धार्मिक घुसपैठ के बारे में बताया। स्वामी भूतेशानंद महाराज ने सेवा के महत्व के बारे में बताया। वीरेंद्र विमल ने झारखंड के महापुरुषों का प्रक्रम की व्याख्या की। दीपक ठाकुर ने इसे शौर्य जागरण यात्रा का उददेश्य को बताया। जन्मेजय कुमार, वीरेंद्र साहू, जगलाल शाही ने सत्संग के महत्व पर विचार प्रकट किए। कैलाश केसरी धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन मिथिलेश्वर मिश्र और दीपक ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक तिवारी विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय धमार्चार्य संपर्क प्रमुख, महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी सूर्य नारायण दास महात्यागी, जगन्नाथ शाही, रामस्वरूप रोंगटा, क्षेत्रीय अध्यक्ष, वीरेंद्र विमल क्षेत्रीय मंत्री, तिलकराज मंगलम कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, चंद्रकांत रायपत संयोजक धर्म सभा प्रांत उपाध्यक्ष, कृष्ण चैतन्य महाराज, सिद्धनाथ सिंह, जन्मजय कुमार क्षेत्रीय संयोजक बजरंग दल, परिपूर्णेन्दु जी महाराज चिन्मय आश्रम, गोकुल दस राम मंदिर चुटिया, ओमप्रकाश शरण तपोवन श्री राम जानकी मंदिर, भूतेशानंद जी महाराज भारत सेवा आश्रम संघ, सीताराम शरण, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, गोपी लाल जी गंगा प्रसाद यादव, सुभाष नेत्रगयालकर प्रांत उपाध्यक्ष, सुनील गुप्ता प्रांत उपाध्यक्ष मनोज पोद्दार प्रांत सहमंत्री, दीपक साहू रोहित राज, छोटू वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, भगीरथ पोद्दार, रोबिन महतो, रौशन चोधरी, विनोद विश्वकर्मा बजरंग दलमुख्य रूप से उपस्थित थे।

**शौर्य जागरण यात्रा में आये अतिथियों का परिचय और स्वागत माला व अंगवस्त्र देकर किया गया**

## लायंस क्लब ऑफ रांची के विश्व सेवा सप्ताह का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लायंस विश्व सेवा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को मेन रोड़ स्थित गुरुद्वारा के प्रांगण में विशाल लंगर का आयोजन किया गया। आज के लंगर में 400 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। आज के लंगर को पूर्व अध्यक्ष लायन अजय सखुजा एवं लायन पूनम सखुजा ने प्रायोजित किया था। पूरे सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन अलग अलग जगह समाज के कमजोर तबके के जरूरतमंद लोगों की भिन्न भिन्न जरूरत के अनुसार सेवा की गयी। आज के कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन परविंदरजीत सिंह, क्लब सचिव लायन डॉ पूनम निगम सहाय, पूर्व जिलापाल लायन सिद्धार्थ मजूमदार,पूर्व अध्यक्ष शुभरा मजूमदार, पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष लायन हरविंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजय सखुजा, पूर्व अध्यक्ष लायन श्याम सुन्दर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष लायन बी. पी. जायसवाल, लायन एम. पी. चोपड़ा, डॉ प्रदीप कुमार, अजय कुमार, मनीष गाडोदिया, सुनीता गाडोदिया, मंजुला जायसवाल, सुनीता चौधरी, बिना बंका, चेयरमैन लायन दिलिप बंका सहित बड़ी संख्या में लायन मेंबर्स ने आज के कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य समय देकर आज के सफल आयोजन में सहयोग किया।

### कांग्रेस में युवाओं को रखा जाता है आगे : अभिजीत राज

**रांची।** प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी ने रविवार को युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन का आयोजन रांची के गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जहां युवाओं को आगे रखा जाता है। उन्होंने जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया का नारा बुलंद किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी देश के उभरते नेता हैं। इसका डर भाजपा को सता रहा है। उनकी लोकप्रियता से भाजपा वाले बौखला गए हैं। उन्होंने कहा देश में तानाशाही सरकार है। देश के युवाओं ने बदलाव करने को लेकर ठान लिया है। नौजवान, किसान और महिलाएं त्रस्त हैं। इस सरकार में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं और नए कार्यकताओं को एक मंच पर लाने के लिए यह मिलन सम्मेलन किया गया है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शत-प्रतिशत पूर्ण हुआ। इसी तरह का कार्यक्रम 14 लोकसभा क्षेत्रों में करने की जरूरत है। एक माह में तिथि निर्धारित करके यह कार्यक्रम को सफलतापूर्ण किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह कांग्रेस का कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। जिस तरह सभी पूर्व पदाधिकारियों को एक मंच में लाने का कार्य किया गया वह सराहनीय है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जाए।

# कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमाल : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ गुमला।**

संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान बिशुनपुर विधानसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। आजाद भारत में आदिवासी समाज को सिर्फ.भाजपा ने सम्मान दिया है। अलग झारखंड राज्य की सौगात, अलग आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस, आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना और यहां तक कि आजादी के बाद पहली बार मोदी मंत्रिमंडल में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर गांव-गांव तक सड़क, पुल-पुलिया और बिजली पहुंचा। कांग्रेस शासन काल में शादी में बारात भी पैदल जाना पड़ता था। आज भाजपा के बनाये सड़कों की मरम्मत तक नहीं करवा पा रहे हैं हेमंत सोरेन। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले छह महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है, जिनमें से नौ व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग किया था। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मांगने के बावजूद नहीं मिलना सरकार के नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई होना ही चाहिए। भाजपा सरकार बनने पर जांच कराएगी और जिम्मेवार व्यक्ति के खिलाफ करवाई होगी। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार दलालों-बिचौलियों को सुरक्षा मुहैया करवा रही है जबकि व्यापारी वर्ग अपराधियों के निशाने पर हैं। व्यापारी मारे जा रहे हैं। श्री मरांडी ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को पनाह दे रहा है। इजराइल में हमास ने जिस प्रकार से हमला किया है यदि ऐसा गठबंधन रहा तो भारत की स्थिति भी यही होगी। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे में अब तक एक हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त हुई है। इससे भ्रष्ट दल बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचारियों से बचाना है। बिशुनपुर विधानसभा के लोगों को संकल्प लेकर जाना है फिर से 2024 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है।

## मुख्यमंत्री जातीय जनगणना पर जनता को बरगलाना बंद करें : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में हरमू स्थित कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई और पार्टी के भावी केंद्रीय समिति का स्वरूप तय किया गया। पार्टी में युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी के केंद्रीय समिति में 50 प्रतिशत युवा सदस्य होंगे , जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम होगी। इसके साथ ही समिति में 30 प्रतिशत महिला पदाधिकारी भी होंगी। सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य के आबादी के आधार पर केंद्रीय समिति में पदाधिकारियों को स्थान दिया जाएगा। राज्य के सभी प्रखंड और नगर निकाय से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने वाले कम से कम एक महिला एवं एक पुरुष केंद्रीय समिति में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी अनुशासन से ही लक्ष्य तक पहुंच सकती है। राज्य में पार्टी की जड़े मजबूत करनी होगी। पार्टी को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सभी पर होगी। सभी को मिलकर जिम्मेदारी लेते हुए तीन महीने के अंदर एक लाख सक्रिय सदस्यों को पार्टी से जोड़ना है। महाधिवेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के बड़ी आबादी पर महाधिवेशन का सकारात्मक असर है, लोग महाधिवेशन के सोच और प्रयास को सरहा रहे हैं। महाधिवेशन में लिए गए संकल्पों को अब धरातल पर उतारने का समय आ गया है।

### चाहे जितना जोर लगा लें सनातन नहीं होगा खत्म : जगन्नाथ सिंह

**रांची।** भारत देश का नाम भरत के नाम पर पड़ा। यह भूमि भगवान राम की है। धर्म विरोधी चाहे जितना जोर लगा लें सनातन को समाप्त नहीं कर सकते। समाप्त और अंत उनका होता है जिनकी शुरूआत हुई है। सनातन हजारों हजार वर्ष पुराना है। इतिहास में कई बार सनातन पर प्रहार किया गया है। इसे मिटाने का प्रयास किया है, लेकिन हर बार सनातन राख पर उठ खड़ा हुआ है। इस दौरान हर तरफ जय श्री राम, जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा था। मौका था जगन्नाथ मंदिर परिसर मैदान में आयोजित शौर्य रथ आगमन पर शौर्य जागरण यात्रा का। जहां सभी लोगों को भगवान राम की जन्मभूमि पर निर्मित हो रही राम मंदिर के लिए निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में शामिल जगन्नाथ सिंह केंद्रीय उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि भगवान राम का मंदिर अगले वर्ष बन जाएगा। अब बारी श्री कृष्ण मंदिर निर्माण की है।

## न्यू डेली मार्केट के अध्यक्ष हाजी हाशिम व महासचिव मो. इरफान बनें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रविवार को न्यू डेली मार्केट ट्रेड वेलफेयर एसोशिएशन के चुनाव संपन्न हुआ। हाजी मो हाशिम एसोसियेशन के चेयरमैन बने। दो साल के कार्यकाल वाली यह समिति अपने अच्छे कार्यो को लेकर आगे बढ़ रही है। यहीं कारण है कि 21 वर्षो से अध्यक्ष पद पर कामियाब होते रहे हैं हाजी मो हाशिम। न्यू डेली मार्केट ट्रेड वेलफेयर एसोशिएशन के चुनाव कनवीनर मिन्हाज आलम, उप कनवीनर मो नसीम, मो शमीम ने कहा की चुनाव शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सबसे अच्छी बात यह रही कि तीन पोस्ट पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिनमें महासचिव मो इरफान, उपाध्यक्ष मो इरशाद, कोषाध्यक्ष हाजी मुस्लिम निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष और उप सचिव का चुनाव हुआ। आपसी मोहब्बत के साथ चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष हाजी मो हाशिम, उप सचिव मो फिरोज निर्वाचित हुए। सदस्य में मो शमशाद चुने गये। ज्ञात हो कि सदस्य में 11 लोग का होना है, लेकिन मो शमशाद के अलावा कोई फार्म नहीं भरा। अब निर्वाचित टीम सदस्यों का चयन करेगी। कामियाब होने वाले सभी ओहदेदारों ने कहा की किसी की हार जीत नहीं है। हम लोग यानी न्यू डेली मार्केट के लोग एक परिवार हैं। परिवार की तरह मोहब्बत है। इंशाअल्लाह जो जिम्मेदारी एसोसिएशन ने दिया है हम सब उस पर खरा उतरने का कार्य करूंगा। मार्केट में किसी तरह की बात होने पर हम सभी आपस में मिल बैठकर उसे हल करने का प्रयास करूंगा। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जायेगा। जो भी ओहदेदारों को उनके सुपुर्द जो काम किया मिला है उसे अच्छी तरह से निभायेंगे और लोगों का साथ मिलकर चलेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**अनिवार्य नहीं होगी साल में दो...**

हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि विद्यार्थी तनाव मुक्त रहें।

इंजीनियरिंग के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सालाना दो लाख से अधिक विद्यार्थी देश भर से कोटा जाते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस साल कोटा में 23 छात्रों ने आत्महत्या की, जो वहां अब तक की सबसे अधिक संख्या है। पिछले साल यह आंकड़ा 15 था। प्रधान ने कहा कि अब समय आ गया है कि 'डमी स्कूलों' के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की जाए।

उन्होंने कहा,इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, ऐसे विद्यार्थियों की संख्या कुल विद्यार्थियों की संख्या की तुलना में बहुत अधिक नहीं है...अब समय आ गया है कि इस विषय पर गंभीर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है कि विद्यार्थियों को कोचिंग की आवश्यकता न पड़े। नीट और जेईई की तैयारी करने वाले कई उम्मीदवार अपने गृह राज्यों के स्कूलों में दाखिला लेते हैं और कोचिंग कक्षाओं के लिए कोटा जाते हैं।

ज्यादातर समय वे स्कूल नहीं जाते हैं और सीधे बोर्ड परीक्षा में शामिल होते हैं। 'डमी स्कूलों' के मुद्दे को कई विशेषज्ञों ने उठाया है, जिनका मानना है कि स्कूल नहीं जाने से छात्रों के व्यक्तिगत विकास में बाधा आती है और वे अक्सर अलग-थलग और तनावग्रस्त महसूस करते हैं। यह पूछे जाने पर कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सीएबीई) की पिछले तीन वर्षों में बैठक क्यों नहीं हुई, प्रधान ने कहा कि सीएबीई का पुनर्गठन किया जा रहा है।

**बेकाबू ट्रक ने तीन बच्चों को...**

सीधा करवाया ताकि आवागमन सुचारू तौर पर शुरू हो सके। ट्रक पलटने से ट्रक का चालक घायल हो गया था। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने उसे पकड़ कर उसकी पिटाई भी कर दी। उसका इलाज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं घटना में घायल तीसरा बच्चा भी खतरे से बाहर है।

**लोगों ने किया सड़क जाम :** हादसे में ट्रक ने एक खपरैल घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर शराब के नशे में था। इस घटना से आक्रोशित मसलिया बाजार के लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया। डीएसपी विजय कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

**जल जीवन मिशन के...**

शनिवार की देर रात अचानक एक दर्जन के करीब नकाबपोश कार्यालय में आ धमके और जो सामने मिला उसके साथ मारपीट की ,इस दौरान मारपीट करने वाले लोगों ने खुद को पीएलएफआई का उग्रवादी बताया और कहा कि जब तक लेवी के पैसे नहीं मिलेंगे यहां काम नहीं करने दिया जाएगा। जाते जाते उग्रवादियों ने एक कमरे को आग के हवाले भी कर दिया। देर रात हुए इस अचानक हमले की वजह से जल जीवन मिशन में काम करने वाले मजदूर और कर्मचारी दहशत में हैं।

**उग्रवादी घटना नहीं :** वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अंकित नाम के एक व्यक्ति की संलिप्तता पूरे मामले में सामने आई है। प्रारंभिक जांच में यह घटना उग्रवादी घटना नहीं लग रही है। गांव के ही कुछ युवकों के द्वारा जल जीवन मिशन के दफ्तर पर हमला किया गया है ऐसी सूचनाएं पुलिस के पास हैं। रांची के बेड़ो डीएसपी रजत मणि बखला ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियो पहचान की जा चुकी है उनके धर पकड़ के लिए पुलिस की टीम प्रयास कर रही है जल्द सभी पकड़े जाएंगे।

**आकर्षक पंडाल** | **पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू में भव्य पंडाल का निर्माण**

# गुजरात के श्री स्वामी नारायण मंदिर की तरह बन रहा पंडाल, लाइटिंग होगी आकर्षक का केन्द्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गापूजा आते ही शहर से लेकर ग्रामणी क्षेत्रों में पूजा पंडाल बनाने का कार्य शुरू हो गया है। लोग अपने- अपने क्षेत्रों में भव्य पंडाल तैयार करने की होड़ चल रही है। पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि बेहतर से बेहतर पंडाल निमार्ण करने का हमलोगों का ध्यान है। हरमू स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। बंगाल के 25 कारीगर करीब तीन महीने से निर्माण कार्य में दिन-रात काम में लगे हैं। समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष का पंडाल का गुजरात के श्री स्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप होगा। श्रद्धालुओं को उसी प्रकार के भव्य मंदिर का दर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए पिछले 11 जुलाई से ही कारीगर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 70 फीट रखी गई है, वहीं मां की मूर्ति की ऊंचाई 15 फीट बनायी जा रही है।

**विशेष आकर्षण:** प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष मुख्य आकर्षण पंडाल के बीच में बनाया जा रहा मां गंगा सरोवर होगा, जिसका आकार 8060 फीट होगा। इस सरोवर के बीच में 12 ज्योर्ति लिंग स्थापित किया जा रहा है। जो बाबा बैजनाथ धाम की तरह होगा। बाबा के बगल में ऋषि-मुनि होंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल को बनाने में 55-60 लाख खर्च किया जा रहा है। इस बार पंडाल के अंदर और बाहर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

**सुरक्षा का रहेगा खास इंतजाम:** इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर भी खास प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडाल परिसर और बाहर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा, पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही समिति के सारे पदाधिकारी व सदस्य सुरक्षा और विधि व्यवस्था को सही तरीके से बनाए रखने में तत्पर रहेंगे। सुरक्षा के लिए 50 स्वयंसेवक मुस्तैद रहेंगे वहीं 15 प्राइवेट सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।

इसके साथ ही बच्चों के लिए झूला और अन्य मनोरंजन का प्रबंध रहेगा। मंदिर का कपाट 19 अक्टूबर पंचमी के दिन खुलेगा।

समिति के मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। वहीं, समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, महासचिव राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार, शशि प्रकाश वर्मा, सचिव अमरेंद्र कुमार सिंह, संजय ठाकुर, शैलेश नागपाल एवं दिलीप कच्छप, सह-कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू एवं उदय सिंह राठौर सहित अन्य सदस्य प्रबंधन कार्य में जुटे हुए हैं।



# टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन

## एमएस धोनी के नाम पर भी है रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यह पहली बार हो रहा है कि विश्व कप की मेजबानी भारत अकेले कर रहा है। विश्व कप आते ही, हर टीम और खिलाड़ी यह खिताब जीतने की उम्मीद के साथ अपना ए-गेम लेकर आते हैं। विश्व कप के आयोजन में क्रिकेट के कुछ सबसे प्रभावशाली, गेम-चेंजिंग प्रदर्शन देखे गए हैं, जो टूर्नामेंट के लिए टीमों और खिलाड़ियों की भूख और तैयारी को उजागर करते हैं। क्रिकेट के इस महाकुंभ की शुरूआत के बाद से कई खिलाड़ियों ने खुद को इतिहास की किताबों में अमर कर लिया है। हम यहां वैसे ही कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करन वाले हैं। ऐसे करीब एक दर्जन प्रदर्शन हुए हैं जो टीम के लिए काफी जरूरी साबित हुए थे। टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम भी ऐसा एक प्रदर्शन दर्ज है, जो उन्हें इतिहास के पन्नों में अमर बनाता है।

### गौतम गंभीर (97) और एमएस धोनी (91) बनाम श्रीलंका : विश्व कप 2011 फाइनल



ये दोनों वो पारियां हैं जिन्होंने 28 साल बाद भारत को विश्व कप का गौरव वापस दिलाया। श्रीलंका के खिलाफ भारत 31/2 पर पिछड़ गया था। लेकिन फिर, गौतम गंभीर ने पलटवार करते हुए 122 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 97 रन बनाए। विराट कोहली के 35 रन पर आउट होने के बाद कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरे और गौतम के साथ चौथे विकेट के लिए 109 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। धोनी ने 79 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 91 रन बनाए। 2003 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली करारी हार से जुड़ा दुख विजयी छक्के के साथ दूर हो गया। माही ने अपने स्टाइल में मैच को खत्म किया और परिणाम भारत के पक्ष में था। भारत दूसरी बार विश्व विजेता बना।

### रिकी पोंटिंग (140) बनाम भारत : विश्व कप 2003 फाइनल



दुनियाभर में भारतीय दर्शकों ने तब राहत की सांस ली जब एडम गिलक्रिस्ट और मैथ्यू हेडन के बीच शुरूआती शतकीय साझेदारी खत्म हो गई। जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 125/2 पर सिमट गई। लेकिन इसके बाद होने वाली तबाही का अंदाजा किसी को नहीं था। रिकी पोंटिंग ने क्रीज पर कदम रखा और डेमियन मार्टिन (88*) के साथ साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजों पर जोरदार हमला बोला। भारतीय टीम आगे कोई विकेट नहीं ले सकी और पोंटिंग 121 गेंदों में चार चौकों और आठ गगनचुंबी छक्कों की मदद से 140* रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया 359/2 पर पहुंच गया। उन्होंने अपने कुल का आसानी से बचाव किया और भारत को खेल के इतिहास में सबसे कठिन हार का सामना करना पड़ा।

### मलिंगा (4/54) बनाम दक्षिण अफ्रीका : विश्व कप 2007



मलिंगा का जादू सिर्फ एक तेज गेंदबाज की तरह दिखता है। लेकिन इसके साथ ही मलिंगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने रॉबिन पीटरसन के विजयी रन बनाने तक 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 रन पर नौ विकेट गिराकर दक्षिण अफ्रीका को अपने 'चोकर्स' टैग को लगभग सही ठहराने के लिए मजबूर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एक बिना परिणाम वाला सुपर आठ मैच जीता, लेकिन मलिंगा ने इतिहास रच दिया।

### कपिल देव (175*) बनाम जिम्बाब्वे : विश्व कप 1983



भारत को अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जीतना जरूरी था, लेकिन पीटर रॉसन और केविन कुरेन ने कुछ घातक तेज गेंदबाजी से भारत की महत्वाकांक्षाओं पर पानी फेर दिया। जिससे भारत 17/5 पर सिमट गया। भारत को करारी हार का सामना करना पड़ता, लेकिन कपिल देव आखिरी उम्मीद थे। यह ऑलराउंडर भारत के लिए अंतिम संकटमोचक साबित हुआ, उसने 138 गेंदों में 16 चौकों और छह छक्कों की मदद से 175* रन बनाए। रोजर बिन्नी, मदन लाल और सैयद किरमानी के साथ साझेदारी करके कपिल ने भारत को 266/8 के उल्लेखनीय स्कोर तक पहुंचाया। भारत केवल वही मैच नहीं जीता, फाइनल में वेस्टइंडीज को हराकर वर्ल्ड ट्रॉफी भी घर ले आया।

### मार्टिन गुप्टिल (237) बनाम वेस्टइंडीज : विश्व कप 2015



जब क्रिस गेल ने 2015 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 219 रन बनाए और ऐसा करने वाले पहले गैर-भारतीय खिलाड़ी बने, तो ऐसा लगा कि गेल की पारी को वर्षों तक चुनौती नहीं दी जाएगी। हालांकि, कुछ ही दिनों बाद कीवी ओपनर मार्टिन गुप्टिल ने गेल की ही टीम के खिलाफ एक और मास्टरक्लास पेश किया। गुप्टिल ने वेस्टइंडीज के हर गेंदबाज की बेरहमी से पिटाई की और 163 गेंदों में 24 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 237 रन बनाए, जो आज तक विश्व कप के इतिहास में सर्वोच्च स्कोर और वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। न्यूजीलैंड ने विंडीज को 250 रन पर समेट दिया, जबकि लक्ष्य 394 का था।

### गैरी गिल्मर (28* और 6/14) बनाम इंग्लैंड : विश्व कप 1975

घरेलू मैदान पर खेलते हुए, 1975 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रबल दावेदार था। लेकिन तेज गेंदबाज गैरी गिल्मर ने ऐसा कहर बरपाया कि इंग्लैंड एक समय 37/7 पर सिमट गया और पूरी टीम 93 रन पर आउट हो गयी। बाद में 94 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट से जीत दर्ज की। गिल्मर ने बल्ले से नाबाद 28 रन बनाए। उन्होंने 12 ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट चटकाए।



### युवराज सिंह (113 और 2/18) बनाम वेस्टइंडीज : विश्व कप 2011



भारत और वेस्टइंडीज के बीच ग्रुप चरण का मैच एक मैच, अन्य मैच की तरह ही था जब तक कि भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह की खांसी के कारण पिच पर खून नहीं आया और उन्होंने ड्रेसिंग रूम में उल्टी नहीं कर दी। युवराज अनजाने में उन परिस्थितियों और समीकरणों के अलावा कैंसर के खिलाफ जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहे थे। लेकिन इसके बावजूद युवराज ने हार नहीं मानी, 113 रन बनाए और 18 रन देकर 2 विकेट लेकर भारत को मैच में जीत दिलाने में मदद की। इस मैच और प्रदर्शन ने युवराज के 2011 विश्व कप अभियान को परिभाषित किया। एक अलौकिक प्रयास जिसने उन्हें जीवन-घातक बीमारी से लड़ते हुए भारत को 28 साल बाद विश्व कप जीतने में मदद की। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 362 रन बनाए और 15 विकेट लिए।

### सौरव गांगुली (183) बनाम श्रीलंका विश्व कप 1999



श्रीलंका के खिलाफ भारत के ग्रुप चरण में, गांगुली ने विश्व कप इतिहास में किसी भारतीय द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक खेली। उनकी 158 गेंदों में 17 चौकों और सात छक्कों की मदद से 183 रन की पारी और राहुल द्रविड़ (145) के साथ 318 रन की साझेदारी ने भारत को 373/6 के मैच विजयी स्कोर तक पहुंचाया। इस दस्तक के कारण धीरे-धीरे पूरी भारतीय बल्लेबाजी में आक्रामक दृष्टिकोण का समावेश हो गया, जो बाद के विश्व कप में दिखाई दिया।

### चामिंडा वास (6/25) बनाम बांग्लादेश : विश्व कप 2003

बांग्लादेश-श्रीलंका के बीच ग्रुप स्टेज के इस मैच में तेज गेंदबाज चामिंडा वास ने पारी की पहली तीन गेंदों पर तीन विकेट चटकाए और विरोधियों को 0/3 पर ला खड़ा किया। उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में सबसे विनाशकारी हैट्रिक में से एक को पूरा किया। उन्होंने 9.1 ओवर में 6/25 का आंकड़ा पेश किया।

### इयोन मोर्गन (148) बनाम अफगानिस्तान : विश्व कप 2019

इंग्लैंड और अफगानों के बीच ग्रुप स्टेज मैच के दौरान, कप्तान इयोन मोर्गन ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों, खासकर स्पिनर राशिद खान पर क्रूर हमला किया। किसी को भी नहीं बख्शा गया क्योंकि मॉर्गन ने मैदान के किसी भी कोने को अछूता नहीं छोड़ा। उन्होंने 71 गेंदों में चार चौकों और 17 छक्कों की मदद से नाबाद 148 रन बनाए, जो एक वनडे पारी में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड 397 के मैच विजयी कुल तक पहुंच गया।

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 1 | 1 | 0 | +2.149 | 2 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | -1.438 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | -0.883 | 0 |
| बांग्लादेश | 1 | 1 | 0 | +1.438 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | +0.883 | 2 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | +2.040 | 2 |
| श्रीलंका | 1 | 0 | 1 | -2.040 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 1 | 0 | 1 | -1.620 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | -2.149 | 0 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | +1.620 | 2 |

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार, 9 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | हैदराबाद |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | धर्मशाला |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | श्रीलंका | हैदराबाद |
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

## 1983 वर्ल्ड कप से जुड़े कुछ रोचक तथ्य

भारतीय क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को अपना पहला वर्ल्डकप खिताब जीता था। वहीं टीम इंडिया ने इंग्लैंड के ऐतिहासिक मैदान लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। हालांकि उस दौरान कपिल देव टीम की कमान संभाल रहे थे। आइए जानते हैं, वर्ल्डकप 1983 से जुड़े कुछ अज्ञात रोचक फैक्ट्स।

**टीम इंडिया हारी थी तीन अभ्यास मैच :** आपको बता दें कि कपिल देव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने 1983 वर्ल्ड से पहले अपने चार अभ्यास मैचों में से तीन में हार सामना किया था। इतना ही नहीं इस दौरान भारत एक बेहद छोटी काउंटी टीम के खिलाफ भी हार गई थी।

**वर्ल्डकप से पहले केवल एक ही मैच जीत सकी थी भारत :** आपको बता दें कि 1983 वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया ने साल 1975 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र मुकाबले को जीता था।

**भारत ने वेस्टइंडीज को दो बार हराया :** वहीं साल 1983 से पहले वर्ल्डकप में वेस्टइंडीज टीम एक भी मैच नहीं हारी थी। वहीं वर्ल्डकप 1983 में भारत ने फाइनल समेत दो बार टीम को शिकस्त दी थी।

**विश्वकप में वेस्टइंडीज का सबसे छोटा स्कोर :** आपको बता दें कि टीम इंडिया ने साल 1983 वर्ल्ड में वेस्टइंडीज को मेहज 140 रनों पर ढेर कर दिया था। इससे पहले वेस्टइंडीज टीम का वर्ल्डकप में सबसे छोटा स्कोर 228 रनों का था। हालांकि भारत ने वर्ल्डकप में वेस्टइंडीज को उसके सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट कर दिया था।

**भारत के लिए पहला शतक लगाने वाला बल्लेबाज :** आपको बता दें कि साल 1983 वर्ल्डकप में पूर्व ऑलराउंडर कपिल देव ने अपनी बल्लेबाजी के अलावा अपनी गेंदबाजी से कहर ढाया था। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 175 रनों की पारी खेली थी और भारत के लिए पहला शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे।

**भारत के लिए पहली बार गेंदबाज ने लिए 5 विकेट :** पूर्व क्रिकेट कपिल देव ने साल 1983 वर्ल्डकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वहीं भारत के लिए ऐसा पहली बार हुआ था कि किसी गेंदबाज ने एक मैच में 5 विकेट लिए हो।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का प्रदर्शन :** आपको बता दें कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्डकप के दौरान 247 रन बनाए थे, जबकि इस दौरान सबसे ज्यादा रन यशपाल शर्मा ने 40 रन बनाए थे। इसके अलावा टीम इंडिया ने एक रिकॉर्ड को अपने नाम किया था। वनडे क्रिकेट में बिना किसी बल्लेबाज के 40 रन इतना स्कोर पहली बार खड़ा हुआ था।

**पांच मैचों में मिली थी लगातार हार :** आपको बता दें कि साल 1983 वर्ल्डकप सेमीफाइनल से पहले टीम इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंज में टीम इंडिया ने अपने पांचों वनडे मैच हारे थे।

**फाइनल और सेमीफाइल में मैन ऑफ द मैच :** आफको बता दें कि साल 1983 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल और फाइनल में भारत के मोहिंदर अमरनाथ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था और इसी के साथ अमरनाथ ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।

**श्रीकांत ने बनाया है वर्ल्डकप का सबसे छोटा स्कोर :** आपको बता दें कि वर्ल्डकप 1983 के दौरान श्रीकांत ने केवल 38 रन बनाए थे और यह वर्लडकप फाइनल का सबसे छोटा सर्वोच्च स्कोर है।

## स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 41 | 52 | 6 | 0 |
| मिचेल मार्श | 0 | 6 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ | 46 | 71 | 5 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 27 | 41 | 1 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 15 | 25 | 1 | 0 |
| एलेक्स कैरी | 0 | 2 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन | 8 | 20 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस | 15 | 24 | 1 | 1 |
| मिचेल स्टार्क | 28 | 35 | 2 | 1 |
| ऐडम जैम्पा | 6 | 20 | 0 | 0 |
| जॉश हेजलवुड | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 12, **कुल :** 10/199 (49.3 ओवर)

**विकेट पतन:** विकेट पतनः 1-5, 2-74, 3-110, 4-119, 5-119, 6-140, 7-140, 8-165, 9-189, 10-199. डीआरएस

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 10-0-35-2, मोहम्मद सिराज 6.3-1-26-1, हार्दिक पंड्या 3-0-28-1, रवि अश्विन 10-1-34-1, कुलदीप यादव 10-0-42-2, रवींद्र जाडेजा 10-2-28-3

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 0 | 6 | 10 | 0 |
| इशान किशन | 0 | 1 | 3 | 0 |
| विराट कोहली | 85 | 116 | 171 | 6 |
| श्रेयस अय्यर | 0 | 3 | 2 | 0 |
| के एल राहुल | 97 | 115 | 180 | 8 |
| हार्दिक पंड्या | 11 | 8 | 17 | 0 |

**अतिरिक्त :** 8, **कुल :** 4/201 (41.2 ओवर)

**विकेट पतन:** विकेट पतनः 1-2, 2-2, 3-2, 4-167. डीआरएस

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 8-0-31-1, जॉश हेजलवुड 9-1-38-3, पैट कमिंस 6.2-0-33-0, ग्लेन मैक्सवेल 8-0-33-0, कैमरन ग्रीन 2-0-11-0, ऐडम जैम्पा 8-0-53-0







# प्रकाश-संगीत के उत्सव के साथ प्रतिभागियों को विदाई

**एजेंसी। हांगझोऊ**

खेलों के इतिहास में पहला डिजिटल टर्फ पेश किया गया है, जो प्रौद्योगिकी और पारिस्थितिकी का अद्भुत मिश्रण है, और प्रौद्योगिकी तथा कला को एक करता है। हांगझोऊ ने प्रकाश, ध्वनि तथा संगीत के एक और सनसनीखेज प्रदर्शन के साथ 19वें एशियाई खेलों को अलविदा कहा और खचाखच भरे हांगझोऊ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में मौजूद हर एक व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। एलईडी लाइटों से सुसज्जित यह टर्फ सितारों के सागर की परिवर्तनशील छवियों को रेखांकित करने में सक्षम था। टर्फ लोगों और परिदृश्य के बीच संवाद स्थापित कर रहा था जो हांगझोऊ के प्राकृतिक दृश्यों की जीवंतता, और साझा बंधन तथा निकटता से जुड़ी एशिया की प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जब सैकड़ों एथलीट स्टेडियम में दाखिल हुए, भारतीय दल का नेतृत्व पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने किया जो मनप्रीत सिंह के साथ एशियाई खेलों में हॉकी में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले दो भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं।




यदि उद्घाटन समारोह विभिन्न रूपों में पानी पर केंद्रित था, तो समापन समारोह लोगों पर केंद्रित था और पूरे खेलों में एथलीटों के रोमांचक और मार्मिक क्षणों को प्रदर्शित करता था। साथ ही हजारों स्वयंसेवकों और हांगझोऊ तथा आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों का भी प्रतिनिधित्व करता था जिन्होंने इन खेलों को संभव बनाया।

समापन समारोह में स्पोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स की भावना, संस्कृति और खेल के बीच सामंजस्य और विचार तथा भावनाओं के बीच परस्पर संबंधों पर भी प्रकाश डाला गया, इस आशा के साथ कि यह एशियाई महाद्वीप में लाखों युवाओं को खेल में शामिल होने और भविष्य में इस आंदोलन को जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा।

एशिया ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने 19वें एशियाई खेलों के समापन की घोषणा की। उन्होंने हांगझोऊ में हाल के समय के सर्वश्रेष्ठ एशियाई खेलों के आयोजन के लिए हांगझोऊ के सभी हितधारकों और लोगों को धन्यवाद दिया और महाद्वीप के युवाओं को तीन साल बाद 2026 में जापान के आइची-नागोया में 20वें एशियाई खेलों के लिए इकट्ठा होने के लिए आमंत्रित किया।

# एशियाई खेलों में स्वर्ण विजेता महिला कबड्डी टीम का हिस्सा बनी हिमाचल की पांच बेटियां

**एजेंसी। धर्मशाला**

चीन में सम्पन्न हुए एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम में हिमाचल से पांच बेटियों ने हिस्सा लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन पांच बेटियों में दो खिलाड़ी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र साई धर्मशाला की प्रशिक्षु भी शामिल थीं। केंद्र साई धर्मशाला की पुष्पा राणा और ज्योति ठाकुर ने भी भारत की जीत में अपनी अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही सिरमौर जिला के शिलाई की ऋतु नेगी ने बतौर कप्तान तथा सुषमा और बिलासपुर की निधि ने भी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर भारत को महिला



कबड्डी में स्वर्ण दिलाने का काम किया। इन सभी ने अनुकरणीय खेल कौशल और अदम्य भावना का प्रदर्शन करते हुए हिमाचल का ही नहीं अपितु पूरे देश का नाम विश्व भर में उंचा किया है। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र साई धर्मशाला के प्रभारी राकेश जस्सल ने कहा कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र साई धर्मशाला को अपने खिलाड़ियों एवं एथलीटों के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है और केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार खेलों के ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो प्रतिभा को पोषित करता है तथा प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला की ओर से कबड्डी टीम की सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई भी प्रेषित की है ताकि साई धर्मशाला के अन्य प्रशिक्षु भी इन प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि धर्मशाला लौटने पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।

## एशियन गेम्स मेडल टैली सात अक्टूबर तक का

19th Asian Games

| रैंक | देश | सोना | चांदी | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 201 | 111 | 71 | 383 |
| 2 | जापान | 52 | 67 | 69 | 188 |
| 3 | कोरिया गणराज्य | 42 | 59 | 89 | 190 |
| 4 | भारत | 28 | 38 | 41 | 107 |
| 5 | उज्बेकिस्तान | 22 | 18 | 31 | 71 |
| 6 | चीनी ताइपे | 19 | 20 | 28 | 67 |
| 7 | थाईलैंड | 12 | 14 | 32 | 58 |
| 8 | उत्तर कोरिया | 11 | 18 | 10 | 39 |
| 9 | कजाकिस्तान | 10 | 20 | 48 | 80 |
| 10 | ईरान | 13 | 21 | 20 | 54 |